# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, गुरुवार 13 फरवरी 2025


## भारत के 4 एयरक्राफ्ट का प्रदर्शन



### एलसीए 50 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ने में सक्षम

**बेंगलुरु।** एयरो इंडिया के तीसरे दिन बुधवार को बेंगलुरु के येलाहेंका एयरबेस पर आधुनिक लड़ाकू विमानों और हेलिकॉप्टरों का प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की तरफ से बनाया गया लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) को केंद्र में रखा गया, जो 50,000 फीट की ऊंचाई तक उड़ान भरने में सक्षम है। वहीं, एचएएल का लाइट यूटिलिटी हेलिकॉप्टर (एलयूएच) भी आकर्षण का केंद्र बना।

## चुनाव से पहले दिए जाने वाले फ्रीबीज पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

# फ्री मिल रहे राशन-पैसे, इसलिए नहीं कर रहे लोग काम, ऐसे क्या हम परजीवी वर्ग तैयार नहीं कर रहे ?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव से पहले फ्रीबीज पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मुफ्त में राशन मिल रहा है। बिना काम किए पैसे मिल रहे हैं..इस वजह से लोग काम करना से बचना चाह रहे हैं। ऐसे क्या हम परजीवी वर्ग तैयार नहीं कर रहे? सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी बेघरों के लिए आश्रय की मांग करने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान आई। कोर्ट ने बुधवार को शहरी गरीबी उन्मूलन जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि मुफ्त में सामान देने से लोगों में काम करने से बचना चाह रहे हैं। लोगों को बिना काम किए पैसे मिल रहे हैं। ऐसे में उन्हें मुख्यधारा में लाने के प्रयास किया जाना चाहिए। ताकि, वे देश के विकास में अपना योगदान दे सकें और काम कर सकें। इस मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस आर जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि दुर्भाग्य से इन फ्रीबीज की वजह से लोग काम करने से कतराते हैं।



*ऐसे लोगों को मुख्यधारा में लाने के प्रयास किया जाना चाहिए। ताकि, वे देश के विकास में अपना योगदान दे सकें और काम कर सकें*

### बेघर आबादी के राज्यव्यापी आंकड़ों को मंत्रालय सत्यापित करें

इस दौरान कोर्ट ने केंद्र-गृह मंत्रालय और आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय को याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों को सत्यापित करने का निर्देश दिए। जो शहरी बेघर आबादी की राज्यव्यापी स्थिति को दर्शाता है। इसके अलावा, इसने केंद्र को शहरी गरीबी उन्मूलन मिशन योजना के कार्यान्वयन पर विवरण बताते हुए अपना जवाब दाखिल करने का भी निर्देश दिया है। साथ ही, केंद्र सरकार से यह पूछने का निर्देश दिया कि शहरी गरीबी उन्मूलन मिशन कितने समय में लागू किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने मामले की सुनवाई छह सप्ताह तक के लिए स्थगित कर दी।


### हाई कोर्ट जज नियुक्त हुए एड आशीष श्रोती

**जबलपुर।** संस्कारधानी निवासी अधिवक्ता आशीष श्रोती को हाई कोर्ट जज नियुक्त किया गया है। भारत सरकार के विधि एवं न्याय विभाग ने इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी है। संभवतः इसी सप्ताह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसी के साथ न्यायमूर्ति अशीष श्रोती पदभार संभाल लेंगे। वर्तमान में हाई कोर्ट में जजों के कुल स्वीकृत 53 पदों के मुकाबले 33 जज पदस्थ हैं। अब एक इजाफे के साथ यह संख्या 34 हो जाएगी। इस तरह कुल रिक्त पद 20 से घटकर 19 हो जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### खुदरा महंगाई दर घटकर 4.31 % पर

**नई दिल्ली।** बीते माह यानी जनवरी के महीने में खुदरा महंगाई पर थोड़ी राहत मिली है। इस दौरान खुदरा महंगाई घटकर 4.31 प्रतिशत पर आ गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर में 5.22 और पिछले साल जनवरी में 5.1 % थी। आंकड़ों के अनुसार खाद्य मुद्रास्फीति जनवरी में 6.02 प्रतिशत रही।, जो दिसंबर में 8.39 प्रतिशत तथा एक वर्ष पूर्व इसी माह में 8.3 प्रतिशत थी।खुदरा मुद्रास्फीति 2 प्रतिशत की घट-बढ़ के साथ 4 प्रतिशत पर बनी रहे। मुख्य रूप से खाने का सामान सस्ता होने से मुद्रास्फीति में कमी आई है।




### आज पेश हो सकता है इनकम टैक्स विधेयक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी, 2025 को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए देश का बजट पेश किया था। अपने बजट भाषण में नए इनकम टैक्स बिल की घोषणा की थी, जिसे कैबिनेट ने पिछले हफ्ते मंजूरी दे दी थी। देश का नया इनकम टैक्स बिल गुरुवार को संसद में पेश किया जा सकता है।



### भर्ती के लिए रोजगार पंजीयन अनिवार्य नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के उस आदेश को सही ठहराया है, जिसमें कहा गया था कि पुलिस आरक्षक भर्ती के लिए रोजगार कार्यालय का पंजीकरण अनिवार्य नहीं है। हाई कोर्ट के इस आदेश के खिलाफ मप्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया।



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नई दिल्ली में आयोजित जीआईएस-2025 के कर्टन रेजर कार्यक्रम में उद्योगपतियों से कहा

# 'टैक्सटाइल' के क्षेत्र में निवेश की बड़ी संभावना, इसमें 200 प्रतिशत इंसेंटिव

*सीएम ने कहा कि हमारे निवेश के 3 डी मॉडल को आज दुनिया भर के उद्योग जगत ने सराहा है। यह मॉडल निवेशकों की ड्राइव, प्रदेश के डेवलपमेंट और हमारी डिटरमिनेशन का प्रतीक है।*



- मप्र की उद्योग एवं निवेश नीतियां निवेश के लिए फ्रेंडली
- उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन और राउंड टेबल मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र की उद्योग एवं निवेश नीति निवेशकों के लिए बहुत फ्रेंडली है। हम स्टार्ट अप्स को विशेष महत्व दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मप्र में जमीन दिल्ली की तुलना में एक बटे 40 गुना और मुंबई की तुलना में एक बटे 100 गुना सस्ती है। मप्र में सभी सेक्टर में विशेष रूप से टैक्सटाइल के क्षेत्र में निवेश की बड़ी संभावना है। हम टैक्सटाइल्स पर 200 प्रतिशत इंसेंटिव देते हैं, हमारा कॉटन उच्च गुणवत्ता का है। मेरी जापान यात्रा के दौरान यूनिक्लो कंपनी के मलिक ने भी इस बात का उल्लेख किया था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को नई दिल्ली के होटल ताज में आयोजित जीआईएस-2025 के कर्टन रेजर कार्यक्रम में उद्योगपतियों को संबोधित कर रहे थे।

**खास बातें**

- मप्र आगे बढ़ते हुए एक इंडस्ट्री रेडी स्टेट बन रहा
- कार्यक्रम में 400 से अधिक प्रतिभागियों ने भागीदारी की





### मप्र को नवाचार और औद्योगिक क्रांति का केंद्र बनाएंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक समय लोग उद्योगपतियों से मिलने में झिझक महसूस करते थे। हमने उस धारणा को बदला है। हम निरंतर उद्योगपतियों, निवेशकों से संवाद कर रहे हैं। छोटे-छोटे स्थान पर इन्वेस्टर समिट आयोजित की गई हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि मप्र आगे बढ़ते हुए एक इंडस्ट्री रेडी स्टेट बन रहा है। हमने सभी सेक्टर के उद्योगपतियों को आमंत्रित किया है। मुख्यमंत्री ने जीआईएस-2025 के दिल्ली में इन्वेस्ट एमपी कर्टन रेजर कार्यक्रम में कहा कि हमारे निवेश के 3 डी मॉडल को आज दुनिया भर के उद्योग जगत ने सराहा है। यह मॉडल निवेशकों की ड्राइव, प्रदेश के डेवलपमेंट और हमारी डिटरमिनेशन का प्रतीक है।

### 40 देशों के राजनयिक और व्यापारिक प्रतिनिधि भी आए

कार्यक्रम में 400 से अधिक प्रतिभागियों ने भागीदारी की, जिसमें नई दिल्ली एवं आसपास के क्षेत्रों के निवेशक शामिल हुए। साथ ही 40 देशों के राजनयिक और व्यापारिक प्रतिनिधि, राजदूत, उच्चायुक्त, काउंसलर, मुख्य सचिव आर्थिक व व्यापारिक विशेषज्ञ आदि शामिल हुए।

### मप्र रणनीतिक निवेश गंतव्य के रूप में उद्योग जगत की पहली पसंद

सीआईआई नॉर्दर्न रीजन के चेयरमैन और जेके सीमेंट के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ माधवकृष्ण सिंघानिया ने कहा कि मप्र की रणनीतिक स्थिति, निवेश अनुकूल नीतियां और सुगम प्रक्रियाएं इसे निवेशकों के लिए आकर्षक स्थल बनाती हैं। उन्होंने बताया कि जेके सीमेंट ने वर्ष 2016 में कटनी में वॉल पुट्टी प्लांट की स्थापना के साथ प्रदेश में अपनी औद्योगिक यात्रा शुरू की थी। इसके बाद उज्जैन और पन्ना में भी संयंत्र स्थापित किए गए। हाल ही में कंपनी ने पन्ना में 3 हजार करोड़ रुपए निवेश करने की घोषणा की है। मप्र की रणनीतिक भौगोलिक स्थिति लॉजिस्टिक्स के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रदेश में उच्चस्तरीय अधोसंरचना, सुव्यवस्थित प्रशासनिक प्रक्रिया और उद्योग-अनुकूल नीतियां निवेशकों को आकर्षित कर रही हैं।



## अहिरवार समाज के अध्यक्ष ने सुनाई पीड़ा

# मुख्यमंत्री ने कहा- चिंता न करें गुमठी तो देंगे ही, महल भी देंगे

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी के हिंदी भवन में संत रविदास की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ मंच पर मौजूद महापौर मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी और विधायक भगवानदास सबनानी तब सन्न रह गए जब नव युवक अहिरवार समाज सेवा संघ के अध्यक्ष शोभाराम गिन्नौरे ने शिकायत की कि नगर निगम मोचियों की गुमठियां उठाकर फेंक देता है। उनकी कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं करता। इस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जवाब दिया कि सभी गरीबों के जीवन में बेहतरी के लिए हम काम कर रहे हैं। गुमठी मांग रहे हैं हम गुमठी तो देंगे ही, महल भी देंगे। महल बनाओ बढ़िया धूमधाम से रहो, बराबरी से रहो। क्या तकलीफ है।

शोभाराम ने कहा कि हमारे चर्मकार समाज की 60 दुकानें न्यू मार्केट से तीन बार हटा दी गईं। उनकी स्थिति ऐसी हो गई है कि उनमें से आधे दुकानें बंद करके प्राइवेट काम पर लग गए हैं।

*चर्मकार समाज की गुमठियां उठा कर फेंक देता है नगर निगम*

### सब मिल कर करेंगे समस्या का समाधान

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आपने नगर निगम की जो परेशानी बताई, महापौर नगर निगम अध्यक्ष, विधायक ये सब मिलकर समस्या हल करेंगे। इनके साथ मैं भी हूं। मेरा प्रयास है मप्र के सारे युवाओं के जीवन में बदलाव आना चाहिए। सबकी आर्थिक स्थिति बढ़ना चाहिए। सबको आगे बढ़ने का मौका मिलना चाहिए। सरकार का मतलब ही है गरीबों की गरीबी दूर करे, युवाओं को काम दे, महिलाओं को सम्मान दे। किसानों की आमदनी बढ़ाए। पूरे देश में ये डंका बज रहा है कि मप्र तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## आरोप लगाने वाली महिला की 2017 में हो चुकी थी मौत

# छग हाईकोर्ट बोला-पत्नी के साथ अननेचुरल सेक्स 'अपराध' नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने पति-पत्नी के संबंधों को लेकर अहम फैसला सुनाया। जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास की बेंच ने कहा कि अननेचुरल सेक्स करने पर भी पत्नी अपने पति पर रेप या अप्राकृतिक कृत्य करने का आरोप नहीं लगा सकती, जब तक वह नाबालिग न हो। इस टिप्पणी के साथ ही हाईकोर्ट ने पत्नी के साथ रेप और अननेचुरल सेक्स के आरोपी पति को बरी करने का आदेश दिया है।

कहा-सहमति नहीं फिर भी रेप का आरोप नहीं लगा सकती



### ट्रायल कोर्ट ने गैर इरादतन हत्या के लिए दोषी ठहराया था

मरने से पहले महिला के दिए बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 376 और 377 के तहत केस दर्ज किया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। मामले में ट्रायल चला, तब कोर्ट ने पति को धारा 377, 376 और 304 यानी की गैरइरादतन हत्या के लिए दोषी ठहराया। ट्रायल कोर्ट ने 11 फरवरी 2019 को 10 साल की सजा सुनाई थी।

## मां नर्मदा जी के सभी घाटों पर करीब 50 हजार श्रद्धालु पहुंचे



### माघी पूर्णिमा पर ब्रह्म मुहूर्त में मां नर्मदा में लगाई डुबकी

**नर्मदापुरम।** माघी पूर्णमा पर विश्व प्रसिद्ध सेठानी घाट पर सैकड़ों भक्तों ने मां नर्मदा को प्रणाम करते हुए ब्रह्म मुहूर्त में आस्था की डुबकी लगाई। शहर के सभी घाटों पर 50 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने स्नान किया। देर शाम तक घाटों पर स्नान और पूजन,पाठ का सिलसिला जारी रहा। वहीं रात में सेठानी घाट पर मां नर्मदा की महाआरती की गई और 251 दीपों से बनारस में होने वाली मां गंगा की तर्ज पर नर्मदा की महाआरती हुई। नर्मदापुरम के अलावा बैतूल, छिंदवाड़ा, हरदा, खंडवा, भोपाल, विदिशा, सीहोर से श्रद्धालुओं ने स्नानकिया।



माघी पूर्णिमा के मौके पर प्रयागराज में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने महाकुंभ में त्रिवेणी संगम में स्नान किया।

## आईएएस एसोसिएशन के चुनाव के नतीजे घोषित

# नए अध्यक्ष मनु श्रीवास्तव, लवानिया बने सचिव, कुमार पुरुषोत्तम कोषाध्यक्ष चुने गए



रश्मि शमी उपाध्यक्ष व केवीएस चौधरी को संयुक्त सचिव का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में आईएएस एसोसिएशन के चुनाव के नतीजे घोषित हो गए हैं। ताजा चुनावों में आईएएस मनु श्रीवास्तव को एसोसिएशन का अध्यक्ष जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही रश्मि शमी को उपाध्यक्ष, अविनाश लवानिया को सचिव, कुमार पुरुषोत्तम को कोषाध्यक्ष और केवीएस चौधरी को संयुक्त सचिव की चुना गया है। हर तीन साल में यह चुनाव होते हैं। ये चुनाव आमतौर पर आम सहमति और समन्वय पर आधारित होते हैं। चुनाव में निर्वाचित अन्य सदस्यों में आईएएस विवेक पोरवाल, अनुभा श्रीवास्तव, निशांत बरबड़े, संजीव सिंह, सुदाम खाड़े, इलैया राजा टी, कौशलेंद्र विक्रम सिंह, गिरीश शर्मा, चंद्रमौली शुक्ला और प्रीति मैथिल नायक शामिल हैं। इससे पहले आईएएस अधिकारी मोहम्मद सुलेमान एसोसिएशन के अध्यक्ष थे, जिनका कार्यकाल 31 दिसंबर 2024 को समाप्त हो गया था। अब नए अध्यक्ष 1991 बैच के आईएएस अधिकारी मनु श्रीवास्तव इस पद का कार्यभार संभालेंगे। उन्होंने आईआईटी दिल्ली से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक और एमटेक की डिग्री प्राप्त की है।

## 3 फरवरी को ब्रेन हेमरेज के बाद उन्हें लखनऊ पीजीआई अस्पताल में भर्ती कराया गया था

# राम मंदिर के पुजारी सत्येंद्र दास का निधन, 33 साल तक की रामलाल की सेवा, आज सरयू में 'जलसमाधि'

पीएम नरेंद्र मोदी ने भी शोक जताया, कहा- वे हमेशा भगवत सेवाओं के लिए याद रखे जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या

राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का 85 साल की उम्र में लखनऊ के पीजीआई अस्पताल में निधन हो गया। उन्हें 3 फरवरी को ब्रेन हेमरेज के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। सत्येंद्र दास काफी समय से मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों से जूझ रहे थे। 3 फरवरी को स्ट्रोक के कारण उनकी हालत बिगड़ गई थी।

### रामलला की मूर्ति को बचाया था



आचार्य सत्येंद्र दास ने बाबरी मस्जिद विध्वंस के दौरान रामलला की मूर्ति को बचाया था। उन्होंने कहा था कि वह उस समय वहीं मौजूद थे और रामलला को बचाने में लगे हुए थे। दास ने बताया था कि कैसे 6 दिसंबर को उन्होंने रामलला की मूर्ती को विध्वंस से बचाया था। जब उत्साहित कार सेवक विवादित ढांचे को तोड़ने लगे थे उस समय मैंने भोग लगाकर रामलला का पर्दा बंद कर दिया था। आचार्य सत्येंद्र दास ने 1975 में संस्कृत विद्यालय से आचार्य की उपाधि प्राप्त की थी।

जिसके बाद उन्हें पीजीआई के न्यूरोलॉजी वार्ड के एचडीयू में भर्ती किया गया। उनके शिष्य प्रदीप दास ने बताया कि सुबह 8 बजे उनका निधन हुआ। उनका पार्थिव शरीर लखनऊ से अयोध्या ले जाया जा रहा है। अंतिम संस्कार 13 फरवरी को सरयू नदी के किनारे किया जाएगा। आचार्य सत्येंद्र दास ने लगभग 33 वर्षों तक राम मंदिर की सेवा की। फरवरी 1992 में जब राम जन्मभूमि की ज़िम्मेदारी जिला प्रशासन को सौंप दी गई थी।

# दोपहर तक 1.84 करोड़ ने किया स्नान, अब तक करीब 50 करोड़ ने लगाई डुबकी



माघी पूर्णिमा पर
महाकुंभ में उमड़ा जनसैलाब

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

माघ पूर्णिमाव परमहाकुंभ में बुधवार को त्रिवेणी संगम पर पवित्र स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस बीच अयोध्या की सरयू नदी में भी श्रद्धालुओं ने पवित्र डुबकी लगाई। वाराणसी में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। संगम तट के दोनों ओर श्रद्धालु ही श्रद्धालु दिखाई दिए। बताया जा रहा कि दोपहर तक 1.84 कोरड़ लोगों ने स्नान किया। सबसे पहले नागा साधुओं के अखाड़ों ने डुबकी लगाई। इसके बाद अखाड़ों और फिर साधु-संतों ने पवित्र स्नान किया। इस प्रक्रिया के बाद ही श्रद्धालुओं ने स्नान करना शुरू किया।श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से फूलों की बारिश की की गई। मोनिका नामक श्रद्धालु ने प्रशासन द्वारा किए गए प्रबंधों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हम माघ पूर्णिमा पर स्नान के लिए यहां आए हैं। सरकार ने वाकई बहुत अच्छी व्यवस्था की है।

माघ पूर्णिमा पर अयोध्या की सरयू नदी में भी श्रद्धालुओं ने पवित्र डुबकी लगाई। सुबह ही करीब एक करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई है। सबसे पहले नागा साधुओं के अखाड़ों ने डुबकी लगाई। कई लोगों ने सीएम योगी की सराहनाभी की

**शासन- प्रशासन करता रहा मॉनिटरिंग**
शहर के चारों तरफ श्रद्धालुओं का रेला लगा हुआ था। लखनऊ में सीएम योगी सुबह 4 बजे से मेले की मॉनिटरिंग करते रहे।

**कई रास्तों में भीषण जाम के हलात भी बने**
संगम से 15 किमी तक चारों तरफ श्रद्धालुओं की भीड़ रही। प्रशासन के अनुसार दोपहर 2 बजे तक 1.84 करोड़ लोग स्नान कर चुके थे। जाम भी लगा।

**आराम स्थल पर ठहराया गया**



ज्यादा भीड़ होने पर इनको वहां पर बनाए गए आराम स्थल पर ठहराया गया। इसके अलावा एग्जिट की व्यवस्था प्लेटफार्म नंबर 10 की ओर से आने की सिविल लाइन साइड की ओर से हो रही। प्रयागराज जंक्शन, सूबेदारगंज, छिवकी, नैनी, रामबाग, झूंसी से भेजा गया।

### 72 वर्षीय बुजुर्ग महिला और एक्टर शेट्टी भी पहुंचे

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है। जहां हर दिन लाखों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इसी बीच माघ पूर्णिमा के मौके पर आज फिल्म अभिनेता सुनील शेट्टी महाकुंभ में पहुंचे हैं।बेंगलुरु से 72 वर्षीय बुजुर्ग अकेले महाकुंभ पहुंचीं। उन्होंने कहा कि पेंशन मिलती है अब वर्ल्ड टूर पर निकली हैं। 37 देश घूम चुकी हैं।

### सनातनी बने वसीम रिजवी ने भी लगाई डुबकी

उत्तर प्रदेश शिया वक्फ बोर्ड के पूर्व चेयरमैन वसीम रिजवी मंगलवार को महाकुंभ पहुंचे। उन्होंने संगम में



आस्था की डुबकी लगाई। कहा कि संगम स्नान करने के बाद बहुत खुशी मिल रही है। उन्होंने घोषणा की कि अपनी खुशी से इस्लाम धर्म छोड़कर सनातन धर्म अपनाने वालों का स्वागत है। वह एक संगठन तैयार कर रहे हैं। जिसमें सनातन धर्म में आने वाले लोगों की आर्थिक मदद की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### फतेहपुर में डंपर में घुसी ट्रैवलर, 4 की मौत

**फतेहपुर।** जिले में कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर बुधवार तड़के करीब साढ़े चार बजे गिट्टी लदे



ट्राला में महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं की ट्रैवलर टकराई गई। ट्राला श्रद्धालुओं भरी ट्रैवलर को करीब दो किलोमीटर तक घसीट ले गया। हादसे में चालक समेत 4 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। 17 श्रद्धालु घायल हो गए।

### मायावती ने आकाश के ससुर को निकाला

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गुटबाजी और पार्टी विरोधी गतिविधियों में



शामिल रहने के आरोप में आकाश आनंद के ससुर डॉ. अशोक सिद्धार्थ को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। राज्यसभा के पूर्व सांसद डॉ. अशोक की बेटी से आकाश आनंद की शादी हुई है। डॉ. अशोक कांशीराम के सहयोगी रहे हैं।

### पूर्व राष्ट्रपति प्रणब के बेटे फिर बने कांग्रेसी

**कोलकाता।** देश के पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के बेटे अभिजीत मुखर्जी ने कांग्रेस में वापसी कर ली



है। बंगाल प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष शुभंकर सरकार की मौजूदगी में उन्होंने कांग्रेस का 'हाथ' थामा। 2021 में वे टीएमसी में चले गए थे। कोलकाता के विधानभवन में अभिजीत कांग्रेस में शामिल हुए।

### पवन ने केरल, तमिलनाडु में मंदिर यात्रा शुरू की

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और जन सेना पार्टी के अध्यक्ष पवन कल्याण ने



बुधवार को केरल और तमिलनाडु की तीन दिवसीय तीर्थयात्रा शुरू की, जिसे उनके 'सनातन धर्म परिरक्षण' (प्राचीन धर्म की रक्षा) मिशन के हिस्से के रूप में देखा जा रहा है। वे अगस्त्य महर्षि मंदिर पहुंचे। यहां पूजा-अर्चना की।

## अब भारत में अवैध तरीकों से घुसने वालों की खैर नहीं

नया विधेयक ला रही मोदी सरकार

# बिना वैध पासपोर्ट या वीजा के प्रवेश किया तो होगी 7 साल कैद व 10 लाख जुर्माना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**यह प्रावधान 'आप्रवासन और विदेशी विधेयक, 2025' का हिस्सा होगा**

अमेरिका और ब्रिटेन सहित दुनिया के कई देश घुसपैठ को रोकने के लिए सख्त कदम उठा रहे हैं। अब भारत भी इस दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रहा है। भारत में बिना वैध पासपोर्ट या वीजा



के प्रवेश करने वालों को सख्त सजा दी जाएगी। इसके लिए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार संसद में एक विधेयक ला रही है। भारत में बिना वैध पासपोर्ट या वीजा के प्रवेश करने वाले किसी भी विदेशी नागरिक को अब अधिकतम पांच साल तक की जेल और 5 लाख रुपए तक का जुर्माना भुगतना पड़ सकता है। कोई व्यक्ति जाली पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेजों के साथ भारत में प्रवेश करता है, तो उसे अधिकतम सात साल की सजा हो सकती है, जबकि जुर्माना 1 लाख रुपए से लेकर 10 लाख रुपए तक हो सकता है। यह प्रावधान 'आप्रवासन और विदेशी विधेयक, 2025' का हिस्सा है।

**संपूर्ण जानकारी देने की बाध्यता**

सरकार चार पुराने कानूनों में जल्द कर रही बदलाव



**ये रहे 4 पुराने कानून**

विदेशी अधिनियम **1946**

पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम **1920**

विदेशी नागरिकों का पंजीकरण अधिनियम **1939**

जाली पासपोर्ट पर 8 साल की सजा, **50,000** रुपए जुर्माना

*वर्तमान में, बिना वैध दस्तावेज के भारत में प्रवेश करने पर अधिकतम पांच साल की सजा और जुर्माने का प्रावधान है, जबकि जाली पासपोर्ट पर प्रवेश करने पर अधिकतम आठ साल की सजा और 50,000 रुपए तक का जुर्माना हो सकता है।*

### सरकार को मिलेंगी अतिरिक्त शक्तियां

नया विधेयकसरकार को यह अधिकार देता है कि वह किसी भी विदेशी नागरिक या किसी विशेष समूह के व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक लगा सके। सरकार किसी विदेशी नागरिक को भारत छोड़ने, किसी विशेष क्षेत्र में प्रवेश न करने, अपनी तस्वीर और बायोमेट्रिक विवरण देने के लिए बाध्य कर सकती है। यह आंतरिक सुरक्षा और अप्रवासन प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इससे अवैध घुसपैठ और जाली दस्तावेजों के उपयोग पर कड़ा अंकुश लगेगा।

### वीजा उल्लंघन पर 3 साल कैद, 3 लाख जुर्माना या दोनों

अगर कोई विदेशी अपनी वीजा अवधि से अधिक समय तक भारत में रहता है, या प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रवेश करता है, तो उसे तीन साल तक की जेल या 3 लाख रुपए तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं।

### विदेशी नागरिकों की जानकारी देनी होगी

सभी विश्वविद्यालयों, उच्च शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों और मेडिकल संस्थानों को अपने यहां विदेशी नागरिकों की जानकारी पंजीकरण अधिकारी के साथ शेयर करनी होगी।

### इसमें वाहक की भी जिम्मेदारी तय होगी

अगर कोई हवाई जहाज, जहाज या अन्य परिवहन साधन से बिना वैध दस्तावेजों वाले विदेशी को लाया जाता है, तो उस पर 5 लाख रुपएतक का जुर्माना लगाया जा सकता है। जुर्माना न चुकाने की स्थिति में उस परिवहन साधन को जब्त भी किया जा सकता है। यानी अगर कोई विदेशी व्यक्ति इमिग्रेशन अधिकारी को वैध पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज/वीजा नहीं होने की स्थिति में यहां पहुंचाया जाता है, तो उसे लाने वाले वाहक को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

उधर, यूसीसी पर हाईकोर्ट ने उठाए सवाल

### उत्तराखंड सरकार से 6 हफ्ते के भीतर मांगा जवाब




**देहरादून।** भारत में पहली बार किसी राज्य में(उत्तराखंड) समान नागरिक संहिता लागू हुई, लेकिनकई सवालिया निशान खड़े हो गए। वकीलों ने यूसीसी के कुछ प्रावधानों पर हाईकोर्ट में चुनौती दी। नैनीताल हाईकोर्ट की खंडपीठ ने यूसीसी में शादी, तलाक और लिव इन रिलेशनशिप के प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिका पर उत्तराखंड सरकार से 6 हफ्ते में जवाब मांगा है।

**अलग-अलग याचिका दाखिल**
भीमताल के रहने वाले सुरेश सिंह नेगी ने चुनौती दी है, जिसमें मुख्यतः 'लिव इन रिलेशनशिप' के प्रावधानों को चुनौती दी गई है। मुस्लिम, पारसी आदि के वैवाहिक पद्धति की यूसीसी में अनदेखी किए जाने सहित कुछ अन्य प्रावधानों को भी चुनौती दी गई है।

सिख विरोधी दंगा मामला

# कांग्रेस नेता सज्जन कुमार दोषी,18 को सजा का ऐलान

दो सिखों को घर में जिंदा जलाया, भीड़ ने घर में तोड़फोड़, लूटपाट और आगजनी भी की थी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सिख विरोधी दंगा मामले में कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने दोषी करार दिया है। अब इस मामले में 18 फरवरी को सजा का ऐलान किया जाएगा। ये मामला पिता-बेटे की हत्या से जुड़ा हुआ है। वे उम्रकैद की सजा काट रहे हैं। भीड़ का नेतृत्व सज्जन कुमार ने किया था, जो उस समय बाहरी दिल्ली लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। आरोप है कि सज्जन ने भीड़ को हमले के लिए उकसाया, जिसके बाद दोनों सिखों को उनके घर में जिंदा जला दिया गया। इतना ही नहीं, भीड़ ने घर में तोड़फोड़, लूटपाट और आगजनी भी की थी। इस घटना से संबंधित एफआईआर उत्तरी दिल्ली के सरस्वती विहार थाने में दर्ज की गई, जो शिकायतकर्ताओं द्वारा रंगनाथ मिश्रा आयोग के समक्ष दिए गए हलफनामे के आधार पर दर्ज की गई थी।

### सरस्वती विहार मामले में फैसला

1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े सरस्वती विहार मामले में कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को दोषी ठहराया गया है। ये मामला 1 नवंबर 1984 का है, जिसमें पश्चिमी दिल्ली के राज नगर इलाके पिता-पुत्र, सरदार जसवंत सिंह और सरदार तरुण दीप सिंह की हत्या कर दी गई थी।

### अदालत का शुक्रिया: कहलों

दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव जगदीप सिंह कहलों ने कहा कि 40 साल पहले सिख कत्लेआम का नेतृत्व करने वाले सज्जन कुमार को दोषी करार दिया गया है और उन्हें सजा मिलेगी। मैं इसके लिए अदालत का शुक्रिया अदा करता हूं। मैं पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का शुक्रिया अदा करता हूं।

### कांग्रेस के सारे पाप सामने आ रहे: सिरसा


भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि सिख विरोधी दंगों में सज्जन कुमार को एक और केस में दोषी करार दिया। उन्होंने कत्लेआम किया। कांग्रेस के सारे पाप सामने आ रहे हैं। मैं देश के पीएम को धन्यवाद करता हूं जिन्होंने एसआईटी बनाकर इन लोगों को जेल में डालने का काम किया। परमात्मा ने आज इंसाफ दिया। हमें तसल्ली है कि सज्जन कुमार दोषी है।

नहीं बुझी इलाहाबादिया की लगाई आग

# विवादों में घिरी अपूर्वा, पुलिस ने किए सवाल, बाकी को समन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कॉमेडियन समय रैना का यूट्यूब शो इंडियाज कॉट लैटेंट अपने कंटेंट को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहता है।



अबकी बार तो इस शो ने ऐसी हद पार की कि लोगों को गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। शो में यूट्यूबर और पोडकास्टर रणवीर इलाहाबादिया ने जो कुछ बोला, उस पर पूरे इंडिया में हंगामा मचा हुआ है। पुलिस ने अपूर्वा मखीजा को बुलाया।

अपूर्वा मुंबई के खार पुलिस स्टेशन पहुंची थी। इस दौरान उनका वकील भी उनके साथ रहे। राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी इलाहाबादिया और अन्य द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर नाराजगी जताते हुए उन्हें 17 फरवरी को पेश होने का आदेश दिया है। समय रैना, जसप्रीत सिंह और आशीष चंचलानी की अश्लील और आपत्तिजनक टिप्पणियों को गंभीरता से लिया है।शो के निर्माता तुषार पुजारी और सौरभ बोथरा को भी नोटिस भेजा है।

## संत रविदास की नड्डा ने की पूजा



नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नई दिल्ली में समाज सुधारक संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती पर करोल बाग इलाके में श्री गुरु रविदास विश्राम धाम मंदिर में पूजा-अर्चना की।

नीतीश कुमार का बड़ा ऐलान

# हम एकसाथ, एकजुट हैं व एक साथ मिलकर करेंगे समाज का कल्याण

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भाजपा के साथ रिश्ते को पुराना बताते हुए कहा कि हम एक साथ हैं और आगे भी एक साथ मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि 2005 के पहले वाली सरकार ने बिहार के विकास के लिए कुछ नहीं किया। नीतीश संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती पर विकास मित्रों के क्षमता वर्धन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।नीतीश ने कहा कि हम एससी-एएसटी के कल्याण के लिए काम करते रहेंगे। हम लोग लगातार सभी समाज के लिए काम कर रहे हैं।

**बिना नाम लिए राजद पर भी साधा निशाना**

### समाज के हर तबके का विकास कर रहे



सीएम ने बिहार के लोगों को संत रविदास जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जब से मुझे बिहार में काम करने का मौका मिला, तब से सभी तबकों का विकास किया। चाहे वो हिंदू हो, मुस्लिम हो, ऊंची जाति के हो, दलित हो, पिछड़ा हो या महादलित हो। सभी के लिए हमने काम किया है। हमने वंचित वर्गों के लोगों के लिए काम किया और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ा।

**वंचित वर्गों को आगे बढ़ने का दिया अवसर:** सीएम ने विभिन्न विकास कार्यों के जिक्र करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और बिजली के क्षेत्र में अहम बदलाव किए हैं। हम जो भी सुधार की जरूरत होती है, उसे पूरा कर रहे हैं। हमारी सरकार ने वंचिक वर्गों को आगे बढ़ाने का लगातार प्रयास कर रही है।

पीएम सूर्य घर योजना का एक साल पूरा

# अब तक 8.46 लाख परिवार लाभान्वित जल्द ही इससे 8.5 लाख घर होंगे रोशन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना का एक साल पूरे हो गया है। छत पर सौर पैनल लगाने की सुविधा देकर घरों को मुफ्त बिजली देने के लिए पिछले साल शुरू की गई इस योजना का लाखों लोग लाभ उठा रहे हैं। इसमें गुजरात सबसे आगे हैं। इसके तहत सरकार ने मार्च 2027 तक एक करोड़ घरों में सौर ऊर्जा पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। पीएम ने पिछले साल 13 फरवरी को योजना का शुभारंभ किया था। 27 जनवरी तक 8.46 लाख परिवारों ने मुफ्त बिजली का लाभ लिया है।

**पिछले साल 13 फरवरी को किया था शुभारंभ**

### 4,308.66 करोड़ रुपए वितरित किए गए



इस योजना के तहत अब तक 5.54 लाख आवासीय उपभोक्ताओं को केंद्रीय वित्तीय सहायता के रूप में 4,308.66 करोड़ रुपए वितरित किए गए हैं। अनुमानित 45 प्रतिशत लाभार्थियों को अब उनके सौर ऊर्जा उत्पादन और खपत पैटर्न के आधार पर शून्य बिजली बिल प्राप्त हो रहे हैं। इस साल मार्च तक लाभार्थियों की संख्या बढ़कर 10 लाख हो सकती है।

**एक करोड़ घरों में पहुंचाने का लक्ष्य :** केंद्र ने योजना के तहत मार्च 2027 तक एक करोड़ घरों में इसका लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। अगले महीने तक इसके 10 लाख पहुंचने की उम्मीद है। अगले वित्त में लाभार्थियों की संख्या 40 लाख तक पहुंचने की संभावना है और मार्च 2027 तक एक करोड़ लाभार्थी का लक्ष्य पूरा होने की उम्मीद है।

नए आयकर विधेयक को केंद्रीय कैबिनेट की भी मंजूरी मिली

# सीबीडीटी को मिलेगा योजनाओं और 'कर' को गति देने का अधिकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**यह विधेयक छह दशक पुराने आयकर अधिनियम 1961 की जगह लेगा**

नया आयकर बिल गुरुवार को संसद में पेश किया जा सकता है। आयकर कानूनों को सरल बनाने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण में नया आयकर विधेयक पेश करने का ऐलान किया था। इस विधेयक को केंद्रीय कैबिनेट की भी मंजूरी मिल चुकी है। लोकसभा में 536 धाराओं और 23 अध्यायों में तैयार 622 पन्नों वाला आयकर विधेयक 2025 अधिक व्यवस्थित और वर्तमान कानून की तुलना में सरल होगा। यह विधेयक 4 दशक पुराने आयकर अधिनियम 1961 की जगह लेगा। यह विभिन्न संशोधनों के बाद काफी जटिल हो गया है। प्रस्तावित नए कानून में, आयकर अधिनियम, 1961 में उल्लिखित 'पिछले वर्ष' (एफवाई) शब्द को बदलकर 'कर वर्ष' कर दिया गया है।

**536** धाराएं समाहित, 23 अध्यायों में तैयार, 622 पन्नों में बना, 16 अनुसूचियां होंगी

### कर निर्धारण वर्ष की अवधारणा होगी समाप्त



पिछले वर्ष (2023-24) में अर्जित आय के लिए, कर का भुगतान निर्धारण वर्ष (2024-25) में किया जाता है। इस नए विधेयक में पिछले वर्ष और निर्धारण वर्ष की अवधारणा को हटा दिया गया है और सरलीकृत विधेयक में केवल कर वर्ष की बात कही गई है। आयकर विधेयक, 2025 में 536 धाराएं शामिल हैं, जो वर्तमान आयकर अधिनियम, 1961 के 298 धाराओं से अधिक हैं।

**यह पहले का लगभग आधा**
नए आयकर विधेयक में भी अध्यायों की संख्या 23 ही रखी गई है जबकि पृष्ठों की संख्या काफी कम होकर 622 हो गई है, जो वर्तमान के भारी-भरकम अधिनियम का लगभग आधा है, जिसमें पिछले छह दशकों में किए गए संशोधन शामिल हैं।

### नए कानून 16 अनुसूची और 23 अध्याय होंगे

एएमआरजी एंड एसोसिएट्स के वरिष्ठ भागीदार रजत मोहन ने कहा कि धाराओं में यह वृद्धि कर प्रशासन के लिए एक अधिक व्यवस्थित दृष्टिकोण को दर्शाती है, जिसमें आधुनिक अनुपालन तंत्र, डिजिटल शासन और व्यवसायों एवं व्यक्तियों के लिए सुव्यवस्थित प्रावधान शामिल हैं। नए कानून 16 अनुसूची और 23 अध्याय हैं। इससे पहले, आयकर विभाग को विभिन्न प्रक्रियात्मक मामलों, कर योजनाओं और अनुपालन ढांचे के लिए संसद का दरवाजा खटखटाना पड़ता था।

जबलपुर
गुरुवार, 13 फरवरी 2025
माघ मास शुक्ल पक्ष -15
■ वर्ष : 19, अंक : 281
■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 32
न्यून. 12

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

4 'आप' के अध्याय के अंत की ध्वनियां



मैट्रो
14 नियामक आयोग के नो कमेंट से ...

◆ नवाचार और उद्योगों के लिए उपयुक्त केंद्र भारत के हृदय प्रदेश के रूप में पहचाने जाने वाले मप्र में 300 से अधिक औद्योगिक पार्क मौजूद

◆ स्टार्ट-अप्स को सरकारी निविदाओं में अनुभव और टर्न ओवर की शर्तों में छूट दी गई है और उन्हें अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट से भी मुक्त रखा गया

### युवा उद्यमियों का होगा अंतर्राष्ट्रीय तकनीक और नवाचारों से परिचय

# जीआईएस-2025 देगा मध्यप्रदेश के स्टार्ट-अप्स को 'नई उड़ान'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 24, 25 फरवरी 2025 भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारा प्रयास मप्र को स्टार्ट-अप और नवाचार का केंद्र बनाना है, जहां युवा उद्यमियों को अपने आईडियाज को सफल व्यवसायों में बदलने के लिए अनुकूल माहौल और पूरा सहयोग मिले। 24 एवं 25 फरवरी को भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) कई मायनों में खास होगी। इससे हमारे युवा उद्यमियों को अंतर्राष्ट्रीय तकनीकी और नवाचारों का ज्ञान मिलेगा और मप्र के स्टार्ट-अप्स को नई उड़ान मिलेगी। नवाचार और उद्योगों के लिए उपयुक्त केंद्र भारत के हृदय प्रदेश के रूप में पहचाने जाने वाले मप्र में 300 से अधिक औद्योगिक पार्क मौजूद हैं।



## एमपी स्टार्ट-अप पॉलिसी एंड इम्प्लीमेंटेशन स्कीम लागू

मप्र में 'एमपी स्टार्ट-अप पॉलिसी एंड इम्प्लीमेंटेशन स्कीम लागू है, जिसके तहत स्टार्ट-अप्स को वित्तीय सहायता, बुनियादी ढांचा सहयोग और नीति समर्थन उपलब्ध कराया जा रहा है। नई स्टार्टअप नीति के अनुसार स्टार्ट-अप्स को कुल निवेश का 18 प्रतिशत तक वित्तीय सहायता (अधिकतम 18 लाख रुपए तक) दी जाती है। यह सहायता स्टार्ट-अप के विकास के प्रत्येक चरण के लिए अलग-अलग प्रदान की जाती है, जिसमें अधिकतम 4 चरणों तक सहायता मिल सकती है।

### सरकार दो वर्षों तक सरकारी खरीद में प्राथमिकता देगी

राज्य सरकार स्टार्ट-अप्स को अनिवार्य लाइसेंस एवं परमिट शुल्क से छूट प्रदान कर रही है और दो वर्षों तक सरकारी खरीद में प्राथमिकता दे रही है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के पास भरपूर बिजली, पानी, और प्राकृतिक संसाधन उपलब्ध हैं, जो इसे निवेशकों के लिए एक आईडियल डेस्टिनेशन बनाते हैं।

*इंपैक्ट फीचर*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### अश्लील फोटो पोस्ट किया तो युवती ने दी जान


**गुना।** पड़ोस में रहने वाले युवक से तंग आकर उसने 17 साल की लड़की ने सुसाइड कर लिया।



बताया गया है कि युवक ने सोशल मीडिया पर लड़की के अश्लील फोटो अपलोड कर दिए थे। जिससे युवती परेशान हो गई थी। घटना कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंगलवार देर रात की है। परिजनों ने शव चौराहे पर रखकर करीब एक घंटे तक चक्काजाम किया।

### गाड़ी ने हवलदार को 25 फीट तक घसीटा

**ग्वालियर।** शहर में हिट एंड रन का मामला सामने आया है। सागर ताल इलाके में एक तेज रफ्तार



वाहन ने हवलदार को टक्कर मार दी। इसके बाद गाड़ी से हवलदार को 25 फीट तक घसीटा गया। हादसे में पुलिसकर्मी बुरी तरह घायल हो गया। इसके बाद फौरन हवलदार को घायल हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### कांग्रेस विधायक कटारे पर ईओडब्ल्यू में केस

**भोपाल।** भोपाल विकास प्राधिकरण के अधिकारियों और विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष




एवं कांग्रेस विधायक हेमंत कटारे के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने केस दर्ज किया है। इन पर अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल योजना में भूखंड के आवंटन में भ्रष्टाचार का आरोप है। सीआर दत्ता की भूमि आवंटन से संबंधित शिकायत पर कार्यवाही की है।

### पीएम मोदी ने पेरिस में बड़ी कंपनियों के सीईओ से मुलाकात की, दिया मंत्र-इनोवेट... कौलैबोरेट... इंटीग्रेटेड

# भारत में यही 'बेहतर वक्त' है निवेश का, दोनों देशों के बेस्ट बिजनेस माइंड कर सकते हैं कमाल

**पीएम ने भारत-फ्रांस सीईओ फोरम में 2047 रोडमैप का किया जिक्र**



*पीएम ने कहा कि हमने स्थिर और पूर्वानुमानित नीति का एक ईको-सिस्टम स्थापित किया है। रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मार्ग पर चलते हुए आज भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।*

**पीएम बोले-** हम जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में काम कर रहे हैं

**मोदी और मैक्रों ने** मार्च 2026 में नई दिल्ली में 'भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष' की शुरुआत की घोषणा की

एजेंसी ▶▶ पेरिस

भारत-फ्रांस सीओई फोरम में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि दो बेस्ट बिजनेस माइंड का संगम हो रहा है। मोदी ने कहा कि बिजनेस के लिए भारत आने का यह सही समय है क्योंकि देश एक मजबूत व्यवसाय-सही माहौल और नीति निरंतरता प्रदान करते हुए 2047 तक विकसित भारत बनने के लक्ष्य की दिशा में काम कर रहा है।

14वें भारत-फ्रांस सीईओ फोरम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यह बैठक भारत और फ्रांस के सर्वश्रेष्ठ कारोबारी दिमागों का संगम है। मैं देख रहा हूं कि आप सभी इनोवेट, कोलैबोरेट और इंटीग्रेटेड के मंत्र के साथ काम कर रहे हैं।

#### एआई, मेक इन इंडिया पर भी की बात

इससे पहले फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भारत-फ्रांस सीईओ फोरम में पीएम मोदी का स्वागत किया था।कार्यक्रम में पीएम मोदी ने एआई, अंतरिक्ष टेक्नॉलिजी और 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम में भारत की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला।



#### फ्रांस में भारतीय छात्रों की संख्या 10000 हो जाएगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेरिस यात्रा के दौरान बुधवार को भारत और फ्रांस द्वारा जारी एक संयुक्त बयान के अनुसार इस साल फ्रांस में भारतीय छात्रों की संख्या अभूतपूर्व रूप से 10,000 तक पहुंचने की उम्मीद है। मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ाने का आह्वान किया और इंडो-पैसिफिक और विभिन्न वैश्विक मंचों और पहलों में अपनी भागीदारी को और गहरा करने के लिए प्रतिबद्धता जताई। दोनों नेताओं ने पिछले साल अंतरराष्ट्रीय कक्षा योजना के सफल शुभारंभ का स्वागत किया था।

#### भारत से पिनाका रॉकेट लॉन्चर खरीदेगा फ्रांस

दोनों देशों के संयुक्त बयान में कहा गया है कि मोदी और मैक्रों ने मार्च 2026 में नई दिल्ली में 'भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष' की शुरुआत की घोषणा की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि फ्रांस द्वारा भारत के पिनाका रॉकेट लॉन्चर की खरीद से दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों में मजबूती आएगी।

### जांच में आरोपी निकला मानसिक रोगी

# पीएम मोदी के विमान पर आतंकी हमले की धमकी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई पुलिस ने मंगलवार को चेंबूर इलाके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी है कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विमान पर आतंकी हमले को लेकर धमकी भरा कॉल किया था। जांच में आरोपी मानसिक रोगी निकला है। पुलिस ने बताया कि 11 फरवरी को मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को एक कॉल आया, जिसमें प्रधानमंत्री के विमान पर आतंकी हमले की धमकी दी गई थी।

■ मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को आया था कॉल



#### सीएम योगी को धमकी देने वाला मुरैना से दबोचा

**मुरैना।** उत्तर प्रदेश के सीएम आवास के फोन पर कॉल कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किया गया आरोपी मुरैना जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के हासई मेवदा गांव के महाराज सिंह का पुरा माजरा का रहने वाला सुनील गुर्जर है। देर रात यूपी एसटीएफ की टीम उसके गांव में पहुंची और उसे पकड़ लिया।

### मान्यता नियमों को लेकर निजी स्कूल और विभाग आमने-सामने

# 8 हजार निजी स्कूलों ने नहीं किए मान्यता आवेदन, हो सकते हैं बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निजी स्कूलों की मान्यता के नियमों लेकर प्रदेश में निजी स्कूल संचालक और स्कूल शिक्षा विभाग आमने-सामने आ गए हैं। जहां एक ओर निजी स्कूल संचालक नियमों में बदलाव की मांग कर रहे हैं, वहीं विभाग नियमों में किए गए बदलाव पर अडिग है। निजी स्कूल संगठनों के अनुसार, प्रदेश के करीब 8 हजार निजी स्कूलों की ओर से अब



तक मान्यता नवीनीकरण के लिए आवेदन नहीं किया गया है। जबकि आवेदन की अंतिम तिथि 10 फरवरी निकल चुकी है और अब 15 फरवरी तक विलंब शुल्क के साथ आवेदन किए जाएंगे।

### केंद्र ने यूपीएस लागू होने की दी जानकारी

# न्यायिक अधिकारियों की पेंशन का मुद्दा अब सुलझने की उम्मीद



23 लाख सरकारी कर्मचारियों को होगा फायदा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि उसने एकीकृत पेंशन योजना यूनीफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस)) को अधिसूचित कर दिया है। इससे न्यायिक अधिकारियों की पेंशन संबंधी चिंताएं दूर हो सकती हैं। अदालत ने मामले की सुनवाई 12 सप्ताह के लिए टाल दी है।

केंद्र की ओर से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पेश हुए और पीठ को एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के बारे में जानकारी दी। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने केंद्र के वकीलों की दलीलों को सुना।

### सोमवार को इसे पेश नहीं किया जा सका था

# संसद में आज पेश की जाएगी वक्फ संशोधन बिल पर जेपीसी की रिपोर्ट



विपक्षी सासंदों में से कुछ ने रिपोर्ट पर असहमति जताई थी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वक्फ (संशोधन) बिल 2024 पर लंबे समय से मंथन चल रहा है। वक्फ के लिए बनाई गई संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गुरुवार को संसद में रिपोर्ट पेश की जाएगी। संसद में सोमवार को वक्फ संशोधन बिल 2024 को लेकर जेपीसी की रिपोर्ट पेश होनी थी, लेकिन इसे टाल दिया गया था। जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा था कि जब लोकसभा अध्यक्ष इसे एजेंडे में रखेंगे, तो हम इसे पेश करेंगे। पाल ने कहा था कि वक्फ का कानून बनने के बाद देश के गरीबों, अल्पसंख्यकों, विधवाओं को लाभ मिलेगा। विपक्षी सासंदों में से कुछ ने इस पर असहमति जताई और इसे अलोकतांत्रिक बताया है। विपक्ष ने इसे मुस्लिम समुदाय के संवैधानिक अधिकारों पर हमला और वक्फ बोर्डों के कामकाज में हस्तक्षेप बताया है। इस सांसदों का कहना है कि उन्हें अंतिम रिपोर्ट का अध्ययन करने और अपने सहमति नोट तैयार करने के लिए बहुत कम समय दिया गया। वक्फ (संशोधन) बिल पर संसद की संयुक्त समिति ने मसौदा विधेयक पर रिपोर्ट को 15-11 बहुमत से स्वीकार कर लिया। पिछले महीने वक्फ संशोधन अधिनियम पर जेपीसी की बैठक में 44 संशोधनों पर चर्चा की गई थी। एनडीए सांसदों ने 14 संशोधनों को स्वीकार किया था, जबकि विपक्षी सांसदों ने इसे खारिज कर दिया था।

### छह से अधिक अधिकारी दस्तावेजों की जांच में जुटे

# ग्वालियर में दो अस्पतालों सहित कई ठिकानों पर आईटी छापेमारी

टैक्स चोरी की शिकायत के बाद कार्रवाई हॉस्पिटल के संचालक ऑफिस से गायब हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

ग्वालियर में बुधवार को आयकर विभाग की टीम ने परिवार हॉस्पिटल और परिवार ग्रुप के अन्य ठिकानों पर रेड की है। बुधवार को आयकर की आधा दर्जन से ज्यादा टीमों ने परिवार हॉस्पिटल के दो ठिकानों के साथ ही संचालकों के घर और ऑफिस पर एक साथ कार्रवाई की। मांढरे की माता मंदिर के पास स्थित परिवार सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर और हॉस्पिटल रोड स्थित परिवार हॉस्पिटल में कार्रवाई की जा रही है। टैक्स चोरी की शिकायतों के बाद आयकर विभाग की टीम इससे संबंधित दस्तावेज खंगाल रही है। छापे को लेकर अधिकारियों की ओर से अभी कोई बयान नहीं आया है। बुधवार दोपहर जैसे ही



परिवार हॉस्पिटल पर आईटी की रेड की खबर फैली, मार्केट में हड़कंप मच गया। अन्य हॉस्पिटल के संचालक भी अपने-अपने ऑफिस से गायब हो गए। आयकर विभाग के अफसरों ने परिवार हॉस्पिटल में पहुंचकर सीधे संचालक और अकाउंट ऑफिसर के दफ्तर पर कब्जा कर दस्तावेज खंगालने शुरू किए।






**The Indian Ports Association (IPA)**
located on the 1st Floor, NBCC Place,
South Tower, B.P. Marg, Lodhi Road,
New Delhi-110003

**RECRUITMENT OF EXECUTIVE LEVEL POSTS IN VARIOUS MAJOR PORTS IN INDIA**

**ADVT No. 2024/SGR/06,07&08**

I. The Indian Ports Association (IPA), on behalf of Major Ports of India, invites applications from qualified candidates for Executive-Level Positions viz. Deputy Manager (Finance)-KPL, Junior Executive (Finance)-KPL, Assistant Executive Engineer (Electrical), Junior Executive (Electrical)-KPL, and Medical Officer. The last date for applications for the above positions is **28th Feb 2025.**

II. Reference is invited to Advertisement No. 2024/SGR/02, 03, 04 & 05, regarding the recruitment of Assistant Director (EDP), Accounts Officer Gr-I, Assistant Secretary Gr-I, Assistant Traffic Manager Gr-I, Assistant Personnel Officer Gr-I, and Assistant Executive Engineer (Mech). The last date for submission of online applications for these positions has been extended until **28th Feb 2025**. All other conditions of the recruitment process remain unchanged.

Interested candidates are encouraged to review the detailed advertisement, which provides comprehensive information about the recruitment process, available on the official website: **www.ipa.nic.in**

Chief Administrative Officer

CBC 37203/12/0017/2425

## चिंतन

# चुनाव में मुफ्त रेवड़ी पर तुरंत रोक लगाना जरूरी

गरीब की थाली में पुलाव आ गया, लगता है शहर में चुनाव आ गया। किसी कवि की ये पंक्तियां भारतीय राजनीति पर सटीक टिप्पणी हैं। चुनाव आते ही वोटरों को लुभाने के लिए जिस तरह राजनीतिक दल और उनके नेता वादों की बरसात करते हैं, उससे एक नया शब्द 'रेवड़ी कल्चर' चर्चा में है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इसे गलत ठहरा चुके हैं, लेकिन हमारे सियासतदान हैं कि इससे किनारा करने की बजाए बढ़ावा देने में लगे हैं। कोई भी चुनाव आता है तो राजनीतिक पार्टियां वोट बटोरने के लिए रेवड़ी कल्चर को अपना लेती हैं। चुनाव घोषणा पत्रों में मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली योजनाओं की झड़ी दिखाई देती है। यह सीधे-सीधे मतदाताओं को प्रलोभन देना है क्योंकि मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली घोषणाओं से मतदाता प्रभावित होता है। चुनावी वादों की शुरुआत बहुत पहले दक्षिण में हो गई थी। तेलुगू सुपर स्टार एनटी रामा राव ने 1990 के दशक में गरीब महिलाओं के बीच साड़ी बांटने की शुरुआत की थी। टीडीपी नेता ने गरीबों को 2 रुपया प्रति किलो चावल भी दिया, जिससे एनटी रामा राव को सत्ता में वापसी करने का मौका मिला। डीएमके और अन्नाडीएमके के बीच तो हमेशा मुफ्त के चुनावी वादे करने के लिए होड़ मची रहती थी। आपको याद होगा कि डीएमके नेता करुणानिधि ने मुफ्त कलर टेलीविजन का वादा करके चुनावी सफलता हासिल की थी। इसके बाद नई दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने मुफ्त बिजली, निःशुल्क पानी और महिलाओं के लिए बसों में फ्री यात्रा जैसी अनेक घोषणाएं करके खूब वाहवाही लूटी। इसका पार्टी को आशातीत लाभ भी मिला। नई दिल्ली में प्रचंड बहुमत से आम आदमी पार्टी की सरकार बन गई। इसके बाद पंजाब में भी फ्री रेवड़ी कल्चर को अपनाया और वहां भी आम आदमी पार्टी दो तिहाई बहुमत से अपनी सरकार बनाने में सफल हो गई। बस फिर क्या था, लगभग सभी राजनीतिक पार्टियों ने यह फार्मूला अपनाना शुरू कर दिया। मुफ्तखोरी को बढ़ाने वाली ऐसी लोक लुभावन घोषणा करके कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में अपनी सरकार बना ली। अब स्थिति यह है कि ऐसी घोषणाओं के कारण पंजाब, कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश कर्ज तले दब गए हैं। सरकार का अधिकांश पैसा ऐसी घोषणाओं को अमलीजामा पहनाने में खर्च हो रहा है। नतीजतन विकास काम ठप हो गया है। सबसे बुरी हालत तो हिमाचल प्रदेश की है। वहां सरकार के पास सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों को भुगतान के लिए तक पैसे नहीं हैं। खजाना खाली हो गया है। कोई बड़ी बात नहीं कि बहुत जल्द वे दिवालिएपन की कगार पर पहुंच जाएं। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को चुनाव के वक्त की जाने वाली मुफ्त की योजनाओं को गलत ठहराया। कोर्ट ने कहा कि लोग काम करना नहीं चाहते, क्योंकि आप उन्हें मुफ्त राशन दे रहे हैं। बिना कुछ किए उन्हें पैसे दे रहे हैं। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ड मसीह की बेंच शहरी इलाकों में बेघर लोगों को आसरा दिए जाने की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। अब 6 हफ्ते बाद दोबारा इस याचिका पर सुनवाई होगी। इससे पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने फ्री रेवड़ी कल्चर पर कड़ी टिप्पणी की थी और इससे बचने की सीख दी थी। किन्तु अभी तक फ्री रेवड़ी कल्चर पर रोक लगाने के लिए कोई प्रभावी पहल नहीं की गई है। चुनाव आयोग मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रहा है। इस पर तुरंत रोक लगाए जाने की जरूरत है। चुनाव आयोग को इस पर कड़ा एक्शन लेना होगा और केंद्र सरकार को भी चाहिए कि मुफ्त रेवड़ी पर संसद में बिल लेकर आए ताकि इस पर रोक लगाई जा सके।



विश्लेषण
अवधेश कुमार

# 'आप' के अध्याय के अंत की ध्वनियां

> पिछले दो विधानसभा चुनावों से एकतरफा जीत हासिल करने वाली आप के खिलाफ सत्ता विरोधी रुझान कितना गहरा था, इसका अनुमान इसी से लगा सकते हैं कि अरविंद केजरीवाल अपने क्षेत्र के 123 मतदान केन्द्रों में से 115 पर पराजित रहे। भाजपा को 45.8 प्रतिशत मत मिले जो अब तक विधानसभा चुनावों में उसका सर्वाधिक है। 1993 विधानसभा चुनाव में उसे 42.8 प्रतिशत मत और 49 सीटें मिलीं थीं। आप को 43.57 प्रतिशत मत मिले। कह सकते हैं कि केवल दो प्रतिशत से थोड़ा अधिक के अंतर से जीत और हार को बड़ी घटना नहीं मानी जा सकती। पिछले चुनाव से भाजपा के मतों में 7.5 प्रतिशत की वृद्धि और आपके मतों में लगभग प्रतिशत की कमी आई है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव का परिणाम हर दृष्टि से असाधारण है। पूर्व मुख्यमंत्री आम आदमी पार्टी के सर्वेसर्वा एकमात्र चेहरा अरविंद केजरीवाल, उनके दूसरे साथी पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का चुनाव में पराजित होना एक दशक की राजनीति की सबसे बड़ी परिघटना है। कांटे के संघर्ष में भी केजरीवाल का भाजपा के प्रवेश वर्मा से 4389 मतों से हारना छोटी पराजय नहीं मानी जा सकती। हां, मनीष सिसोदिया का 675 मतों से हारना अवश्य छोटी है। इसी तरह मंत्री सौरभ भारद्वाज 3 हजार 188 और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन 20 हजार 998 मतों से हारे। मुख्यमंत्री आतीशी भी हारते-हारते बचीं। आखिरी दौर में मिली बढ़त से रमेश विधुड़ी से 3 हजार 521 मतों से आगे निकल पाईं। पिछले दो विधानसभा चुनावों से एकतरफा जीत हासिल करने वाली आप के खिलाफ सत्ता विरोधी रुझान कितना गहरा था, इसका अनुमान इसी से लगा सकते हैं कि अरविंद केजरीवाल अपने क्षेत्र के 123 मतदान केन्द्रों में से 115 पर पराजित रहे। भाजपा को 45.8 प्रतिशत मत मिले जो अब तक विधानसभा चुनावों में उसका सर्वाधिक है। 1993 विधानसभा चुनाव में उसे 42.8 प्रतिशत मत और 49 सीटें मिलीं थीं। आप को 43.57 प्रतिशत मत मिले। कह सकते हैं कि केवल दो प्रतिशत से थोड़ा अधिक के अंतर से जीत और हार को बड़ी घटना नहीं मानी जा सकती। पिछले चुनाव से भाजपा के मतों में 7.5 प्रतिशत की वृद्धि और आपके मतों में लगभग प्रतिशत की कमी आई है। यह प्रतिशत की गिरावट असाधारण है। इसे केवल दो पार्टियों के बीच की सामान्य चुनावी लड़ाई में मिली हार और जीत के रूप में नहीं देखा जा सकता। अगर यहां कांग्रेस और भाजपा होती तथा कांग्रेस से भाजपा जीतती, तब भी विजय बड़ी मानी जाती, वह असाधारण नहीं होता।

वास्तव में प्रत्येक चुनाव के अनुरूप इसके भी जीत हार का विश्लेषण हो रहा है और वह गलत नहीं है। सतह पर दिखते अनेक कारक इस चुनाव परिणाम में लागू होते हैं। अगर हम आप के उदय, उसकी पृष्ठभूमि, आचरण और सोच के अनुसार मूल्यांकन करें, तभी इस परिणाम के निहितार्थ समझ में आएंगे। अरविंद केजरीवाल 2011 में देश में एक नायक के रूप में उभरे। पहले अन्ना हजारे को सामने रखकर उन्होंने देश की चिंता में सक्रिय भारी संख्या में लोगों के अंदर समाज में व्यापक बदलाव का सपना दिखाया। व्यवस्था परिवर्तन, जिसमें राजनीति से बाहर रखकर काम करने वालों की बड़ी फौज खड़ी हुई, एक क्रांति का आह्वान था। हालांकि उन सपनों और क्रांति का अंत तभी हो गया जब राजनीति में न जाने और राजनीतिक दल न बनाने की शपथ लेने वाले केजरीवाल ने 2 अक्टूबर, 2012 को आम आदमी पार्टी बना ली। तब भी देश में राजनीति के माध्यम से सत्ता और समाज में बदलाव की कल्पना करने वालों के लिए वो उम्मीद की किरण बने रहे। तब नई राजनीति, सत्ता की नई प्रकृति तथा जनप्रतिनिधियों के व्यवहार के नए मापदंड बनाने के संकल्प व्यक्त किए गए।

इनमें भ्रष्टाचारविहीन, फिजूलखर्ची, वीआईपीवाद, भारी सुरक्षा व्यवस्था में चलने वाले नेताओं के दौर से पूरी तरह मुक्त सच्चे स्वराज और सच्चे लोकतंत्र स्थापना का उद्घोष किया गया था। घोषणा की गई कि न सरकारी आवास लेंगे, न बड़ी गाड़ियों में चलेंगे, न सुरक्षा लेंगे



और न हमारे कारण ट्रैफिक जाम होगा। यह पूरी तरह जनता के द्वारा जनता के बीच और जनता के साथ चलने वाली राजनीति और सरकार होगी। राजनीति से भ्रष्टाचार और अपराध का अंत होगा तथा किसी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा तो वह मुकदमे की प्रतीक्षा किए बगैर सत्ता से बाहर हो जाएगा। दिल्ली की सत्ता में आने के साथ इन विचारों के विपरीत केजरीवाल से लेकर उनके साथियों ने सारी विद्रूपताएं अपनाईं जिनको लेकर राजनीति से वितृष्णा पैदा हो रही थी। वीआईपीवाद, सरकारी तामझाम, आवास, सुरक्षा घेरे आदि में किसी प्रकार की कमी हो तो उसे ही राजनीति का मुद्दा बनाने के बदले हुए रंग ने उस सपने को भी ध्वस्त कर दिया। बावजूद जनता उन्हें 2020 में सत्ता तक लाई क्योंकि लोगों को उनसे कुछ उम्मीदें थी। राजनीति में चुनाव जीतने का उन्होंने सबके समानांतर जनता को फ्री 20 का लालची बना देने का सूत्र निकाला और इसका प्रभाव हुआ। उन्हें पंजाब की सत्ता भी सौंपी। 2022 आते-आते भ्रष्टाचार के ऐसे आरोप सामने आने लगे जिनमें कानूनी दांवपेंच से परे आम लोगों और पार्टी में भी बड़े वर्ग को दिखने लगा कि भ्रष्टाचार हुआ है। आबकारी नीति ने साफ कर दिया कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठाकर शुचिता, नैतिकता की शपथ लेकर राजनीति और सत्ता में आने वाले भ्रष्टाचार के दलदल में फंस गए। मुख्यमंत्री आवास, जिसे शीशमहल कहा गया, पर 45 करोड़ रुपये खर्चे और इन सबको सही ठहराने के रवैये ने सारे सपनों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। अगला चरण पार्टी के रूप में दिल्ली से चुनावी पराजय थी। तो क्या यहां से राजनीतिक दल के रूप में इतिहास के अध्याय के अंत की शुरुआत हो जाएगी? एक चुनाव में जीत-हार से सामान्यत किसी पार्टी के अंत की भविष्यवाणी नहीं की जा सकती। किंतु आप और केजरीवाल का विषय जैसा ऊपर बताया बिल्कुल सामान्य पार्टियों से अलग है। नये सपनों के विपरीत आचरण में सीमाओं को पार कर गए तो एक सामान्य राजनीतिक दल की तरह शासन की जिम्मेवारियों को ठीक से पूरा करते। दिल्ली की सड़कों की हालत खराब हो गई, जगह-जगह गड्ढे बन गए। गाड़ियों की गति धीमी होने से ट्रैफिक जाम और वाहनों के मेंटेनेंस खर्च बढ़। सड़क टूटने से जगह-जगह जलभराव ने बुरी स्थिति पैदा की। बची-खुची यमुना गंदे नाले में बदल गई। भयावह प्रदूषण के कारण पूरे विश्व में भारत को शर्मिंदगी उठानी पड़ी है।

शिक्षा और स्वास्थ्य का प्रचार बहुत हुआ लेकिन जमीन पर वैसा कुछ नहीं दिखा। 700 लीटर पानी और 200 यूनिट बिजली शुल्क माफ करने तथा महिलाओं को बसों में मुफ्त यात्रा का असर हुआ। लेकिन जल इतना घटिया कि सामान्य आदमी को भी खरीद कर पीना पड़ता है। केजरीवाल ने मान लिया कि सच को झूठ और झूठ को सच बताने तथा रंग बदलने से दिल्ली के लोग अप्रभावित हो जाते हैं। बस काम न होने के लिए केंद्र सरकार को दोषी ठहराओ, समाज के बहुत बड़े वर्ग को मुफ्तखोरी की आदत लगाए रखो और चुनाव जीतते रहो। उनको उम्मीद नहीं थी कि हरियाणा पर यमुना के जाल में जहर मिलाने का आरोप उल्टा पड़ जाएगा। इस कारण यमुना भी बड़ा मुद्दा बना। दूसरी ओर भाजपा ने इस बार लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद ही दिल्ली चुनाव की तैयारी की, हर स्तर पर मोर्चाबंदी, केजरीवाल को सीधा निशाना बनाया तथा मुफ्तखोरी की सारी घोषणाएं कर दी और परिणाम सामने है। सत्ता नहीं रहने और प्रमुख नेताओं के विधानसभा में नहीं होने के बाद की तस्वीरों का आकलन करिए। क्या स्वयं की भूमिका से विश्वसनीयता और साख को निम्न बिंदु पर लाने के बाद केजरीवाल और उनके साथी किसी तरह के आंदोलन की कोशिश करेंगे तो लोग साथ आएंगे? यह ऐसा प्रश्न है जिसका उत्तर आप का भविष्य बता देगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

विशेष
विकास खितौलिया




# सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं संत रविदास

भारत भूमि अवतारों, ऋषि-मुनियों व संत महात्माओं की धरा है। इस पावन भूमि पर बड़े-बड़े साधु-संत पैदा हुए हैं। उन्होंने अपने योग, तप, ज्ञान के बल पर लोगों को सच्चाई के रास्ते पर जीने की राह दिखाई। माना कि आजकल धर्म, अधर्म की राह पर चल पड़ा है। माना कि अब नकली संतों की भरमार है फिर भी यही की भूमि ही धर्म और संतों की है। इन्ही संत-महात्माओं ने सामाजिक समरसता एवं वसुधैव कुटुम्बकम् का अहम संदेश भी दिया इसलिए भारत के प्रत्येक नागरिक ने जयतु भारतवर्ष, जयतु सनातन संस्कृति के भाव को अपने भीतर समेटे रखा है। इस भाव को ही तो सामाजिक समरसता कहा जाता है। जहां भारत देश में विदेशी आक्रांताओं द्वारा अनेक आक्रमण हुए, अनेक बार यहां की संस्कृति पर प्रहार हुआ और जिस कारण सभी समाजों में अनेक कुरीतियों ने जन्म लिया। इन्हीं कुरीतियों को अपनी वाणियों एवं संदेशों द्वारा समाप्त करने के लिए अनेक ऋषि-मुनियों व संत महात्माओं ने भारत भूमि पर जन्म लिया। इसी क्रम में संत रविदास हैं जिन्होंने सामाजिक समरसता के विचार का उद्घोष किया। वह एक उच्च कोटि के साधक और विनीत भगवत भक्त भी थे। रविदास को पंजाब में रविदास कहा गया तो उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और राजस्थान में उन्हें रैदास के नाम से जाना गया। गुजरात और महाराष्ट्र के लोग 'रोहिदास' और बंगाल के लोग उन्हें 'उड़दास' कहते हैं। कई पुरानी पांडुलिपियों में उन्हें रायादास, रेदास, रेमदास और तैदास के नाम से भी जाना गया है। कहते हैं कि रविदास ने रविवार के दिन जन्म लिया था, जिस कारण इनका नाम रविदास रखा गया। संत शिरोमणि कवि रविदास का जन्म माघ पूर्णिमा को 1376 ईस्वी वाराणसी शहर के गोबर्धनपुर गांव में हुआ था। उनकी माता का नाम कमां देवी (कलसा) तथा पिता का नाम संतोख दास (रम्बु) था। उनका जन्म ऐसे समय में हुआ, जब उत्तर भारत के कुछ क्षेत्रों में मुगलों का शासन था। चारों ओर अत्याचार, गरीबी, भ्रष्टाचार व अशिक्षा का बोलबाला था। संत रविदास बचपन से ही भक्ति में लीन रहते थे। उनकी प्रतिभा को जानकर स्वामी रामानंदाचार्य ने उन्हें अपना शिष्य बनाया। स्वामी रामानंदाचार्य वैष्णव भक्तिधारा के महान संत थे। संत रविदास ने अपने दोहों व पदों के माध्यम से समाज में जातिगत भेदभाव को दूर कर सामाजिक एकता पर बल दिया और मानवतावादी मूल्यों की नींव रखी। इतना ही नहीं, वे एक ऐसे समाज की कल्पना भी करते थे, जहां किसी भी प्रकार का लोभ, लालच, दुख, दरिद्रता, भेदभाव नहीं हो। उन्होंने सीधे-सीधे लिखा कि 'रैदास जन्म के कारने होत न कोई नीच, नर कूं नीच कर डारि है, ओछे करम की नीच' यानी कोई भी व्यक्ति सिर्फ अपने कर्म से नीच होता है। कोई भी व्यक्ति जन्म के हिसाब से कभी नीच नहीं होता। संत रविदास ने अपनी कविताओं के लिए जनसाधारण की ब्रजभाषा का प्रयोग किया है। साथ ही इसमें अवधी, राजस्थानी, खड़ी बोली और रेख्ता यानी उर्दू-फारसी के शब्दों का भी मिश्रण है। रविदास के लगभग चालीस पद सिख धर्म के पवित्र धर्मग्रंथ गुरुग्रंथ साहब में भी सम्मिलित किए गए हैं। संत रविदास की ख्याति लगातार बढ़ रही थी जिसके चलते उनके लाखों भक्त थे जिनमें हरेक जाति के लोग शामिल थे। चित्तौड़गढ़ में संत रविदास की छतरी बनी हुई है। उन्होंने वाराणसी में 1540 ईस्वी में अपना देह छोड़ दिया। वाराणसी में संत रविदास का भव्य प्रसिद्ध सिद्ध स्थान है, जो सिद्ध पीठ गुरुद्वारा, मंदिर और मठ है। जहां सभी जाति के लोग दर्शन करने के लिए आते हैं। वाराणसी में श्री गुरु रविदास पार्क है जो नगवा में उनके यादगार के रूप में बनाया गया है उसमे उनके नाम पर गुरु रविदास स्मारक और पार्क बना है। रविदास को लेकर तमाम शोध पूर्व में भी हुए हैं लेकिन सरल भाषा में कहा जाए तो रविदास जी 'समता के प्रतीक' थे। ये भारत के लिए गर्व की बात है कि दुनिया के लगभग 150 देशों में रविदास की जयंती को मनाया जाता है। आखिर रविदास की वाणी में ऐसा क्या था, जिसे पूरा विश्व मानता है, रविदास की वाणी के कई पक्ष हैं जिन पर ज्यादा चर्चा नहीं हुई है। उनको जाति व्यवस्था के आलोचक के रूप में ही लोग जानते हैं लेकिन उनका व्यक्तित्व अपने में बहुत विशाल है और उसके बहुत से पक्ष भी हैं। रविदास का जन्म समाज में निचली मानी जाने वाली चमार जाति में हुआ। उनका एक प्रसिद्ध दोहा था 'मन चंगा तो कटौती में गंगा'। अर्थात मन शुद्ध होना चाहिए, कमंडल में जल भी गंगा समान है। बहरहाल रविदास ने समाज जीवन को समग्रता के साथ देखा। इस आधार पर देखा जाए तो रविदासजी दुनिया के पहले समाजवादी भी थे।

(लेखक पत्रकार और विचारक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# 'छिद्रान्वेषण', जो लोग दूसरों में ढूंढ़ते हैं दोष



संकलित
दर्शन

लोग प्रायः दूसरों में दोष ढूंढ़ने में लगे रहते हैं। इसी को छिद्रान्वेषण कहते हैं। ऐसा करने वाले लोग अपने बड़े-बड़े दोषों को देखते हुए भी नहीं देख पाते। फिर भी दूसरों में दोष निकालने से बाज नहीं आते। यह प्रवृत्ति न केवल स्वयं के लिए, अपितु समाज के लिए भी घातक है। इसी कारण समाज में ईर्ष्या, द्वेष और वैमनस्य का परिवेश बनता है। इसका सर्वाधिक विपरीत प्रभाव उन लोगों के मनोबल पर पड़ता है, जो ईमानदारी से समाज और देश की सेवा कर जीवन यापन करना चाहते हैं। छिद्रान्वेषी प्रवृत्ति अमूमन उन्हीं लोगों में देखने को मिलती है जो स्वयं बुराइयों के भंडार होते हैं। इससे उनकी सकारात्मक ऊर्जा का निरंतर क्षरण होता है और स्वयं का विकास अवरुद्ध हो जाता है। इसीलिए चाणक्य ने कहा है, 'मनुष्य की यह प्रवृत्ति कभी अपने भीतर सद्गुणों का विकास नहीं होने देती।' परिणामस्वरूप मन, वाणी और कर्म तीनों कलुषित हो जाते हैं। महाभारत में दुर्योधन छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का सबसे बड़ा उदाहरण है। उसने कभी अपने दोष देखने का प्रयास नहीं किया। इसीलिए उसके मन, वाणी और कर्म सभी कलुषित हो गए। एक बार गुरु द्रोण ने दुर्योधन और युधिष्ठिर दोनों को राज्य में साधु पुरुषों की गणना के लिए भेजा तो दुर्योधन को कोई साधु पुरुष मिला ही नहीं। यह दुर्योधन की छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का परिणाम था। इसके विपरीत युधिष्ठिर को कोई दुर्जन व्यक्ति नहीं मिला। वास्तव में दूसरे के दोष देखने का अधिकार उसी को है, जिसमें वह बुराई न हो।

# चंद्र देव को दक्ष ने दे दिया था शाप



संकलित
प्रेरणा

चंद्र और दक्ष प्रजापति से जुड़ी कथा है। दक्ष प्रजापति ने अपनी 27 पुत्रियों का विवाह चंद्र देव से किया था। दक्ष की सभी पुत्रियों में रोहिणी सबसे सुदर थी। इसी वजह से चंद्र रोहिणी से अधिक प्रेम करते थे और बाकी पत्नियों पर ध्यान नहीं देते थे। इस कारण दक्ष की शेष 26 पुत्रियों को रोहिणी से जलन होने लगी। इन 26 पुत्रियों ने ये बात अपने पिता प्रजापति दक्ष से कह दी। दक्ष ये सुनकर गुस्सा हो गए और उन्होंने चंद्र को धीरे-धीरे क्षीण होने यानी खत्म होने का शाप दे दिया। दक्ष के शाप से चंद्र देव धीरे-धीरे घटने लगा यानी खत्म होने लगे। चंद्र देव ने दक्ष के शाप का असर खत्म करने के लिए ब्रह्माजी से मदद मांगी। तब ब्रह्मा जी ने चंद्र को सलाह दी कि उन्हें प्रभास क्षेत्र (सोमनाथ का क्षेत्र) में शिव जी को प्रसन्न करने के लिए तप करो। शिव जी की कृपा से तुम्हारी समस्याएं दूर हो जाएंगी। ब्रह्मा जी की बात मानकर चंद्र ने प्रभाष क्षेत्र में शिवलिंग स्थापित किया और तपस्या शुरू कर दी। चंद्र के कठोर तप से प्रसन्न होकर शिव जी प्रकट हुए और दक्ष के शाप का असर कम करके अमर होने का वरदान दे दिया। दक्ष के शाप का असर कम होने से चंद्र कृष्ण पक्ष में क्षीण यानी खत्म होता है और शुक्ल पक्ष में चंद्र बढ़ने लगता है। पूर्णिमा को पूर्ण रूप हो जाता है। चंद्र देव ने शिव जी से प्रार्थना की थी कि वे प्रभाष क्षेत्र में ही वास करें। चंद्र देव की प्रार्थना मानकर भगवान ज्योति स्वरूप में प्रभाष क्षेत्र में विराजित हो गए। यहां चंद्र देव ने शिवलिंग स्थापित किया था, इसी वजह से इस शिवलिंग का नाम सोमनाथ पड़ा है।

## सटाका




## आज की पाती

### स्वामी दयानंद सरस्वती जी की शिक्षाएं

आर्य समाज के संस्थापक, समाज को अंधविश्वास और रूढ़िवादिता की बेड़ियों से मुक्त कराने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्वामी दयानंद सरस्वती का जन्म 12 फरवरी 1824 को भारत की भूमि गुजरात के टंकारा में हुआ था। उनका बचपन का नाम मूलशंकर अंबाशंकर तिवारी था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा संस्कृत में हुई थी। उन्होंने बचपन में संस्कृत और वेदों का ज्ञान प्राप्त किया। उन्होंने वर्ष 1876 में हम भारतीयों के लिए भारत में स्वराज की मांग सबसे पहले की थी। इसके बाद लोकमान्य तिलक ने इसे आगे बढ़ाने में अपना योगदान दिया था। उन्होंने जीवन की सच्चाई जानने के लिए सांसारिक सुखों को भी त्याग दिया था। हिंदू धर्म के लिए बहुत काम किए थे। हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाने के लिए भी बहुत से प्रयत्न किए। उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं।

*– उपेन्द्र तिवारी, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### शोक की घड़ी



राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी महंत सत्येंद्र दास के देहावसान से अत्यंत दुख हुआ है। ईश्वर से प्रार्थना है कि शोक की इस घड़ी में उनके परिजनों एवं अनुयायियों को संबल प्रदान करे। ओम शांति!

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं



सिख धर्म के सातवें गुरु हर राय साहिब के प्रकाश पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। गुरु हर राय जी का जीवन सेवा, साहस और संयम का पर्याय है। सत्य, अहिंसा और जनसेवा के प्रति समर्पण की प्रतिमूर्ति गुरु हर राय के आदर्श समस्त देशवासियों के लिए प्रेरणादायक हैं।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### सरकार संज्ञान ले



कुशीनगर जिला प्रशासन द्वारा हाटा नगर क्षेत्र में मदनी मस्जिद के कथित अवैध निर्माण को तोड़े जाने की खबर है। उसको लेकर लोगों में आक्रोश स्वाभाविक है। यूपी सरकार अविलम्ब संज्ञान लेकर प्रशासन की ऐसी कार्रवाइयों पर रोक लगाए।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### बदलाव का स्वागत



भारत एआई क्रांति को आगे बढ़ाने और बढ़ावा देने के चौराहे पर खड़ा है। यह क्रांति अभूतपूर्व गति से परिवर्तन लाएगी, जो अधिकांश लोगों को अराजकता जैसा महसूस होगा। हम बदलाव का स्वागत करते हैं।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

# क्या मस्क अमेरिकी सरकार पर नियंत्रण हासिल कर रहे



अमेरिका के कई लोग इस बात से भयभीत हैं कि दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क को हाल के हफ्तों में अमेरिकी सरकार के विभिन्न कार्यालयों में 'हस्तक्षेप' की अनुमति दी गई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थन तथा भरोसेमंद लोगों की एक छोटी सी टीम के सहयोग से मस्क ने अमेरिका की विशाल संघीय नौकरशाही पर सफलतापूर्वक 'नियंत्रण' हासिल कर लिया है। मंगलवार को ट्रंप ने एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिससे मस्क को और भी अधिक शक्ति मिल गई। इसके तहत संघीय एजेंसियों को अपने कर्मचारियों की संख्या में कटौती करने और नई नियुक्तियों को प्रतिबंधित करने में मस्क की अगुवाई वाले 'सरकारी दक्षता विभाग' (जिसे डीओजीई के नाम से जाना जाता है) के साथ सहयोग करना होगा। ट्रंप प्रशासन में एक 'विशेष सरकारी कर्मचारी के रूप में शामिल होने के बाद मीडिया को दी गई अपनी पहली टिप्पणी में, मस्क ने इस आलोचना का भी जवाब दिया कि वह अमेरिकी सरकार पर 'जबरन नियंत्रण' हासिल कर रहे हैं। लोगों ने प्रमुख सरकारी सुधार के लिए मतदान किया था और यही परिणाम उन्हें मिलने वाला है।

## ऑफ बीट

# पृथ्वी ग्लोबल वार्मिंग की सीमा पार कर रही



दो प्रमुख वैश्विक अध्ययनों में कहा गया है कि पृथ्वी ग्लोबल वार्मिंग के संबंध में निर्धारित 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा को पार कर रही है और ग्रह की जलवायु संभवतः भयावह स्तर पर एक नए चरण में प्रवेश कर गई है। जलवायु परिवर्तन पर ऐतिहासिक 2015 पेरिस समझौते के तहत मानवता ने ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और ग्रह के तापमान को पूर्व-औद्योगिक औसत से 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक न जाने देने की मांग उठाई है। 2024 में, पृथ्वी पर तापमान उस सीमा को पार कर गया। अभी जारी किए गए दो शोधपत्र एक अलग माप का उपयोग करते हैं। दोनों ने यह निर्धारित करने के लिए ऐतिहासिक जलवायु डेटा की पड़ताल की कि क्या हाल के दिनों में बहुत गर्म वर्ष इस बात का संकेत थे कि भविष्य में, आंकड़े दीर्घकालिक तापमान सीमा से परे चले जाएंगे। उत्तर, चिंताजनक रूप से, हाँ था। शोधकर्ताओं का कहना है कि रिकॉर्ड-गर्म 2024 इंगित करता है कि पृथ्वी 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा पार कर रही है, जिसके परे वैज्ञानिकों ने पृथ्वी पर जीवन का समर्थन करने वाली प्राकृतिक प्रणालियों को विनाशकारी नुकसान की भविष्यवाणी की है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

आदेश का पालन न होने पर व्यक्तिगत रूप से होना पड़ेगा हाजिर

## हाईकोर्ट ने कलेक्टर को शपथ पत्र पेश करने अंतिम अवसर दिया

### सीएम के कार्यक्रम में निगमायुक्त द्वारा बसों में डीजल भरवाने का मामला

जबलपुर।

हाई कोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल की सिंगल बेंच ने मुख्यमंत्री के सम्मान कार्यक्रम के लिए लगी बसों में निगमायुक्त द्वारा डीजल भरवाए जाने के मामले में कलेक्टर, जबलपुर को शपथ पत्र पेश करने 25 फरवरी तक की अंतिम मोहलत दे दी है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि इस बीच शपथ पत्र पेश नहीं किया गया तो कलेक्टर को व्यक्तिगत रूप से हाजिर होकर स्पष्टीकरण देना होगा।

किस कानून में लिखा है सीएम कार्यक्रम के लिए निगमायुक्त बसों में डीजल भरवाएं : इस मामले की प्रारंभिक सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने पूछा था किस कानून में यह प्रविधान है कि मुख्यमंत्री के सम्मानार्थ आयोजित कार्यक्रम के लिए निगमायुक्त बसों में डीजल भरवाएं। इस सिलसिले में जबलपुर के कलेक्टर शपथ पत्र पर अपना जवाब प्रस्तुत करें। कोर्ट ने प्रथमदृष्ट्या सार्वजनिक धन के गोलमाल के आरोप को गंभीर प्रकृति का निरूपित करते हुए यह निर्देश दिया था। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा था कि याचिकाकर्ता अब याचिका वापस लेने का हकदार नहीं होगा।



#### क्या है मामला

याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी सुगम चंद्र जैन की ओर से अधिवक्ता आशीष रावत ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री के सम्मान में आयोजित एक कार्यक्रम के लिए अधिग्रहित की गई बसों में भरे गए डीजल का अब तक भुगतान नहीं किया गया है। याचिका की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता को अवगत कराया गया कि डीजल भरने के लिए प्रशासनिक स्तर पर कोई आदेश जारी नहीं किया गया था।

## अतिथि शिक्षकों के नियमितिकरण पर 30 दिन में निर्णय लें

### -हाई कोर्ट ने आयुक्त लोक शिक्षण को दिया आदेश

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस संजय द्विवेदी की सिंगल बेंच ने आयुक्त लोक शिक्षण को आदेश दिया है कि अतिथि शिक्षकों के नियमितिकरण पर 30 दिन में निर्णय लें। ऐसा न किए जाने पर अतिथि शिक्षण अवमानना याचिका दायर करने स्वतंत्र होंगे। याचिकाकर्ता अतथि शिक्षकों की ओर से दलील दी गई कि वे 10 वर्ष से अधिक अवधि से सेवाएं देते आ रहे हैं। इसलिए नियमितिकरण के हकदार हैं। इस सिलसिले में समय-समय पर अभ्यावेदन दिए गए, जिनका कोई नतीजा नहीं निकला। आंदोलन किए गए, इसके बावजूद ठोस कदम नहीं उठाया गया। महज आश्वासन का झुनझुना पकड़ाया गया। आपत्तिजनक बिंदु यह है कि मूल मांग पूरी करने के स्थान पर समय-समय पर भर्ती नियमों में परिवर्तन कर परेशान करने का तरीका अपनाया गया। इससे अनुभव व योग्यता दरकिनार हो गए। पहले से कार्यरत अतिथि शिक्षकों को हटाकर नई नियुक्तियां करने की कवायद की गई। जिसके विरुद्ध याचिकाएं दायर हुईं। रोक लगी। लेकिन सरकार ने पहले डीएड-बीएड के साथ टीईटी उत्तीर्ण की शर्त अधिरोपित की और बाद में इसके साथ एक चयन परीक्षा और उत्तीर्ण करने का बोझ लाद दिया। इससे तंग आकर आयुक्त लोक शिक्षण को सूचना पत्र जारी किया गया। जिसका जवाब नदारद होने पर न्यायहित में हाई कोर्ट की शरण ली गई है।

बकाया राशि जमा करने के लिए 3 दिन का नोटिस जारी

## तन्हाई बार एण्ड रेस्टोरेन्ट की संपत्ति कुर्क

**जबलपुर**। नगर निगम द्वारा राजस्व वसूली अभियान में सख्ती दिखाते हुए बकायादारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के दिशा-निर्देशन में 23 बड़े करदाताओं की संपत्तियों को कुर्क किया गया। यह कार्रवाई संभाग क्रमांक 7, 8, 10, 13 और 15 के अंतर्गत की गई। बकायादारों को 24 घंटे का नोटिस जारी कर कहा गया कि वे बकाया करों की राशि जमा करें, अन्यथा कुर्क की गई संपत्तियों को नीलाम किया जाएगा।

इसमें तन्हाई बार एण्ड रेस्टोरेन्ट के मालिक सरदार रजिन्दर सिंह पर 5 लाख 18 हजार 558 रुपये की राशि बकाया पाई गई, जिसके बाद उनकी संपत्ति को कुर्क किया गया और उन्हें 3 दिन का अंतिम नोटिस जारी किया गया। इसी तरह गोपीबाई उर्फ शांतिबाई चौधरी पर 8 लाख 81 हजार 280 रुपये की राशि बकाया होने पर भी कुर्की की कार्रवाई की गई।नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों और राजस्व विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति में यह कुर्की की कार्रवाई की गई। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने सभी बकायादारों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द बकाया राशि जमा करें, ताकि निगम द्वारा की जाने वाली अप्रिय कार्रवाई से बच सकें।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह वसूली अभियान आगे भी जारी रहेगा और बकायादारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।



## हाई कोर्ट ने अनुकंपा नियुक्ति न देने पर मांगा जवाब

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने पिता की मृत्यु के उपरांत पुत्र को अनुकंपा नियुक्ति न दिए जाने के मामले में जवाब-तलब कर लिया है। इस सिलसिले में सेंट्रल बैंक के चेयरमैन व सहायक महाप्रबंधक, मुंबई को नोटिस जारी किए गए हैं। जवाब पेश करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया गया है। याचिकाकर्ता तुषार व्यास की ओर से अधिवक्ता नर्मदा प्रसाद चौधरी व अमित चौधरी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता के पिता संजय व्यास, सेंट्रल बैंक की मुंबई शाखा में कार्यरत थे। उनका निधन दो दिसंबर, 2021 को हो गया था। जिसके बाद 15 मार्च, 2023 को याचिकाकर्ता ने पुत्र होने के नाते अनुकंपा नियुक्ति का आवेदन दिया। लेकिन आवेदन दरकिनार कर दिया गया। इसी रवैये से व्यथित होकर हाई कोर्ट की शरण ली गई है।




## ट्रेन हादसे के शिकार 2 वृद्धों के शव परिजनों को सौंपे

**जबलपुर**। ट्रेन हादसे में शिकार हुए दो बुजुर्गों के शव मोक्ष संस्था ने उनके परिवारजनों को सुपुर्द किए। मोक्ष संस्था के प्रमुख आशीष ठाकुर ने बताया कि रेलवे से उन्हें सूचना मिली थी कि दो वृद्ध ट्रेन से टकराकर कालकवलित हो गए। एक वृद्ध प्रयागराज से लौट रहे थे तो दूसरा पेंशन लेने बैंक जा रहे थे। रेलवे से स्वयंसेवी संस्था मोक्ष को सूचना मिली। एक मृतक की शिनाख्त पासबुक के आधार पर 60 वर्षीय चतुकोल कलकत्ता निवासी के रुप में हुई, वे यहां चूना भट्टा में काम करते थे। यहां पेंशन लेने आते थे। इसी प्रकार गोपालगंज बिहार निवासी 62 वर्षीय रमाकांत शर्मा प्रयागराज कुंभ स्नान कर लौट रहे थे। जबलपुर स्टेशन पर हादसे का शिकार हो गए। दोनों की शिनाख्त होने के बाद मोक्ष संस्था ने परिवारजनों से संपर्क साधा और शव उनके परिजनों को सुपुर्द किया। परिजनों ने मोक्ष संस्था को इस संवेदनशील कार्य के लिए साधुवाद दिया।

## सामुदायिक मध्यस्थता सामाजिक सामंजस्य को मजबूत करने की दिशा में एक आंदोलन

### प्रशिक्षण कार्यक्रम में हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत ने रखे विचार

जबलपुर।

सामुदायिक मध्यस्थता के महत्व को दर्शाते हुये कहा गया कि न्यायपालिका की भूमिका केवल विवादों का निराकरण करना ही नहीं है बल्कि अनावश्यक मुकदमेबाजी पर लगाम लगाने वाले तंत्रों को बढ़ावा देना भी है। सामुदायिक मध्यस्थता मात्र एक वैकल्पिक विवाद समाधान ही नहीं है बल्कि यह शांति को बढ़ावा देने, रिश्तों को बहाल करने और सामाजिक सामंजस्य को मजबूत करने की दिशा में एक आंदोलन है। उक्त विचार हाई कोर्ट के मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य संरक्षण व हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत ने सामुदायिक मध्यस्थता स्वयंसेवको हेतु आयोजित प्रशिक्षण कार्यकम का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए। इस दौरान प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष हाई कोर्ट के प्रशासनिक न्यायाधीश संजीव सचदेवा, इंदौर बेंच के प्रशासनिक न्यायाधीश विवेक रूसिया मंचासीन थे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जबलपुर जिले के विभिन्न समुदायों से उपस्थित हुए सामुदायिक मध्यस्थता स्वयंसेवकों हेतु सामुदायिक मध्यस्थता को प्रभावी बनाए जाने के उद्देश्य से तीन दिवसीय प्रशिक्षण देना है। इस अवसर पर मुख्यपीठ जबलपुर के प्रशासनिक न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा ने कहा कि वर्तमान में विभिन्न समुदायो के लोगों के मध्य विवादों को प्रारंभिक स्तर पर ही समझौते के माध्यम से सुलझाने की दिशा में सामुदायिक मध्यस्थता एक सशक्त माध्यम है। इंदौर के प्रशासनिक न्यायमूर्ति विवेक रूसिया ने कहा कि सामुदायिक मध्यस्थता के अंतर्गत संबंधित समुदाय के प्रशिक्षित प्रबुद्धजन द्वारा सुलह एवं समझाईश के माध्यम से पक्षकारों के मध्य उत्पन्न विवादों का निराकरण कराने का प्रयास किया जाता है जिससे न केवल मुकदमों की संख्या में कमी आती है बल्कि पक्षकारों के मध्य सौहार्दपूर्ण वातावरण का निर्माण होता है। कार्यक्रम में धरमिंदर सिंह, रजिस्ट्रार जनरल, हाई कोर्ट, प्रदीप मित्तल, सदस्य सचिव, मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, कृष्णमूर्ति मिश्र, निदेशक, मप्र राज्य न्यायिक अकादमी, आलोक अवस्थी, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जबलपुर, रजिस्ट्री के अधिकारीगण, अरविंद श्रीवास्तव, अतिरिक्त सचिव मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी उपस्थित रहें। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण का आभार प्रदीप मित्तल, सदस्य सचिव, मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा व्यक्त किया गया। संचालन अनिरूद्ध जैन, उप सचिव मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा किया गया।

## कार की टक्कर से खाना बनाकर लौट रहे 3 हलवाई घायल

**जबलपुर**। बरेला थाना अतंर्गत आशीर्वाद गार्डन में शादी कार्यक्रम में खाना बनाकर घर जाने के लिए रोड किनारे बस का इंतजार कर रहे तीन हलवाईयों को कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से तीनों घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए प्रायवेट वाहन से जबलपुर के अस्पताल में भिजवाया गया। बरेला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कांचघर घमापुर निवासी 51 वर्षीय हलवाई दुर्गा प्रसाद प्रजापति गत दिवस एक शादी में खाना बनाने के लिए आशीर्वाद गार्डन बरेला गया था। वहां से काम करके अपने साथी घनश्याम विश्वकर्मा, राजा सोनकर, मुकेश पटैल और भांजी दीया प्रजापति के साथ घर आने के लिये आशीर्वाद गार्डन से निकलकर थोड़ी दूर पैदल आये और रोड़ किनारे खड़े होकर बस का इंतजार करने लगे। तभी मनेरी तरफ से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 बीए 3166 के चालक ने घनश्याम विश्वकर्मा, राजा सोनकर, दीपा प्रजापति को टक्कर मार दी, जिससे तीनों को चोटें आ गयीं। दुर्गा प्रसाद और मुकेश पटेल ने प्रायवेट वाहन से तीनों घायलों को उपचार के लिए जबलपुर भिजवाया। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## महिला ने फांसी लगाई

**जबलपुर**। भेड़ाघाट थाना अतंर्गत बिलखरवा में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। भेड़ाघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिलखरवा निवासी 40 वर्षीय श्रीमति रंजना यादव ने गत रात 12 बजे से बुधवार की सुबह लगभग 9 बजे के बीच अपने मकान की दहलान में लोहे के पाईप में रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## बाईक की टक्कर लगने पर बदमाशों ने युवक पर किया प्राणघातक हमला

**जबलपुर**। हनुमानताल थाना अतंर्गत फूटाताल चौक में मोटर सायकिल में टक्कर लगने की बात पर तीन बदमाशों ने एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरंदी दिलवार होटल के पीछे बेलबाग निवासी निशार फूटाताल चौक में पोशाक टेलर की दुकान में काम करता है। गत दोपहर फूटाताल मैदान में लगभग 2.30 बजे मोटर सायकिल में टक्कर लगने की बात पर निशार का विवाद अदनान, इमरान और एक अन्य युवक के साथ हुआ था। विवाद के बाद निशार अपने काम पर चला गया था। लगभग 3.30 बजे निशार दुकान के बाहर खड़ा था तभी अदनान, अनवर, इमरान अपने एक अन्य साथी के साथ बाईक से आया और निशार के साथ गालीगलौज करने लगे। अदनान एवं अनवर ने मारपीट कर दी और इमरान ने चाकू से हमलाकर घायल कर जान से मारने की धमकी दी। घायल को उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 109, 351(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।



## 170 पाव अग्रेंजी एवं 140 पाव देशी शराब जप्त

**जबलपुर**। भेड़ाघाट पुलिस ने गत रात भेड़ाघाट चौराहा सुखचैन ढाबा के पास अवैध शराब के कारोबार में लिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 170 पाव अंग्रेजी एवं 140 पाव देशी शराब जब्त की है। भेड़ाघाट थाना प्रभारी श्रीमति पूर्वा चौरसिया ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर भेड़ाघाट चौराहा सुखचैन ढाबा के पास शराब बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे शीतलाबाई मोहल्ला बरगी निवासी 20 वर्षीय कृष्णकांत श्रीवास को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अंग्रेजी शराब पेरिस रोज के 170 पाव एवं दो थैले में 140 पाव देशी शराब रखी मिली। आरोपी के कब्जे से 310 पाव अंग्रेजी और देशी शराब जब्त की है, जिसकी कीमत लगभग 39 हजार 900 रुपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## घंटाघर में पट्टी लिखते सटोरिया रंगे हाथ पकड़ा गया

**जबलपुर**। ओमती पुलिस ने गत रात घंटाघर के पास सट्टा पट्टी लिख रहे एक सटोरिए को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नगद 26 हजार 705 रुपए, एक मोबाइल और एक एक्सिस वाहन जब्त की है।ओमती थाना प्रभारी राजपाल सिंह बघेल ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर घंटाघर के पास सट्टा पट्टी लिख रहा बड़ी ओमती पेशकारी स्कूल पास निवासी 42 वर्षीय मोनू उर्फ संजय सोनकर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 सट्टा पट्टी, रेडमी कंपनी को मोबाइल और एक्सिस क्रमांक एमपी 20 एस एस 2222 तथा नगदी 26 हजार 705 रूपये जब्त किए है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 4 क सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

### बैंक से चोरी चला गया मोबाईल

गोरखपुर थाना अतंर्गत यूबीआई मदनमहल शाखा छोटी लाईन बैंक से अज्ञात चोर मोबाइल चोरी कर ले गया। गोरखपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गढ़ा बाजार पुरवा रोड डॉक्टर्स कालोनी के पास निवासी 45 वर्षीय शैलेष वर्मा यूबीआई मदन महल शाखा में छोटी लाईन के पास बैंक में काम करता है। गत दिवस जब वह यूबीआई मदन महल शाखा में काम कर रहा था तब उसका वन प्लस कंपनी का मोबाइल बैंक शाखा से अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 305 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

### जुए के फड़ पर छापा

गोराबाजार पुलिस ने गत शाम तिलहरी पानी की टंकी के पास बिजली खंबे के नीचे लाईट के उजाले में जुआ मन्ना खेल रहे 4 जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नगद 3 हजार 840 रुपए जब्त किए है। गोराबाजार पुलिस थाना प्रभारी रमन सिंह मरकाम ने बताया कि गत शाम मुखबिर की सूचना पर तिलहरी पानी की टंकी के पास बिजली खंबे के नीचे लाईट के उजाले में जुआ मन्ना खेल रहे चौधरी मोहल्ला तिलहरी निवासी बबलू यादव, तालाब के पास तिलहरी निवासी जितेन्द्र पटेल, चौहानी मरघटाई के पास गढ़ा निवासी सोमनाथ डुमार, तालाब के पास तिलहरी निवासी लखन पटैल को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ताश के 52 पत्ते तथा 3 हजार 840 रूपये जब्त किए है। पुलिस ने सभी जुआड़ियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

मैट्रो बस चालक का वीडियो वायरल, पुलिस ने लिया संज्ञान

## ध्यान मोबाइल पर, हाथों में स्टेयरिंग कैसे सुरक्षित रहे जान

जबलपुर।

एक बस चालक एक सैंकड़ा जान का जिम्मेदार होता है। आधा सैंकड़ों वो जो बस में बैठे हैं, आधा सैं सड़क पर बस के आसपास वाहन चला रहे हैं। लेकिन ऐसे ड्राईवर भी जिन्हें किसी जान की फिक्र नहीं। ऐसे ही एक ड्रायवर का वीडियो जबलपुर में वायरल हो रहा है। ड्रायवर मोबाईल पर रील देखते हुये, मेट्रो बस चला रहा है। यह वीडियो किसी यात्री ने बनाया है, इसमें एक बस का ड्राइवर रील देखते हुए बस चला रहा है। इस दौरान वह स्टेरिंग भी संभाल रहा है और गियर भी बदल रहा है। लेकिन अपनी इस होशियारी में उसने 50 से ज्यादा बस के भीतर बैठे हुए लोगों की जान खतरे में डाली और सड़क पर चलने वाले लोगों को भी खतरा पैदा किया।

### 'नौकरी से हटाए जाएगें ऐसे ड्राइवर'

जबलपुर शहर में मेट्रो बस का संचालन नगर निगम करता है। इस मामले में नगर निगम के मेट्रो बस संचालक गतिविधि को देखने वाले अधिकारी सचिन विश्वकर्मा ने बताया कि "नगर निगम पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के मॉडल पर मेट्रो बस का संचालन करवा रहा है। इसमें बस के भीतर का स्टाफ रखने का काम ठेकेदार का है। बस ठेकेदार ही नगर निगम बस मालिकों को प्रति किलोमीटर के हिसाब से पेमेंट करता है। इसलिए इस शिकायत पर वे ठेकेदार के माध्यम से कार्यवाही करवाएंगे।" सचिन विश्वकर्मा का कहना है कि "यह बड़ी लापरवाही है और ऐसे ड्राइवर को तुरंत नौकरी से हटाया जाएगा।"



### ड्राइवर के खिलाफ होगी कानूनी कार्रवाई

यह मामला जबलपुर पुलिस तक भी पहुंच गया है। जबलपुर के एडिशनल एसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि "इसमें ड्राइवर की लापरवाही है। ऐसी लापरवाही कई लोगों की जान पर भारी पड़ सकती है। इसलिए ऐसे ड्राइवर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वे इस वीडियो की जांच करके इस ड्राइवर तक पहुंच कर उसके खिलाफ कार्रवाई करेंगे।" खते हुए बस चल रहा है। इस दौरान वह स्टेरिंग भी संभाल रहा है और गियर भी बदल रहा है। लेकिन अपनी इस होशियारी में उसने 50 से ज्यादा बस के भीतर बैठे हुए लोगों की जान खतरे में डाली और सड़क पर चलने वाले लोगों को भी खतरा पैदा किया, क्योंकि बस इस दौरान काफी स्पीड में है। ऐसे हालात में दुर्घटना कुछ सेंकड में घट सकती है, लेकिन लापरवाह बस ड्राइवर लगातार रील देखते हुए बस चलाता रहा।

### 'नौकरी से हटाए जाएगें ऐसे ड्राइवर'

जेसीटीएल के सचिन विश्वकर्मा ने बताया कि "नगर निगम पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के मॉडल पर मेट्रो बस का संचालन करवा रहा है। इसमें बस के भीतर का स्टाफ रखने का काम ठेकेदार का है। बस ठेकेदार ही नगर निगम बस मालिकों को प्रति किलोमीटर के हिसाब से पेमेंट करता है। इसलिए इस शिकायत पर वे ठेकेदार के माध्यम से कार्यवाही करवाएंगे।" सचिन विश्वकर्मा का कहना है कि "यह बड़ी लापरवाही है और ऐसे ड्राइवर को तुरंत नौकरी से हटाया जाएगा।

जन्मदिन उत्सव
पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह मार्च का फार्मेट का प्रकाशन 10 फरवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 15 फरवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### केजेएस सीमेंट प्लांट पर श्रमिकों का हंगामा, काम बंद कर अनशन पर बैठे

**मैहर।** केजेएस सीमेंट प्लांट पर श्रमिकों के द्वारा अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा। काम बंद कर अनशन पर श्रमिक बैठ गए हैं। पूर्व में बिना जानकारी के एक श्रमिक का गेट पास बंद किया गया था और इंक्रीमेंट नहीं मिलने से नाराज श्रमिक सीमेंट प्लांट के बाहर काम बंद कर अनशन पर बैठे हैं। ये प्रदर्शन भारतीय मजदूर संघ के द्वारा किया जा रहा है,प्रदर्शन उग्र होने की संभावना होने पर मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद रहा। प्रबंधन और मजदूर नेताओं के बीच बैठक का दौर जारी है।

### संत रविदास की मनाई गई 648वीं जयंती

**मैहर।** मैहर अरकण्डी स्थित संत रविदास आश्रम में श्री जगतगुरू संत रविदास की 648 वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,पारस नाथ तिवारी,मनोज तिवारी, संत रामपाल महाराज,अत्रिमुनि महाराज, सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी, फूलचंद, शंकर, दयाराम, सोमनाथ गोरेलाल सहित काफी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने आश्रम में उपस्थित होकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण समिति की बैठक आयोजित

**मैहर।** कलेक्ट्रेट में मंगलवार को अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, कलेक्टर रानी बाटड, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश वैश्य, अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, फूल सिंह टेकाम, नरेंद्र सिंह उईके, इन्द्र पाल पटेल, मोलाई चौधरी, गुलाब सिंह, राम भाई कोरी अन्य लोग उपस्थित रहे। इस बैठक में कलेक्टर रानी बाटड ने कहा कि अगली बैठक में थाना वार समीक्षा होगी और समीक्षा बैठक का एजेंडा और सूचना सात दिवस पहले जारी करे सूचना और बैठक में तैयारी से आए अधिकारी पेंडिग मामलों का जल्द निराकरण करे।

## माघी पूर्णिमा पर कामदगिरि परिक्रमा जारी, देर शाम तक 4 लाख लोग पहुंचेंगे

# चित्रकूट में मंदाकिनी में दो लाख भक्तों ने लगाई डुबकी

सतना

भगवान राम की तपोस्थली चित्रकूट में माघी पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़। बुधवार सुबह से ही मंदाकिनी घाट पर देर शाम तक 4 लाख श्रद्धालुओं ने स्नान किया। शाम तक यह आकड़ा 3 लाख पहुंचने की उम्मीद है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं।

एडिशनल एसपी विक्रम सिंह कुशवाह के नेतृत्व में 350 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। मंदाकिनी नदी में एसडीआरएफ के जवान भी मुस्तैद हैं। मंगलवार को ही करीब ढाई लाख श्रद्धालु चित्रकूट पहुंचे थे।

प्रयागराज महाकुंभ के कारण इस बार श्रद्धालुओं की संख्या में विशेष वृद्धि देखी जा रही है। भीड़ प्रबंधन के लिए प्रयागराज की तरफ से आने वाले वाहनों को यूपी सीमा पर ही रोका जा रहा है। मझगवां के पिंडरा में भारी वाहनों का रूट डायवर्ट किया जा रहा है,जिससे कुछ स्थानों पर जाम की स्थिति बन रही है। सुबह से ही घाट पर स्नान करने वालों की भीड़ लग रही है। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस और एसपी आशुतोष गुप्ता ने सती अनुसुइया में श्रद्धालुओं से बात कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गुप्त गोदावरी और हनुमानधारा की तरफ जाने वाले वाहनों को 2 किलोमीटर पहले ही पार्क कराया जा रहा है। प्रशासन की ओर से सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद की गई हैं,जिससे श्रद्धालुओं को







# सतना और मैहर समेत कई जगहों पर जाम

### रेलवे स्टेशन में भी जबरदस्त भीड़



**सतना।** प्रयागराज महाकुंभ में आज माघ पूर्णिमा के चलते एमपी-यूपी बॉर्डर से सटे 4 जिलों रीवा, सतना, मैहर और कटनी के रास्ते लगातार प्रयागराज जा रहे हैं। जिससे तीन दिन से जाम लगा रहा। बुधवार सुबह से करीब 10 हजार गाड़ियां स्लो ट्रैफिक में फंसी रहीं। हालांकि रीवा पुलिस ने दोपहर तक 5 प्वाइंट्स खोल दिए। धीरे-धीरे वाहनों को रवाना किया। शनिवार से लगा जाम बुधवार शाम 5 बजे तक क्लियर हो सका। बताया गया कि ये रीवा के इतिहास का सबसे लंबा जाम है। जो कि शनिवार, रविवार,सोमवार और मंगलवार समेत बुधवार को आधे दिन तक रहा। बताया जाता है कि अब सड़क मार्ग से ट्रैफिक क्लियर हो गया है। अब रेलवे स्टेशनों में लोगों की भीड़ पहुंच रही है। जिसमें सतना, कटनी, जैतवारा, डभौरा रेलवे स्टेशन शामिल है। थानों से पुलिस बल रेलवे स्टेशन भेजा जा रहा है। सड़क मार्ग से रीवा से प्रयाग जाने का एक ही रास्ता है,राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 जो चाकघाट होकर जाता है। जब कई प्रदेशों के लोग एक साथ अपने वाहन लेकर इस रास्ते पर पहुंच जाते हैं तो सड़क पर कई किलोमीटर तक गाड़ियों की लंबी कतार लग जाती है। राष्ट्रीय राजमार्ग में सड़क के एक तरफ से निश्चित संख्या में वाहन ही एक बार में निकल सकते हैं। लेकिन हम अपना पूरा प्रयास कर रहे हैं। जब प्रयाग से लोगों को रोकने का सिग्नल मिलता है या वहां संख्या ज्यादा हो जाती है। तब मजबूरन श्रद्धालुओं को रोकना पड़ता है। पूरी स्थिति अब नियंत्रण में है। डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने बताया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देश के बाद प्रशासन अपनी तरफ से कुंभ यात्रियों की आवभगत और सुविधा में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। देश के कई राज्यों से श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं। उन्हें संभालना और सुविधाओं की फिक्र करना थोड़ा कठिन जरूर है,लेकिन प्रशासन इसे भली पूर्वक कर रहा है। गुजरात से रीवा पहुंचे श्रद्धालु का कहना है कि रात में यहां खाने-पीने की कोई व्यवस्था नहीं मिली। श्रद्धालु बोले-रीवा में चाय तक नहीं मिल रही गुजरात के श्रद्धालु अभिजीत और दिनेश पाटीदार ने बताया, रीवा पहुंचकर रात में घंटों तक चाय-नाश्ते की दुकान ढूंढी, लेकिन कहीं कुछ नहीं मिला। सफर में काफी थकान हो गई है। यहां न तो कोई स्टॉप मिला और न ही कोई दुकान खुली मिली। एक दुकान वाले के सामने हाथ पैर जोड़े तब जाकर चाय मिल पाई। बहुत से लोग तो बस स्टैंड पर बिना गद्दे-कंबल के सो गए। प्रशासन से निवेदन है कि रात में रुकने और चाय-नाश्ते के लिए शहर में स्टॉप बनाया जाए। एमपी-यूपी बॉर्डर पर सुबह से करीब 10 हजार गाड़ियां फंसी हुई हैं। कटनी,सतना-मैहर में भी लगा जाम कटनी से प्रयागराज जाने के लिए रेलवे स्टेशन पर हजारों श्रद्धालुओं के भीड़ उमड़ पड़ी है। प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए मध्यप्रदेश का कटनी सेंटर प्वाइंट है। ऐसे में कई लोग कटनी रेलवे स्टेशन पहुंच रहे हैं,जिससे यहां भी जाम लगा हुआ है। वहीं,कई श्रद्धालु मैहर दर्शन करते हुए महाकुंभ जाना चाहते हैं। इसके लिए हजारों श्रद्धालु सतना और मैहर पहुंच रहे हैं। दोनों जिलों के रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ है। सड़क पर भी जाम के हालात बन गए हैं। महाराष्ट्र से आए अभिषेक काले ने बताया कि कटनी से सतना और रीवा से सोहागी घाट तक पहुंचने में पसीने छूट गए। रीवा पुलिस ने 5 होल्डिंग पॉइंट्स खोले दोपहर तक प्रशासन ने चोरहटा बायपास से लेकर सोहागी पहाड़ी के बीच बनाए 5 होल्डिंग पॉइंट्स हटा दिए हैं। प्रशासन का कहना है कि इससे क्लियर हो सकेगा। पॉइंट्स खुलने से रीवा-प्रयाग रूट पर अब धीरे-धीरे ट्रैफिक का दबाव कम हो रहा है।



## माघी पूर्णिमा पर कुंभ से लौट मैहर पहुंचे डेढ़ लाख भक्तों ने माता के किए दर्शन

**सतना।** मां शारदा की नगरी मैहर में बुधवार को माघी पूर्णिमा के मौके पर भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। प्रयागराज महाकुंभ से वापस लौट रहे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने मां के दर्शन के लिए मंदिर का रुख किया। बुधवार सुबह से ही बाहरी वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई थी। हालांकि सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए थे। रोपवे में भले ही एक घंटे की प्रतीक्षा करनी पड़ रही है,लेकिन व्यवस्था सुचारू है।सुबह से दोपहर 4 बजे तक करीब डेढ़ लाख भक्तों ने मां के दरबार में शीश नवाया।एसडीएम विकास सिंह ने बताया कि महाकुंभ के मद्देनजर मंदिर के कपाट सुबह 4 बजे से रात 12 बजे तक खुले रखे जा रहे हैं। मेला परिसर की मुख्य पार्किंग भर जाने के बाद प्रशासन ने अस्थाई पार्किंग की व्यवस्था की। उन्होंने यह भी बताया कि महाकुंभ के चलते प्रशासन और पुलिस के जवान पूरी तरह से मुस्तैद हैं। प्रयागराज कुंभ से लौटकर मैहर पहुंची धार निवासी मीना दुबे ने मेला परिसर की व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने कहा- यहां की व्यवस्थाएं बेहद संतोषजनक हैं।

## जगह जगह मनाई गई जयंती

# संत रविदास सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे : संतोष बरकडे





हरिभूमि सिहोरा।

संत रविदास केवल आध्यात्मिक गुरु ही नहीं, बल्कि सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे। संत रविदास ने उस दौर में भी समाज को समानता और कर्म की प्रधानता का संदेश दिया जब भेदभाव और छुआछूत चरम पर था।

उक्ताशय के विचार विधायक विधायक संतोष बरकडे ने मुख्य अतिथि के रूप में बुधवार को सतधारा गांव में समाजिक चेतना संभागीय समिति के संत शिरोमणि गुरू रविदास महाराज के 648 वें जन्मोत्सव समारोह में आयोजित कार्यक्रम में रखे। समिति के अध्यक्ष डीएल चौधरी की अध्यक्षता, जनपद अध्यक्ष रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री,नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे,जिला पंचायत सदस्य अंजलि गोलू पांडे, जिला सदस्य मोनू पुष्पराज बघेल,जनपद सदस्य अनिल चौधरी, सुषमा हर प्रसाद राय, मंडल अध्यक्ष पवन गुप्ता, सरपंच कुम्ही सतधारा मोहन मिश्रा, पूर्व सरपंच आनंद जैन, महाकालेश्वर पुरी,अमृत लाल बौद्ध विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित जन्मोत्सव समारोह का प्रारंभ गुरूपूजन से हुआ। समिति अध्यक्ष डीएल चौधरी ने कहा कि संत रविदास जी के गुरु रामदास जी थे और मीराबाई ने भी उन्हें ही अपना गुरु माना था। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान कार्यक्रम में समिति द्वारा समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने समाज के 8 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के पश्चात सभी विशाल भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार चौधरी, जीएल चौधरी, उपाध्यक्ष सोनेलाल चौधरी,शारदा प्रसाद चौधरी,के एल चौधरी,मन्नू लाल चौधरी, देवेंद्र राही,शुभम चौधरी, के पी चौधरी,आनंद सूर्यवंशी,संदीप राही, सुनील चौधरी,मुकेश चौधरी,घनश्याम चौधरी, किशन लाल चौधरी,कैलाश चौधरी,भारत लाल चौधरी, इंदल चौधरी का सहयोग रहा।

### चौधरी मोहल्ला में आयोजन

शिवाजी वार्ड नंबर 9 चौधरी मोहल्ला सिहोरा में संत शिरोमणि रविदास जयंती में महा आरती और प्रसाद का वितरण का कार्यक्रम सभी की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अशोक चौधरी,अनिल चौधरी,दिनेश चौधरी,कमलेश चौधरी,सुरेंद्र चौधरी,महेंद्र चौधरी, जितेंद्र चौधरी,अजय चौधरी,प्रकाश चौधरी, दुर्गा चौधरी,ओमकार चौधरी,अर्जुन चौधरी,लखन चौधरी,श्याम चौधरी,रामसेवक चौधरी,पिंटू चौधरी सहित अनेक सामाजिक बंधुओं का योगदान रहा।

## धूमधाम से निकाली विशाल शोभायात्रा

# संत रविदास का 648वां प्रकाश पर्व हर्षोल्लास से मनाया



**जबलपुर।** संत शिरोमणि सद्गुरु रविदास आश्रम समिति, नर्मदा तट ग्वारीघाट के तत्वावधान में सामाजिक समरसता, नारी उत्थान और संत परंपरा के महान संत शिरोमणि सद्गुरु रविदास की 648वीं जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा डॉ. आम्बेडकर चौक, हाईकोर्ट से प्रारंभ होकर गुरंदी बाजार, मुकादमगंज, तुलाराम चौक, मालवीय चौक, शास्त्री ब्रिज, पोलीपाथर होते हुए ग्वारीघाट आश्रम पहुंची। इस भव्य शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लगभग एक लाख रविदास समाज के जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर मंच लगाकर समाज के प्रतिनिधियों एवं अनुयायियों ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर कृष्णा चौधरी, आशीष अहिरवार, मुन्नालाल चौधरी, प्रहलाद चौधरी, राधेश्याम सतनामी, बालकिशन अहिरवार, केएल जाटव,नीलू सतनामी, तरुण रोहितास, दिलीपचंद चौधरी, प्रेमसिंह अहिरवार, गुरु रविदास धाम ग्वारीघाट के अध्यक्ष टीकाराम रवि, महासचिव लखन चौधरी, यमेश चौधरी, अधिवक्ता अरविंद चौधरी, सेठ बालकिशन चौधरी, बाबूलाल चौधरी, डॉ. मनी चौधरी, हंसनाथ चौधरी, दुर्गा प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुए।

### कायस्थ समाज का 31वां परिचय सम्मेलन संपन्न



**जबलपुर।** अखिल भारतीय कायस्थ सभा द्वारा 09 फरवरी को निःशुल्क युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सफल आयोजन में विभिन्न प्रदेशों से बड़ी संख्या में विवाह योग्य युवक-युवतियां अपने अभिभावकों के साथ उपस्थित हुए। सम्मेलन में 34 जोड़ियां बनी तथा 255 युवक, युवतियों ने अपना परिचय दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अजय श्रीवास्तव, राष्ट्रीय महामंत्री, सुनील श्रीवास्तव, बृजेश श्रीवास्तव, उपस्थित रहे। अध्यक्षता केके श्रीवास्तव ने की, संयोजन सहेन्द्र श्रीवास्तव, रत्ना श्रीवास्तव द्वारा किया गया। विशेष अतिथि विधायक अभिलाष पांडेय ने कायस्थ समाज के लिए सामुदायिक भवन एवं भगवान चित्रगुप्त के नाम पर एक चौराहे का नामकरण करने का आश्वासन दिया। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कायस्थ समाज को बुद्धिमान निरूपित करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की। आयोजन व्यवस्था में अमरेन्द्र श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, गोपाल श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, रेखा श्रीवास्तव, मंजू वर्मा, मधु श्रीवास्तव, कुमुद श्रीवास्तव, सरोज खरे, ज्योति खरे, प्रनीत वर्मा ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

### कोरी/तंतुवाय समाज का 19वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन संपन्न



**जबलपुर।** कोरी, तंतुवाय समाज कल्याण संगठन जबलपुर द्वारा प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी 19वां प्रदेश स्तरीय विराट सामाजिक परिचय सम्मेलन 09 फरवरी को एमजीजी बारात घर जबलपुर में आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में विवाह योग्य 150 युवक-युवतियों ने मंच से अपना परिचय दिया। संगठन अध्यक्ष इंजी. एसएल कोरी एवं महामंत्री गोपालदास कोरी ने बताया कि संगठन के सभी पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी युवक-युवतियों को आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती मीरा राज ने की, विशेष अतिथि के रूप में विधयक अभिलाष पांडेय, विधायक लखन घनघोरिया, हटा क्षेत्र के पूर्व विधायक पीएल तंतुवाय और कोरी समाज नरसिंहपुर अध्यक्ष वीरेन्द्र कोरी, सागर अध्यक्ष दिनेश तंतुवाय, भोपाल अध्यक्ष सुरेश पंथी, इंदौर अध्यक्ष जेपी टिकरिया और प्रदेश के लगभग 10-12 जिलों से समाज के लगभग 1200 लोग उपस्थित रहे।

**श्रीमति तारा रानी बबेले-**  पुरुषोत्तम बबेले नन्हे भैया की माता श्री और सिक्की विक्की बबेले की श्रीमति दादी तारा रानी बबेले का 103 वर्ष की आयु में मंगलवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार शहपुरा रोड स्थित निज भूमि पर संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुखिया बाई अर्खेल-** पुरानी बस्ती रांझी निवासी  श्री लल्ला अर्खेल की धर्मपत्नी तथा लोकेश अर्खेल की मां श्रीमती सुखिया बाई अर्खेल (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार बड़ा पत्थर रांझी मोक्षधाम में किया गया।

**श्री मनदीप सिंह-** नर्मदा रोड इलाहाबाद बैंक के पीछे निवासी श्री गुरदीप सिंह के पुत्र श्री मनदीप सिंह (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री भूरा प्रसाद कोसले-** घंसौर सिवनी निवासी श्री भूरा प्रसाद कोसले (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती नेहा बस्सी-** हाउबाग स्टेशन रोड गोरखपुर निवासी श्री सुनील कुमार बस्सी की धर्मपत्नी श्रीमती नेहा बस्सी (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सचिन शिवहरे-** रामनगर अधारताल निवासी श्री कृष्ण कुमार शिवहरे के पुत्र श्री सचिन शिवहरे (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गंगा चौधरी-** बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री किशन चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती गंगा चौधरी (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राम प्रसाद नामदेव-** गंगासागर गढ़ा निवासी श्री राम प्रसाद नामदेव (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेश चौधरी-** बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री राजेश चौधरी (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुकरनिया बाई चौधरी-** भोंगा द्वारा वाटर वकर्स रोड निवासी श्री शिवलाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती सुकरनिया बाई चौधरी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लालमनी बाई ठाकुर-** चांदमारी टेस्टिंग रोड लालमाटी निवासी श्री सियाराम सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती लालमनी बाई ठाकुर (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुमति सुभाष विप्रदास-** शास्त्री नगर मेडिकल तिलवारा रोड निवासी श्री सुभाष विप्रदास की धर्मपत्नी श्रीमती सुमति सुभाष विप्रदास (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रितेश पैगवार-** कृष्णा कॉलोनी शीतलामाई निवासी श्री नारायण प्रसाद पैगवार के पुत्र श्री रितेश पैगवार (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती चिग्गो बाई-** दुर्गा नगर भटौली गौरीघाट निवासी श्री सुंदर लाल की धर्मपत्नी श्रीमती चिग्गो बाई (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

निधन

**श्री विजय बेन-** दुर्गा नगर रामपुर निवासी श्री विजय बेन (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती मालती रैकवार-** गोपाल होटल लालमाटी निवासी श्री कस्तूर चंद रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती मालती रैकवार (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुनील खरे-** प्रेमसागर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री सुनील खरे (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती अनीता मलिक-** मोदीबाड़ा सदर निवासी श्री मिश्री लाल मलिक की धर्मपत्नी श्रीमती अनीता मलिक (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बसंत बंशकार-** सिद्धबाबा वार्ड बंशकार मोहल्ला निवासी श्री बसंत बंशकार (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रानी कुशवाहा-** सतना निवासी श्री छोटे लाल कुशवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती रानी कुशवाहा (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति बाई कोरी-** खटीक मोहल्ला घमापुर निवासी श्री भीकम कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई कोरी (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रंजन शुक्ला-** अवधपुरी कॉलोनी गौरीघाट निवासी श्री सुधीर कुमार शुक्ला की धर्मपत्नी श्रीमती रंजना शुक्ला (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

# जीआईएस 2025 में पर्यटन, उद्योग और पारंपरिक व्यंजनों का मिलेगा खास अनुभव

## 5 सितारा सुविधाओं का अनुभव कराने के लिए 100 से अधिक अत्याधुनिक लग्जरी टेंट्स होंगे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

भोपाल में आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2025 राज्य की मेहमाननवाजी, सांस्कृतिक विरासत और औद्योगिक क्षमता को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर बनने जा रही है।

देश-विदेश से आने वाले मेहमानों के लिए भव्य स्वागत, उच्च स्तरीय ठहरने की व्यवस्था, पारंपरिक और अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों का खास अनुभव, औद्योगिक भ्रमण और पर्यटन स्थलों का आकर्षण इस समिट को खास बनाएगा। पहली बार मेहमानों के लिए अत्याधुनिक लग्जरी टेंट्स की विशेष पहल की जा रही है, जिससे वे प्राकृतिक सौंदर्य के बीच मप्र की समृद्ध आतिथ्य परंपरा का अनुभव कर सकें। इस समिट से राज्य में निवेश और औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी।

### मेहमानों के ठहरने की विशेष व्यवस्था

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 के लिए देश-विदेश से आने वाले मेहमानों के स्वागत और ठहरने की विशेष व्यवस्था की जा रही है। राजधानी में ताज लेक फ्रंट, कोर्टयार्ड बाय मेरियट और रेडिसन सहित अन्य प्रतिष्ठित होटलों में मेहमानों के लिए उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। पहली बार जीआईएस में एक अनूठी पहल की जा रही है। भोपाल की प्राकृतिक सुन्दरता के बीच मेहमानों को 5 सितारा सुविधाओं का अनुभव कराने के लिए 100 से अधिक अत्याधुनिक लग्जरी टेंट्स तैयार किए जा रहे हैं। यह अभिनव पहल देश के और विदेशी मेहमानों को मप्र की समृद्ध आतिथ्य परंपरा से परिचित कराएगी।

### पर्यटन और औद्योगिक भ्रमण की विशेष योजना

जीआईएस में आने वाले मेहमानों को भोपाल और आस-पास के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराने की विशेष योजना बनाई गई है। मेहमानों को भोपाल की रमणीय झीलों, प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर वन विहार और राज्य की जीवंत जनजातीय संस्कृति को प्रदर्शित करने वाले ट्राइबल म्यूजियम का भ्रमण कराया जाएगा। इसके अलावा इन्हें भोपाल के आस-पास के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भी भ्रमण कराया जाएगा। मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास से रू-ब-रू कराने के लिए मंडीदीप और पीथमपुर जैसे प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों का दौरा भी कराया जाएगा, जहां वे राज्य की औद्योगिक क्षमताओं और निवेश के अवसरों से अवगत होंगे।

### पारंपरिक और अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों का मिलेगा स्वाद

समिट में शामिल मेहमानों के लिए मप्र की समृद्ध खान-पान परंपरा को विशेष महत्व दिया गया है। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से चुने गए पारंपरिक व्यंजन मेन्यू में शामिल किए गए हैं। साथ ही अंतरराष्ट्रीय मेहमानों की पसंद को ध्यान में रखते हुए कॉन्टीनेन्टल, चाइनीज और मेडिटरेनियन व्यंजनों की भी विशेष व्यवस्था की गई है। विश्व प्रसिद्ध शेफर की टीम इन व्यंजनों की तैयारियों में जुटी है।

### नाश्ता, भोजन और रात्रिभोज की खास व्यवस्था

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आए मेहमानों के लिए कार्य स्थल पर चाय-कॉफी और लंच की सुविधा उपलब्ध होगी। नाश्ता और रात्रि भोजन उनके निर्धारित होटलों में प्रदान किया जाएगा। इस पूरी व्यवस्था का उद्देश्य मेहमानों को आरामदायक, यादगार और समृद्ध आतिथ्य का अनुभव देना है, जिससे वे मप्र की संस्कृति, पर्यटन और निवेश अवसरों से परिचित हों। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट को सफल बनाने के लिए सभी व्यवस्थाएं अंतिम चरण में हैं। यह आयोजन राज्य की आर्थिक प्रगति और वैश्विक निवेश को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगा।

---

## खबर संक्षेप

### मढ़ई कोर क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित

**भोपाल।** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम के पर्यटन स्थल मढ़ई को प्लास्टिक मुक्त कर दिया गया है। मढ़ई में जंगल सफारी करने वाले पर्यटक प्लास्टिक की बोतल में पानी और पॉलिथिन में सामग्री नहीं ले जा सकेंगे। जंगल सफारी पर जाने वाले टूरिस्ट को टिकिट काउंटर या गेट पर ही प्लास्टिक और पॉलिथिन को जमा करना होगा। मढ़ई पार्क प्रबंधन ने बुधवार 12 फरवरी से मढ़ई कोर क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया है। पार्क प्रबंधन की ओर से पर्यटकों को पानी ले जाने के लिए स्टील, एल्युमिनियम की पानी की बोतल और कपड़े का थैला भी उपलब्ध कराया जाएगा। पर्यटक बोतल एवं

### डेंटल संकाय के अध्यक्ष बने डॉ. पहाड़िया

**भोपाल।** मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलाधिपति के आदेशानुसार डॉ. योगेन्द्र पहाड़िया को डेंटल संकाय के संकायाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। डॉ. पहाड़िया गजराजा चिकित्सा महाविद्यालय ग्वालियर में प्राध्यापक हैं और उन्हें दो वर्षों की अवधि के लिए यह पदभार सौंपा गया है। उनकी इस उपलब्धि पर डॉ. हरेंद्र भदोरिया प्रदेशाध्यक्ष नीमा विद्यार्थी प्रकोष्ठ ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

### मान्यता आवेदन की अंतिम तिथि निकली

**भोपाल।** मान्यता एवं मान्यता नवीनीकरण के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि समाप्त हो चुकी है। वहीं प्रदेश के करीब 20 फीसदी निजी स्कूल आवेदन नहीं कर पाए हैं। ऐसे में एक फिर स्कूल शिक्षा विभाग आवेदन की तिथि बढ़ा सकता है। इधर, निजी स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष अजीत सिंह का कहना है कि विभाग की कठोर शर्तों और प्रशासनिक लापरवाही के चलते कई विद्यालयों की मान्यता अधर में लटकी हुई है। भोपाल में 1400 स्कूलों में से 232 स्कूलों ने मान्यता के लिए आवेदन नहीं किया है।

### एम्स को अंतरराष्ट्रीय श्रियर पुरस्कार मिला

**भोपाल।** एम्स भोपाल को इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ नेफ्रोलाजी ने 2025 का अंतरराष्ट्रीय श्रियर पुरस्कार प्रदान किया है। डॉ. शिखा मलिक ने बताया कि यह सम्मान एम्स की बाल किडनी रोग देखभाल में उत्कृष्ट योगदान और 2018 से 2024 तक मैकगिल यूनिवर्सिटी, कनाडा के साथ सफल साझेदारी के लिए दिया है। एम्स को आईएसएन क्षेत्रीय उत्कृष्टता केंद्र के रूप में नामित किया गया है।

---

डॉ. यादव ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

# मुख्यमंत्री ने किया 417 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन

*कहा- अंत्योदय के सिद्धांत को क्रियान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध*

*गरीबों, जरूरतमंदों को इलाज पं. उपाध्याय को सच्ची श्रद्धांजलि*

**विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत को क्रियान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध है। गरीब से गरीब व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाना हमारा उद्देश्य है। प्रदेश में आरंभ की गई पीएमश्री एयर एंबुलेंस सुविधा का लक्ष्य हर गरीब और जरूरतमंद को आवश्यक इलाज उपलब्ध कराना है। यही पं. दीनदयाल उपाध्याय को सच्ची श्रद्धांजलि है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भोपाल में लालघाटी स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे। डॉ. यादव ने प्रतिमा स्थल पर नगर निगम द्वारा लगभग 7 करोड़ रुपए की लागत से विकसित हो रही नमो वन वाटिका का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री



ने 417 करोड़ रुपए लागत के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया, जिसमें अमृत 2.0 परियोजना के अंतर्गत 400 करोड़ रूपए लागत की सीवरेज परियोजना, तीन करोड़ रुपए की लागत से क्रय चार सीवर कम जैटिंग मशीनों और बस स्टॉप के रूप में परिवर्तित की गईं पुरानी बसों का लोकार्पण शामिल रहा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पं. उपाध्याय की पुण्यतिथि पर समर्पण दिवस के अंतर्गत समर्पण निधि में योगदान भी दिया। इस दौरान प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग, पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, महापौर मालती राय, प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, जिला अध्यक्ष रविंद्र यति सहित पार्टी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने माल्यार्पण कर पं. दीनदयाल उपाध्याय का पुण्य स्मरण किया।

### समग्र मनोरंजन, सामुदायिक सहभागिता और सामाजिक सम्पर्कों का केंद्र बनेगी नमो वन वाटिका



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 के माध्यम से प्रदेश औद्योगिकरण की दिशा में नई उड़ान के लिए पूरी तरह से तैयार है। भोपाल के लिए पहला अवसर है जब यहां ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा नमो वन वाटिका के रूप में भोपाल को दी जा रही सौगात को एक जीवंत, बहुउद्देश्यीय मनोरंजन स्थल के रूप में परिकल्पित किया गया है। विस्तृत क्षेत्र में फैला यह पार्क प्रकृति, फिटनेस और मनोरंजन का आदर्श मिश्रण प्रदान करेगा।

#### भोपाल नगर के प्रवेश द्वार विकसित किए जाएंगे

मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के कल्याण को समर्पित पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को धरातल पर क्रियान्वित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार, मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में विभिन्न गतिविधियां संचालित कर रही है। महापौर मालती राय ने नमो वन वाटिका के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यहां सौर ऊर्जा के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ यादव की मंशा के अनुरूप भोपाल नगर में प्रवेश करने वाले सभी मार्गों पर द्वार विकसित किए जाएंगे, इसकी शुरूआत शीघ्र ही इंदौर रोड से होगी। कार्यक्रम में सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, विधायक भगवान दास सबनानी, सर्वश्री राहुल कोठारी, रवीन्द्र यती, सुमित पचौरी सहित अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे।

---

## मुख्यमंत्री निवास पर अन्नू कपूर ने सुनाए संस्कृत के श्लोक



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में अभिनेता अन्नू कपूर ने भेंट की। अन्नू कपूर ने कहा कि वे मध्यप्रदेश से हैं और यहां आकर उन्हें आनंद का अनुभव होता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आग्रह पर अभिनेता कपूर ने संस्कृत के कुछ श्लोक भी सुनाए। इस अवसर पर अन्नू कपूर ने अपनी कला यात्रा और मध्यप्रदेश के नगरों -कस्बों से उनके संबंध के बारे में भी जानकारी दी।

---

# वित्तीय अनुशासन का पालन करते हुए शत-प्रतिशत बजट का उपयोग करें: मुख्यमंत्री

- सभी अधिकारी समय-सीमा में पूरा करें निर्धारित लक्ष्य
- विभागीय कार्ययोजना की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में विभिन्न विभागों की विभागीय कार्ययोजना एवं उससे जुड़े वित्तीय प्रावधानों के संदर्भ में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि वर्तमान वित्त वर्ष में विभागों को जारी किए गए बजट में वित्तीय अनुशासन का पालन करते हुए शत-प्रतिशत बजट का उपयोग सुनिश्चित करें।

नए वित्तीय वर्ष के बजट में योजनाओं के लक्ष्य के अनुरूप वित्तीय प्रावधान सुनिश्चित किए जाएं। सभी विभाग अपने निर्धारित लक्ष्य समय-सीमा में पूरा करें, जिससे विकास कार्यों को सुचारू रूप से सम्पन्न कराया जा सके। डॉ. यादव ने प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा को निर्देश दिए कि वे आयुष्मान निरामयम योजना की नियमित रूप से मानीटरिंग करें। सभी पात्र व्यक्तियों के तेजी से आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं।



### योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित मॉनीटरिंग हो

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने विभिन्न योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से मॉनिटरिंग भी की जाए। जनहित से जुड़ी योजनाओं में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए और सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर जनता तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि पूंजीगत परियोजनाओं की स्वीकृति समय पर हो तथा इनका क्रियान्वयन भी समय सीमा में ही पूरा करें। डॉ. यादव ने प्रदेश के आर्थिक संसाधनों के न्यायसंगत वितरण पर जोर दिया और कहा कि वित्तीय नियमावली का पालन करते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों से रिजल्ट ओरिएंटेड कार्यशैली अपनाने और योजनाओं के समयबद्ध निष्पादन के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने अपनी विभागीय कार्य योजनाओं की जानकारी दी और आगामी वित्त वर्ष के लिए तय किए गए लक्ष्यों की रूपरेखा पर चर्चा की। बैठक में स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह, कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन सहित अन्य विभाग अधिकारी उपस्थित थे।

---


तेलीबांधा थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस कर रही घटना की जांच

# सातवीं मंजिल से कूदकर युवक ने की खुदकुशी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर**

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के बेबीलॉन टॉवर की 7वीं मंजिल से कूदकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली। मामला बुधवार दोपहर का है। युवक बेबीलॉन टावर की 7वीं मंजिल से अचानक कूद गया। उसके खुदकुशी करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। बताया जा रहा है कि युवक ने सातवीं मंजिल के गलियारे से छलांग लगाई है।

बड़ी बात ये है कि युवक के शरीर से एक बूंद खून नहीं गिरा। युवक ने सुसाइड क्यों किया है फिलहाल इसका खुलासा नहीं हुआ है। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई है। मामले की जानकारी तेलीबांधा थाने को दी गई है। सूचना पर मौके पर पहुंची तेलीबांधा पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने युवक के परिजनों को आत्महत्या के बारे में जानकारी दी है। वहीं, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ऊपर के गलियारे से छलांग लगाई है, लेकिन उसके शरीर से खून नहीं निकला है। आत्महत्या की वजह साफ नहीं है। घटना तेलीबांधा थाना क्षेत्र की है।



### परिजनों की दी गई घटना की सूचना

शुरुआती जानकारी के अनुसार, युवक की पहचान विजय बसोने के रूप में हुई है। वह अकाउंटेंट का काम करता था। पुलिस ने युवक के घर वालों से संपर्क कर परिजनों को घटना की जानकारी दी है। मामले में पुलिस का कहना है कि युवक ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया। उसके परिजनों और ऑफिस के लोगों से बात करके पता चलेगा। फिलहाल केस दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच शुरू हो गई है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, युवक कुछ दिनों से परेशान रहता था। हालांकि अपनी परेशानी उसने परिजनों या ऑफिस के किसी साथी के साथ शेयर नहीं की थी। युवक की उम्र अभी 32 साल थी। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है।

---

वारदात के 12 घंटों के भीतर पुलिस को मिली कामयाबी

# हवाई फायरिंग करने वाले दोनों बदमाश गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर**

रायपुर में पुलिस की कार्रवाई के बाद भी गुंडे-बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। शहर में पिस्टल से हवाई फायरिंग करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया है। दरअसल, राजधानी में अज्ञात बदमाशों ने अपने पास रखे पिस्टल से फायरिंग कर दी।

इससे इलाके में हड़कंप मच गया। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। बता दें कि बीते रविवार को रात साढ़े 12 बजे थाना गोलबाजार क्षेत्रांतर्गत गोलाबाजार स्थित मटका लाइन में कुछ असामाजिक तत्वों ने पिस्टल से हवाई फायरिंग की गई थी। इस



घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। मामले में एंटी क्राइम एण्ड साइबर यूनिट की 10 अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान आरोपियों की पहचान तैफुद्दीन उर्फ टप्पू और मोहम्मद कलीम के रूप में की। इस पर टीम के सदस्यों ने घटना स्थल और उसके के आस-पास के इलाकों की घेराबंदी कर आरोपियों के छिपने के हर संभावित ठिकानों में लगातार रेड कार्यवाही करते हुए प्रकरण में संलिप्त आरोपी तैफुद्दीन उर्फ टप्पू और मोहम्मद कलीम को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक नग पिस्टल जब्त किया गया है।

---

कहा- प्रदेश के विकास में हो सबकी सक्रिय भागीदारी

# सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे कोई पात्र व्यक्ति: मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने की हितग्राहीमूलक योजनाओं की समीक्षा



**विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जनकल्याण ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता और लक्ष्य है। इसलिए सुनिश्चित करें कि प्रदेश का कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। प्रदेश के विकास में हर नागरिक की सक्रिय भागीदारी होनी चाहिए। डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में विभिन्न विभागों की हितग्राहीमूलक योजनाओं की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों को पात्रतानुसार त्वरित लाभ दिया जाए। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव गृह जेएन कंसोटिया आदि मौजूद रहे।

### लक्ष्यों की समय पर पूर्ति की जाए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों से कहा कि इस वित्तीय वर्ष के तय लक्ष्यों की समय पर पूर्ति की जानी चाहिए। योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रतिदिन समीक्षा की जाए, ताकि कोई भी सुपात्र हितग्राही लाभ पाने से न छूटे। हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए सभी विभाग अपने स्तर पर सतत समीक्षा करें। डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन योजनाओं का फुल सैचुरेशन (पूर्ण संतृप्ति) किया जाना है, उसे शीघ्र पूरा किया जाए। साथ ही बैंकों द्वारा वित्तपोषित योजनाओं में हितग्राहीमूलक प्रकरणों को निर्धारित समय से पहले लक्ष्य से भी कहीं ज्यादा संख्या में प्रस्ताव भेजे जाएं, ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।

### अधिकारियों ने दी योजनाओं के बारे में जानकारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभागीय अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में हितग्राहीमूलक योजनाओं के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 के बराबर या उससे अधिक वित्तीय प्रावधान किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी और पारदर्शी संचालन से ही हम विकास की दिशा में आगे बढ़ेंगे। बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों ने अपनी-अपनी विभागीय हितग्राहीमूलक योजनाओं की अद्यतन जानकारी दी और इन योजनाओं के लक्ष्यों की पूर्ति के लिए कि, जा रहे प्रयासों के बारे में भी बताया।

---

गार्ड की सूझबूझ से पकड़ा चोर, पुलिस को सौंपा

# वाहन चोरी करता हुआ युवक रंगेहाथ गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर**

मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में सुरक्षाकर्मी की सूझबूझ से एक चोर को पकड़ा गया। चोर हॉस्पिटल में एक युवक की बाइक को चोरी करके ले जा रहा था। आरोपी को पकड़कर परपा पुलिस को सौंप दिया गया है।




चोर हॉस्पिटल में एक युवक की बाइक को चोरी करके ले जा रहा था

मामले की जानकारी देते हुए कोंडागांव निवासी युवक उपेंद्र कोर्राम 26 वर्ष ने बताया कि कुछ दिन पहले उसके भाई का स्वास्थ्य खराब होने के कारण उसे मेकाज में भर्ती किया गया था, लेकिन उसके भाई ने वहां से उसे डिस्चार्ज कराते हुए जगदलपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इसी के चलते वह मेकाज आया हुआ था, जहां से वापस जाने के दौरान उसकी वाहन के पास पहुंचा तो देखा कि सुरक्षाकर्मी उमेश कुमार नागेश ने डिमरापाल निवासी एक युवक सूरज भारती 25 वर्ष को पकड़ा हुआ था। जिसके द्वारा उपेंद्र की गाड़ी का तार को काटकर उसे अन्य तारों से जोड़कर चोरी करने का प्रयास कर रहा था। जिसके बाद उसे पकड़कर मेकाज चौकी में सौंप दिया गया। जहां से उसे परपा पुलिस को सौंप दिया गया।

## खबर संक्षेप

### सोना 340 रुपए टूटा, चांदी में 600 रुपए की तेजी



**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक रुख के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 340 रुपये घटकर 87,960 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 88,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### अशोक लेलैंड का शुद्ध लाभ 34.63 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली अशोक लेलैंड लि. का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 34.63 प्रतिशत बढ़कर 819.67 करोड़ रुपये हो गया। यह लाभ विशेष रूप से विदेशी बाजारों में मजबूत बिक्री के कारण हुआ है। कंपनी को पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 608.85 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था।

### स्टरलाइट पावर को मिले 2,250 करोड़ के नए ठेके




**नई दिल्ली।** स्टरलाइट पावर ने अपने वैश्विक उत्पाद एवं सेवा (जीपीएस) कारोबार में 2,250 करोड़ रुपये के नए ठेके मिलने की बुधवार को घोषणा की। कंपनी ने बयान में कहा, ये ठेके भारत के हरित ऊर्जा संचरण बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाने और कंपनी की वैश्विक पहुंच का विस्तार करने पर केंद्रित हैं।

### एयरटेल ने हाई-स्पीड नेट के लिए नोकिया को दिया अनुबंध




**नई दिल्ली।** दूरसंचार संचालक भारती एयरटेल ने 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस और वाई-फाई समाधान के विस्तार के लिए नोकिया और क्वालकॉम को अनुबंध दिया है। भारत में उपयोगकर्ताओं को 'हाई-स्पीड' इंटरनेट पहुंच प्रदान करना है। नोकिया के 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस और वाई-फाई 6 एक्सेस प्वाइंट डिवाइस का उत्पादन भारत में किया जाएगा।

### सीमेंस का शुद्ध लाभ 10 प्रतिशत घटा




**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी कंपनी सीमेंस का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत घटकर 372 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से आय कम होने के कारण लाभ कम हुआ है। सीमेंस के बयान के अनुसार कंपनी को पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 412 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ हुआ था।

### पश्चिम बंगाल में 3.89 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश




**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 3.89 लाख करोड़ रुपये का बजट बुधवार को पेश किया। इसमें सामाजिक कल्याण, ग्रामीण विकास और बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान दिया गया है। सरकार ने अपने बजट में बुनियादी ढांचे तथा कृषि विकास परियोजनाओं की घोषणा की, जिसमें ग्रामीण संपर्क, नदी कटाव नियंत्रण तथा कृषि सहायता पहलों के लिए विशेष धनराशि आवंटित की गई है।

# भारतीय शेयर बाजार के बिग बुल्स हुए कंगाल, 40 दिन में हुआ हजारों करोड़ का नुकसान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली ने अब तक 2025 में भारतीय शेयर बाजार से लगभग 10 बिलियन डॉलर गायब कर दिए। इस गिरावट ने ना केवल खुदरा निवेशकों को भारी नुकसान पहुंचाया, बल्कि बाजार के बड़े बुल्स को भी कंगाल किया है।

■ नवंबर 2024 से जारी गिरावट का क्रम अभी भी जारी

भारतीय शेयर बाजार में नवंबर 2024 से गिरावट का जो दौर शुरू हुआ वो अभी भी जारी है। बुधवार को भी भारतीय शेयर बाजार भारी गिरावट के साथ खुला। अंत में बीएसई सेंसेक्स में 122 अंकों की गिरावट और निफ्टी में 26अंकों की गिरावट दर्ज की गई। वहीं, निफ्टी मिडकैप 100 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 सूचकांकों में 11 फीसदी और 14 फीसदी की बड़ी गिरावट आई है, जो 2016 के बाद से इस साल की सबसे बड़ी गिरावट है।

## विदेशी निवेशकों की बिकवाली से 2025 में अब तक 10 बिलियन डॉलर गायब

### इन लोगों का भी पैसा डूबा

शेयर बाजार के गिरावट से मुकुल अग्रवाल को 884 करोड़ का नुकसान हुआ है। इसके बाद आकाश भंसाली का नाम है। आकाश को शेयर मार्केट की गिरावट से 932 करोड़ का नुकसान हुआ है। नेमिष शाह की बात करें तो उन्हें 462 करोड़ का नुकसान हुआ है। इसके बाद मधुसूदन केला का नाम है। इन्हें मार्केट की गिरावट से 506 करोड़ का नुकसान हुआ। विजय केडिया और सुनील सिंघानिया की बात करें तो इन्हें 278 और 515 करोड़ के नुकसान का दंश झेलना पड़ा।



### निफ्टी 50 के सबसे बड़े लूजर्स

बीते 1 महीने के आंकड़े की बात करें तो निफ्टी 50 की जिन कंपनियों में सबसे ज्यादा गिरावट देखने को मिली है, उसमें ट्रेंट लिमिटेड सबसे ऊपर है। इस शेयर में बीते एक हफ्ते में 20.4 फीसदी की गिरावट देखने को मिली है। वहीं दूसरे नंबर पर है पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड। इस शेयर में 14.6 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। तीसरे नंबर पर है एचसीएल टेक्नोलॉजी लिमिटेड, इसमें 14.1 फीसदी की गिरावट देखने को मिली। इसके बाद नंबर आता है टाटा मोटर्स का इस शेयर में 12.3 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।

### 2025 में किसके कितने पैसे डूबे

एक रिपोर्ट के अनुसार, जिन 10 सबसे बड़े शेयर बाजार के निवेशकों के पैसे मार्केट की इस गिरावट में कम हुए हैं, उसमें पहला नाम राधाकिशन दमानी का है, सिर्फ 2025 में अब तक उनको लगभग 4273 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। इसके बाद दूसरे नंबर पर आशीष धवन हैं, उन्हें 318 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। तीसरे नंबर पर झुनझुनवाला परिवार है, इस परिवार को 6,051 करोड़ का नुकसान हुआ है। इसके बाद आशीष कचोलिया का नाम आता है, आशीष को 2025 में अबतक 324 करोड़ का नुकसान हुआ है।

## खनन व विनिर्माण क्षेत्रों का रहा खराब प्रदर्शन

# औद्योगिक उत्पादन दिसंबर में धीमा पड़ा, तीन महीने के निचले स्तर 3.2 प्रतिशत पर आया

*खनन और विनिर्माण क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन की वजह से दिसंबर, 2024 में देश का औद्योगिक उत्पादन 3.2 प्रतिशत की दर से ही बढ़ा जो तीन महीनों का निचला स्तर है। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। दिसंबर, 2023 में औद्योगिक उत्पादन 4.4 प्रतिशत बढ़ा था।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने नवंबर, 2024 के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) आंकड़े को भी संशोधित कर पांच प्रतिशत कर दिया है। पिछले महीने जारी अस्थायी अनुमान में इसे 5.2 प्रतिशत बताया गया था। सितंबर में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 3.2 प्रतिशत के समान स्तर पर रही जबकि अगस्त में स्थिर रही थी।

### एनएसओ ने जारी किए आंकड़े

अक्टूबर, 2024 में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि 3.7 प्रतिशत दर्ज की गई थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार दिसंबर, 2024 में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन तीन प्रतिशत बढ़ा जो एक साल पहले की समान अवधि में 4.6 प्रतिशत बढ़ा था।

### खनन उत्पादन की वृद्धि दर घटी

आलोच्य अवधि में खनन उत्पादन की वृद्धि दर घटकर 2.6 प्रतिशत रह गई जबकि साल भर पहले की समान अवधि में यह 5.2 प्रतिशत थी। हालांकि समीक्षाधीन माह में बिजली उत्पादन बढ़कर 6.2 प्रतिशत हो गया जो दिसंबर, 2023 में सिर्फ 1.2 प्रतिशत था।

■ दिसंबर 2023 में औद्योगिक उत्पादन 4 .4 प्रतिशत बढ़ा

■ सरकार ने नवंबर 2024 के आईआईपी आंकड़े को किया संशोधित

■ खनन उत्पादन की वृद्धि दर घटकर 2 .6 प्रतिशत रह गई



### पूंजीगत वस्तु खंड में वृद्धि दर्ज

इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों यानी अप्रैल-दिसंबर की अवधि में औद्योगिक उत्पादन में चार प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो एक साल पहले की समान अवधि में दर्ज 6.2 प्रतिशत वृद्धि से कम है। उपयोग-आधारित वर्गीकरण के मुताबिक, पूंजीगत वस्तु खंड की वृद्धि दिसंबर 2024 में बढ़कर 10.3 प्रतिशत हो गई, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में 3.7 प्रतिशत वृद्धि हुई थी।

### गैर-टिकाऊ वस्तुओं का उत्पादन घटा

टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन में 8.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जो दिसंबर 2023 में 5.2 प्रतिशत बढ़ा था। दिसंबर 2024 में उपभोक्ता गैर-टिकाऊ वस्तुओं का उत्पादन 7.6 प्रतिशत घट गया जबकि दिसंबर, 2023 में इसमें तीन प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

### बुनियादी ढांचे में वृद्धि दर्ज की गई

आंकड़ों के मुताबिक, बुनियादी ढांचे/निर्माण वस्तुओं ने दिसंबर 2024 में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो एक साल पहले की अवधि में 5.5 प्रतिशत बढ़ी थी। प्राथमिक वस्तुओं का उत्पादन दिसंबर, 2024 में 3.8 प्रतिशत बढ़ा जबकि एक साल पहले के समान माह में 4.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। मध्यवर्ती वस्तुओं के खंड में वृद्धि दर समीक्षाधीन महीने में 5.9 प्रतिशत रही जो एक साल पहले 3.7 प्रतिशत थी।

# मोदी और पिचाई की 'भारत के डिजिटल कायाकल्प' पर चर्चा



■ भारत और गूगल मिलकर एआई पर काम करेंगे

एजेंसी ▶▶| पेरिस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुंदर पिचाई ने पेरिस में आयोजित एआई एक्शन समिट के दौरान कृत्रिम मेधा (एआई) से भारत में पैदा होने वाले'अविश्वसनीय अवसरों' पर चर्चा की।

भारतीय मूल के पिचाई ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ मुलाकात में इस पर भी चर्चा की कि गूगल और भारत किस तरह से देश में 'डिजिटल कायाकल्प' लाने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। पिचाई ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा,एआई एक्शन समिट के लिए पेरिस में रहने के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलकर बहुत अच्छा लगा। सीईओ ने कहा, हमने एआई द्वारा भारत में लाए जाने वाले अविश्वसनीय अवसरों और भारत के डिजिटल कायाकल्प पर हम किस तरह मिलकर काम कर सकते हैं, इस पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने पिचाई की इस टिप्पणी का जवाब देते हुए एक पोस्ट में कहा, ''भारत एआई में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है।

### इससे पहले मुलाकात सितंबर 2024 में

मोदी और पिचाई के बीच इससे पहले मुलाकात सितंबर, 2024 में न्यूयॉर्क में हुई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ 'एआई एक्शन समिट' की मंगलवार को सह-अध्यक्षता की थी।

# इक्विटी म्यूचुइल फंड में 39,688 करोड़ का निवेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इक्विटी म्यूचुअल फंड में जनवरी में 39,688 करोड़ रुपए का निवेश हुआ। बाजार में जारी अस्थिरता के बावजूद मुख्य रूप से लघु और मझोली कंपनियों के शेयरें से जुड़ी योजनाओं में पूंजी प्रवाह के कारण कुल निवेश बढ़ा है।

यह दिसंबर, 2024 में दर्ज 41,156 करोड़ रुपये के शुद्ध निवेश से 3.5 प्रतिशत कम है। इसके साथ निवेशकों ने इस क्षेत्र में लगातार 47वें महीने शुद्ध रूप से निवेश जारी रखा है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, इक्विटी योजनाओं में, बुनियादी ढांचा जैसे क्षेत्रवार श्रेणी में निवेशकों ने सबसे अधिक 9,016 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया। इस खंड में दिसंबर में हुए 15,331 करोड़ रुपये के निवेश से यह काफी कम है। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी में मिडकैप श्रेणी में 5,148 करोड़ रुपये जबकि स्मॉलकैप श्रेणी में 5,721 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट डायरेक्टर-प्रबंधक अनुसंधान हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि म्यूचुअल फंड की स्मॉल और मिड कैप योजनाएं निवेशकों को आकर्षित कर रही हैं और इन खंडों के प्रति उनकी प्राथमिकता दर्शाती है, जो मुख्य रूप से पिछले कुछ वर्षों में इनसे प्राप्त उच्च रिटर्न के कारण है।




■ बाजार में जारी अस्थिरता के बावजूद हुआ निवेश

■ लघु और मझौली कंपनियों के शेयरों में पूंजी प्रवाह बढ़ा

### एयूएम 67.25 लाख करोड़ हुई

जनवरी के अंत तक म्यूचुअल फंड के प्रबंधन के तहत कुल संपति (एयूएम) 67.25 लाख करोड़ रुपये हो गई, जो दिसंबर, 2024 के अंत में 66.93 लाख करोड़ रुपये से अधिक थी।

## हुंडई इंडिया एमएससीआई सूचकांक में होगी शामिल




**नई दिल्ली।** हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड को एमएससीआई इंडिया सूचकांक में शामिल किया जाएगा जबकि अदाणी ग्रीन एनर्जी इससे बाहर होगी। सूचकांक संकलक एमएससीआई की घोषणा के अनुसार, एमएससीआई वैश्विक मानक सूचकांक के घटकों में परिवर्तन 28 फरवरी 2025 से प्रभावी होंगे। एमएससीआई वैश्विक निवेश समुदाय के लिए महत्वपूर्ण निर्णय समर्थन उपकरण व सेवाओं का अग्रणी प्रदाता है। एमएससीआई ग्लोबल स्मॉल कैप सूचकांक में 19 कंपनियों को जोड़ा जाएगा, जबकि 19 कंपनियां 28 फरवरी से बाहर हो जाएंगी।

# बाजार में रहा उतार-चढ़ाव, सेंसेक्स 122 अंक फिसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

विदेशी निवेशकों की लगातार निकासी और व्यापार युद्ध गहराने की आशंकाओं से परेशान घरेलू शेयर बाजार भारी उतार-चढ़ाव के बीच बुधवार को लगातार छठे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 122 अंक और निफ्टी 26 अंक के नुकसान पर रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स आखिरी घंटे में खरीदारी आने से अपनी भारी गिरावट से उबरने में सफल रहा और 122.52 अंक गिरावट के साथ 76,171.08 पर बंद हुआ।



■ आखिरी घंटे में खरीदारी आने से बाजार में आई रिकवरी

हालांकि सेंसेक्स कारोबार के दौरान अधिकांश समय भारी दबाव में रहा और एक समय 905.21 अंक गिरकर 76,000 के स्तर से नीचे 75,388.39 पर आ गया था। निफ्टी 26.55 अंक यानी 0.12 प्रतिशत गिरकर 23,045.25 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 273.45 अंक गिरकर 22,798.35 पर आ गया था। चार फरवरी से अब तक सेंसेक्स 2,412.73 अंक यानी 3.07 प्रतिशत गिर चुका है जबकि निफ्टी को 694 अंक यानी 2.92 प्रतिशत का नुकसान हुआ है।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईटीसी, पावर ग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंडसइंड बैंक, अदाणी पोर्ट्स, टाइटन और इन्फोसिस के शेयरों में सर्वाधिक गिरावट रही।

## टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स कर्नाटक में करेगी विस्तार...



**बेंगलुरु।** टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) की कर्नाटक में अपने परिचालन का विस्तार करने की योजना है। टीएएसएल भारतीय वायु सेना के लॉकहीड मार्टिन के सी-130जे बेड़े को सहायता प्रदान करने के लिए एक अत्याधुनिक रखरखाव, मरम्मत व संरक्षण (एमआरओ) सुविधा स्थापित करेगी।

इससे रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता मजबूत होगी और वैश्विक एयरोस्पेस आपूर्ति श्रृंखला में कर्नाटक की भूमिका को बल मिलेगा। कर्नाटक के मजबूत बुनियादी ढांचे, कुशल कार्यबल तथा उद्योग-अनुकूल नीतियों के समर्थन से ऐसे निवेशों से एयरोस्पेस क्षेत्र में प्रौद्योगिकी विकास, रोजगार सृजन और वैश्विक सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। मजबूत सरकारी समर्थन के साथ, कर्नाटक वैश्विक एयरोस्पेस तथा रक्षा कंपनियों के लिए पसंदीदा निवेश गंतव्य बना हुआ है।

# स्टेनलेस स्टील सीमलेस पाइप के लिए अनिवार्य गुणवत्ता आदेश लागू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने घटिया सामान के आयात पर अंकुश लगाने, घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और उपभोक्ता सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्टेनलेस स्टील सीमलेस पाइप और ट्यूब के लिए अनिवार्य गुणवत्ता आदेश लागू किए हैं।

उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने 10 फरवरी को इस संबंध में एक अधिसूचना 'स्टेनलेस स्टील पाइप और ट्यूब (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, 2025' जारी की है। यह इस साल एक अगस्त से लागू होगा।

आदेश के अनुसार, जब तक किसी वस्तु पर भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) का चिह्न नहीं होगा, तब तक उसका उत्पादन, बिक्री, व्यापार, आयात और भंडारण नहीं किया जा सकेगा। अधिसूचना के अनुसार, यह आदेश स्टेनलेस स्टील पाइप और ट्यूब के विनिर्माताओं द्वारा अनुसंधान और विकास (आरएंडी) के उद्देश्य से प्रति वर्ष आयातित ऐसे 500 किलोग्राम वस्तुओं पर लागू नहीं होगा। इसमें यह शर्त होगी कि ऐसे आयातित सामान और वस्तुओं को व्यावसायिक रूप से नहीं बेचा जाएगा और उन्हें कबाड़ के रूप में निपटाया जा सकता है। बीआईएस अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर पहली बार में दो साल तक की कैद या कम से कम दो लाख रुपये का जुर्माना हो सकता है। दूसरी बार और उसके बाद के अपराधों के मामले में, जुर्माना बढ़कर न्यूनतम पांच लाख रुपये से सामान या वस्तुओं के मूल्य का 10 गुना तक हो जाएगा। प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के लिए क्यूसीओ के विकास सहित विभिन्न पहल की जा रही हैं।



■ घटिया सामान के आयात पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी

■ घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा

### पर्यावरण की रक्षा में मिलेगी मदद

अनिवार्य क्यूसीओ घटिया उत्पादों के आयात पर अंकुश लगाने, अनुचित व्यापार चलन को रोकने तथा उपभोक्ताओं के साथ-साथ पर्यावरण की रक्षा सुनिश्चित करने में मदद करते हैं।

## आयात सालाना आधार पर 65 फीसदी घटकर 2,75,241 टन रहा

# पाम ऑयल का आयात 13 साल के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खाद्य तेल निकाय सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएश ने बुधवार को कहा कि जनवरी में भारत का पाम ऑयल आयात सालाना आधार पर 65 प्रतिशत घटकर 2,75,241 टन रह गया, जो 13 साल का सबसे निचला स्तर है।

■ इसकी वजह से खरीदार सस्ते सोयाबीन तेल की ओर रुख कर रहे

इसकी वजह यह है कि खरीदार सस्ते सोयाबीन तेल की ओर रुख कर रहे हैं। तेल का आयात एक साल पहले की समान अवधि के 12 लाख टन से 13 प्रतिशत घटकर 10.49 लाख टन रह गया। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने एक बयान में कहा, /"भारत में पाम ऑयल की बाजार हिस्सेदारी घट रही है और इसकी बिक्री में कमी आ रही है। इसका हिस्सा सोया ऑयल ने ले लिया है।/"

### इंडोनेशिया व मलेशिया प्रमुख आपूर्तिकर्ता

इंडोनेशिया और मलेशिया भारत के प्रमुख पाम तेल आपूर्तिकर्ता हैं, जबकि अर्जेंटीना, ब्राजील और रूस सोयाबीन तेल की आपूर्ति करते हैं। रूस और यूक्रेन सूरजमुखी तेल के मुख्य आपूर्तिकर्ता हैं।

***नेपाल की आवक से बाजार को नुकसान :*** *एसईए ने कहा कि नेपाल से कम कीमतों पर रिफाइंड सोयाबीन तेल और पाम ऑयल की भारी आवक होने से स्थानीय बाजार को नुकसान हो रहा है। नेपाल ने बीते साल अक्टूबर के मध्य से मध्य जनवरी, 2025 तक भारत को 1,10,000 टन खाद्य तेल का निर्यात किया है।*



### कच्चे पाम ऑयल का आयात भी घटा

पाम ऑयल उत्पादों में आरबीडी (रिफाइंड ब्लीच्ड डियोडोराइज्ड) पामोलिन का आयात एक साल पहले के 2,44,678 टन से घटकर 30,465 टन रह गया। वहीं कच्चे पाम ऑयल का आयात 5,32,877 टन से घटकर 2,40,276 टन रह गया।

***सोयाबीन तेल का आयात दोगुने से अधिक***

*मलेशिया से पाम ऑयल के आयात में गिरावट आई है क्योंकि निर्यात आपूर्ति में कमी के कारण उपभोक्ता कम कीमत वाले दक्षिण अमेरिकी सोयाबीन तेल का रुख कर रहे हैं। सोयाबीन तेल का आयात दोगुने से अधिक होकर 4,44,026 टन हो गया, जो एक साल पहले 1,88,859 टन था, जबकि सूरजमुखी तेल का आयात 31 प्रतिशत बढ़कर 2,88,284 टन हो गया।*

***कीमतों में 80 से 100 डॉलर प्रति टन की गिरावट***

*एसईए ने कहा कि पिछले महीने पाम ऑयल की कीमतों में 80-100 डॉलर प्रति टन की गिरावट आई है, लेकिन सोयाबीन तेल अब भी अधिक आकर्षक बना हुआ है। दुनिया के सबसे बड़े खाद्य तेल उपभोक्ता और आयातक देश भारत के पास एक फरवरी तक 21.76 लाख टन खाद्य तेल का भंडार था।*

## माघ पूर्णिमा पर स्नान करने उमड़ी भीड़

# नर्मदा के पावन तटों पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी



**जबलपुर।** माघ पूर्णिमा पर बुधवार को नर्मदा तटों में सुबह से देर शाम तक स्नानार्थियों की भीड़ लगी रही। माघ पूर्णिमा पर नर्मदा स्नान का पुण्य लाभ अर्जित करने तड़के चार बजे से ही पुण्य सलिला जीवनदायिनी माँ रेवा के तट पर स्नान, ध्यान, पूजन करने के लिय बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचने लगे थे। जैसे जैसे दिन चढ़ता गया, भीड़ बढ़ती गई, साथ ही रविदास जयंती पर नर्मदा के गौरीघाट मार्ग पर स्थित रविदास आश्रम में भी भारी भीड़भाड़ रही। इस कारण गौरीघाट रेलवे क्रासिंग से माँ नर्मदा के पावन तट गौरीघाट तक भीड़ का दबाव बढ़ जाने से यातायात में असुविधा हुई। शाम को जब रविदास जयंती का जुलूस यहां पहुंचा तो जाम की स्थिति बन गई थी। पूर्णिमा एवं अमावस्या पर वैसे ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रद्धा व आस्था के साथ नर्मदा में डुबकी लगाने जाते हैं, लेकिन माघ महीने की स्नानदान पूर्णिमा के विशेष महत्व को समझने वाले श्रद्धालु खास तौर पर नर्मदा स्नान करने पहुंचे। गौरीघाट के अलावा पवित्र नर्मदा नदी के अन्य तटों तिलवाराघाट, भेड़ाघाट और लम्हेटाघाट में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु नर्मदा स्नान करने पहुंचे एवं पुण्य लाभ अर्जित किया। इस साल प्रयागराज महाकुंभ के दौरान माघ पूर्णिमा का महत्व दोगुना हो गया। बड़ी संख्या में लोग माघ पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने प्रयागराज पहुंचे।

## खबर संक्षेप

### 10 वर्षों से कार्यरत अतिथि शिक्षक सुको में याचिका दर्ज करेंगे

**जबलपुर।** अतिथि शिक्षक समन्वयक समिति द्वारा ऐसे अतिथि शिक्षक जिन्होंने अपनी सेवाएं शासकीय शालाओं में 10 वर्षों तक या उससे अधिक समय तक दी है उन सभी की याचिका सुप्रीम कोर्ट में 17 फरवरी को दर्ज की जाएगी। गौरतलब है कि पिछले माह सुप्रीम कोर्ट से एक आर्डर हुआ है जिसमें कहा गया है कि आउटसोर्स कर्मचारी, अतिथि शिक्षक व ऐसे समस्त कर्मचारी जो किसी भी संस्था में 10 वर्षों से कार्यरत हैं, वे नियमितिकरण के हकदार हैं, कोई भी प्रदेश की सरकारें इसे नकार नहीं सकती हैं। संगठन पदाधिकारियों ने कहा है कि जो भी अतिथि शिक्षक 10 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके हैं वे स्वेच्छा से सुप्रीम कोर्ट में केस दर्ज कर सकते हैं, जिससे उन्हें सुको के आर्ड का लाभ मिलेगा।

### महादलित गठबंधन व बेलबाग के क्षेत्रीयजनों ने संत रविदास जयंती मनाई



**जबलपुर।** महादलित गठबंधन एवं बेलबाग के क्षेत्रीय वासियों ने संत रविदास जयंती हर्षोल्लास से मनाई। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर गौतेल ने कहा कि संत रविदास जी ने अपनी अनेक कविताओं के माध्यम से बिखरे समाज को नई दिशा प्रदान की। इस अवसर पर अधिवक्ता नरेन्द्र रवि, राजेश मार्वेकर, रामकुमार चौधरी, सन्नी, शुभम, धर्मेन्द्र चौधरी, विमला बाई, सुधा बाई, द्रोपती बाई सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप मेन की नवनियुक्त कार्यकारिणी गठित

**जबलपुर।** विगत 18 वर्षों से समाज एवं मानव सेवा के कार्यों में समर्पित दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप जबलपुर 'मेन' की नव नियुक्त कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 11 फरवरी को सात वचन मैरिज लॉन, अंधमूक बायपास तेवर रोड में आयोजित हुआ, जिसमें शपथ विधि अधिकारी विपुल बांझल अंतर्राष्ट्रीय महासचिव दि. जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन ने अध्यक्ष मुल्कराज 'बादशा' - अंजलि सिंघई, सचिव सचिन-कीर्ति जैन, कोषाध्यक्ष प्रदीप-सीमा जैन एवं उनकी पूरी टीम को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा आदिनाथ प्रमु के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर एवं स्मृति शेष प्रदीप कासलीवाल के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। मंगलाचरण पाठ श्रीमती सीमा योगेश, अंजलि मुल्कराज, शिखा मयूर एवं सीमा प्रदीप जैन द्वारा किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि राकेश विनायका, अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष, दिग. जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन, अति विशिष्ट अतिथिगण विमल अजमेरा पूर्व अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष, लख घनघोरिया विधायक पूर्व क्षेत्र, विनय सक्सेना पूर्व विधायक, अखिलेश जैन सीए, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष, जगतबहादुर सिंह अन्नू महापौर, कैलाशचंद जैन, अध्यक्ष दि. जैन पंचायत सभा जबलपुर, आशीष जैन सूतवाला, सह प्रभारी महाकोशल विंध्य रीजन, सतेन्द्र जैन जुग्गू, प्रदीप-ममता जैन, सुबोध जेन, विनय-अनीता जैन सहित अन्य मंचासीन रहे। मंच संचालन प्रशांत-प्रियांशी जैन ने किया।

# भेड़ाघाट से निकली नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा

## हाथों में भगवा ध्वज लेकर गूंजा नर्मदे हर का जयघोष



**जबलपुर।**

हरे कृष्ण आश्रम भेड़ाघाट हर माह की पूर्णिमा पर निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा माघी पूर्णिमा पर भी निकाली गई। नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा में हाथों में भागवा ध्वज लिए परिक्रमा संचालक भगवान श्री हनुमान जी महाराज की सूक्ष्म उपस्थिति में माघ पूर्णिमा पर 463 वी परिक्रमा संघ के वरिष्ठ प्रचारक डॉ सुरेंद्र, स्वामी रामचंद्र दास महाराज स्वामी शीला मुनि उदासीन स्वामी प्रकाशनंद महाराज महेश बाबा फक्कड़ बाबा सुषमा गोस्वामी शरद अग्रवाल के सानिध्य में संकीर्तन करते परिक्रमा यात्री चल रहे थे। जो आश्रम से पंचवटी 64 योगिनी धुआंधार होते हुए लम्हेटा घाट नाव पार करके शनि मंदिर डुडवारा इमलिया न्यू भेड़ाघाट होते हुए सरस्वती घाट में नाव पार कर हरे कृष्णा आश्रम में विशाल भंडारे के साथ समापन हुआ। सभी भक्तों को आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास महाराज ने बद्रीनाथ धाम से पूजीत गोमती चक्र का वितरण किया, सभी कल्पवासियों को आश्रम की ओर से प्रमाण पत्र देकर अभिनंदन किया एवं छप्पन भोग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल डॉ शिव शंकर पटेल पं मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल विनोद दीवान सुरेश विश्वकर्मा विशाल पंड्या गुड्डु नेता सेवक राम दहिया आदि उपस्थित थे।



# जेईई मेन्स परीक्षा में 10 छात्रों का सुयश

**जबलपुर।** आकाश एजुकेशनल के संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मेन्स 2025 (सत्र 1) में जबलपुर के 10 छात्रों ने परीक्षा के पहले सत्र में 99 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, वहीं 6 छात्रों ने 98 प्रतिशत से ऊपर अंक हासिल किए हैं। शीर्ष प्राप्तकर्ताओं में देव कौरव 99.98 प्रतिशत, आदित्य तिवारी 99.93 प्रतिशत, प्रांजल राठौर 99.92 प्रतिशत, अश्विन कुमार मिश्रा 99.84 प्रतिशत, शाश्वत मिश्रा 99.69 प्रतिशतऔर श्रेयांशु मिश्रा 99.56 प्रतिशत शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि श्रेयांशु मिश्रा ने इस परीक्षा में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर एक बेहतरीन उपलब्धि हासिल की है।

## विद्युत विभाग की उपेक्षा से बेलबाग टोरिया अंधेरे में

**जबलपुर।** अखिल भारतीय महादलित गठबंधन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर गौतेल ने बताया कि बेलबाग टोरिया स्थित दलित बस्ती में पोल नं. एल/61एसपी-1 की हालत दयनीय है, तारे टूटकर जमीन पर लटक रही हैं, जिससे क्षेत्रीय नागरिकों का करंट के भय से जीना दूभर है। विद्युत विभाग द्वारा विगत दिवस उक्त स्थान का निरीक्षण भी किया जा चुका है, पर कार्यवाही आज तक नहीं हुई। रामेश्वर गौतेल ने विद्युत विभाग से अपेक्षा की है कि उक्त खम्बा और विद्युत लाइन को शीघ्र सुधरवाया जाए। अन्यथा क्षेत्रीयजन आंदोलन को बाध्य होंगे।

# महिंद्रा इलेक्ट्रिक ओरिजन एसयूवी BE 6 और XEV 9E लांच



**जबलपुर।** महिंद्रा BE 6 और XEV 9E का भव्य लॉन्च इवेंट 12 फरवरी 2025 को स्टार ऑटोमोबाइल्स एम.पी. लिमिटेड, नागपुर रोड, त्रिपुरी चौक, गढ़ा, जबलपुर में आयोजित किया गया। इस ऐतिहासिक लॉन्च इवेंट में शामिल होकर नई इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजी का अनुभव लोगों ने किया। लॉन्चिंग में 100 कस्टमर ने फ्री बुकिंग में रुचि दिखाई उल्लेखनीय है कि गाड़ियों की बुकिंग 14 फरवरी से प्रारंभ होगी। लॉन्चिंग कार्यक्रम में विधायक नीरज सिंह, विधायक अभिलाष पांडे, स्टार ऑटोमोबाइल्स के डायरेक्टर दुष्यंत सिंह व रेवत सिंह, गीतांजलि सिंह, आरटीओ जितेंद्र रघुवंशी एक्स जस्टिस एस.के. पालो, सीईओ ललित किशोर, जनरल मैनेजर शैलेंद्र पांडेय विशेष रूप से मौजूद रहे। महिंद्रा से एएसएम निहित खरे, एएसएम श्रीकांत राय, ट्रेनर वैभव गोरे, ट्रेनर राहुल पटेल की मौजूदगी रही।

# राजीनामा करने दबाव बना रहे भू-माफिया

## पुलिस अधीक्षक को सौंपी शिकायत



**जबलपुर।** जबलपुर जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे बस्ती निवासियों ने बताया कि हम समस्त भट्टा मोहल्ला बस्ती निवासी टैगोर नगर, ग्वारीघाट, जबलपुर आपसे प्रार्थना करते हैं कि दिनाँक 12.01.2024 को उक्त लोग हमारे बस्ती में घुसकर घरों में तोड़फोड़ व मारपीट करने लगे एवं जातिगत गालियाँ जैसे चमार, भंगी, बसोर तथा माँ बहन की गंदी गंदी गालियाँ देने लगे मारपीट करने लगे और कहने लगे की यहाँ यह से भाग जाओ चमारों और बस्ती को खाली कर दो नहीं तो घरों में आग लगा देंगे और सब को जान से मार देंगे। जिसकी सूचना हमारे द्वारा संबंधित थाने में दी, परंतु अभी तक उनके विरूद्ध कोई कड़ी कार्यवाही नहीं की एवं लीपापोती करते हुए कुछ ही लोगों के नाम दर्ज किए और उनके विरूद्ध भी जातिगत अपराध पंजीबद्ध नहीं हुआ। उल्टा हमारे ही विरुद्ध झूठा प्रकरण दर्ज कर दिया गया एवं हमारे ऊपर राजीनामे का दबाव बनाया जा रहा है।

यह कि अभी भी बस्ती के आसपास यह लोग घूमते रहते हैं, इन भू-माफियाओं की वजह से क्षेत्र में महिलाओं एवं बच्चों में दहशत का माहौल बना हुआ है। अतः निवेदन है कि रामरत्न यादव, मुकेश यादव, ईशु यादव, सुरेश यादव, रज्जन यादव, मुकुल यादव, विवेक त्रिपाठी उपरोक्त लोगों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही की जावे एवं हरीजन एक्ट के तहत मामला दर्ज किया जावे जिससे क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जावे एवं जिससे भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना घटित न हो, और यदि होती है तो इसके लिए उपरोक्त सभी व्यक्ति जिम्मेदार होंगे।



## वीरांगना रानी दुर्गावती शौर्य रज कलश यात्रा

**जबलपुर।** वनवासी विकास परिषद महाकोशल प्रांत के तत्वावधान में रानी दुर्गावती की जन्म भूमि कालिंजर उत्तर प्रदेश से आई रज कलश का राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह बलिदान स्थल जबलपुर में परंपरागत विधि विधान से पूजन किया गया व रानी दुर्गावती रज कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में प्रमोद मरावी, दमयंतीसिंह, दीदी वंदना आनंद, रचना चौधरी, सोहन मरावी महेंद्र सिंह, सोनू मरावी, सोमेंद्र कुशराम, जतन संतोष, कमलेश, बाल सिंह, घसीटा मरावी सहित मंडला, डिंडोरी, सतना के कार्यकर्ता एवं जनसामान्य उपस्थित रहा।

# सरपंच संगठन ने पंचायतों में होने वाली समस्याओं से अवगत कराया



**जबलपुर।** आज सरपंच संगठन जिला जबलपुर के पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष श्रीमती वर्षा शिव पटेल के नेतृत्व में जिला पंचायत जबलपुर के नए मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत का स्वागत किया। इस अवसर पर, सरपंच संगठन ने पंचायतों में वर्तमान में होने वाली समस्याओं से उन्हें अवगत कराया एवं जिले की पंचायतों के सर्वांगीण विकास क़ो लेकर चर्चा की। इस उपलक्ष में जिला सरपंच संगठन के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिले के सचिव सुशील चौबे, उपाध्यक्ष अंशुल सोनकर, जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश पटेल, जिला प्रवता डॉ. रितेश सिंह, पनागर ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप पटेल, मझौली ब्लॉक अध्यक्ष अजय साहू, सरपंच आकृति चौरसिया, सरपंच सुभम यादव, सरपंच अंशिका ठाकुर एवं सरपंच संगठन के विधि सलाहकार शिव पटेल एवं सभी ब्लॉकों से सरपंच साथीगण उपस्थिति हुए।



## निविदाकारों को नगर निगम करे भुगतान, मांग

**जबलपुर।** नगर निगम के निविदाकारों ने सौंपे ज्ञापन में बताया कि विगत अक्टूबर माह से देयकों का भुगतान नहीं किया गया है, नगर निगम द्वारा केवल चहेते निविदाकारों को बार-बार भुगतान किया जा रहा है, वहीं अधिकांश ठेकेदारों को एक बार भी भुगतान नहीं किया जाना नगर ि नगम प्रशासन की कार्यप्रणाली पर संदेह पैदा करता है। जिन निविदाकारों को भुगतान नहीं हुआ है, उन्होंने शीघ्र भुगतान करने की मांग की है। ज्ञापन के दौरान राकेश चौधरी, सुशील सोनकर, पवन सोनकर, सतेन्द्र सिंह चौहान, पंकज सोनकर, विक्की नवीन, नागेश मिश्रा, राजेश सिंह, आशीष लोधी इत्यादि उपस्थित रहे।



## शिशु आहार कक्ष की मांग

**जबलपुर।** मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन द्वारा प्रत्येक व्यस्त जगह शिशु आहार कक्ष की मांग की गई जिससे प्रत्येक माँ सुरक्षा से अपने बच्चों को मातृत्व आहार दे सके। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अमित सिसोदिया के मार्गदर्शन में डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष) एड. भावना निगम एड. आशीष त्रिपाठी, डॉ. अभिषेक जैन, डॉ. अश्विनी पाठक, एड. रोशन मंध्यानी, कमरुल इस्लाम ख़ान, मनीषा दीक्षित ने महापौर से मिलकर चर्चा कर पत्र दिया और महापौर ने गंभीरता दिखाते हुए जल्द ही इस विषय को मज़बूती से पूरा करने का आश्वासन दिया।



## परोपकारी कार्य कर मनाया स्मृति दिवस

**जबलपुर।** लौह पुरुष एसवी नायडू की पुण्य स्मृति में एसवी नायडू मेमोरियल फाउंडेशन के सदस्यों ने सूरतलाई में विभिन्न सामाजिक हित के कार्यक्रम आयोजित किए जिसमें वेद पाठ, भजनों से प्रारंभ हुए कार्यक्रम में 50 से ज्यादा ग्रामीण विधवाओं को वस्त्र वितरण किया गया, साथ ही समाज के जरूरतमंदों के लिए संस्था के 25 सदस्यों ने रक्तदान किया और ग्रामीणों को भोजन कराया। उक्त कार्यक्रम में रमेश नायडू, विजया नायडू, जयलक्ष्मी धर्मावती नायडू, ललिता नायडू, राघवेन्द्र राव, महेश्वर राव, सपना नायडू का विशेष योगदान रहा।

**NAME CHANGE NOTICE**

I Sonal Kedia w/o Siddharth Kedia residing at 208 Ravindra Nagar, Adhartal, Jabalpur 482004 as per affidavit no. 33AA175212 state that Sonal Kedia and Sonal Siddharth Kedia are the same person. This shall be valid for all futher purposes.

**Old Name:**
**Sonal Siddharth Kedia**
**New Name:**
**Sonal Kedia**

**NAME CHANGE NOTICE**

I Siddharth Raghunath Kedia s/o Late Raghunath Kedia residing at 208 Ravindra Nagar, Adhartal, Jabalpur 482004 hereby confirm that Siddharth Raghunath Kedia and Siddharth Kedia are the same and shall be known as Siddharth Kedia for all further purposes. Via affidavit no 33AA 173722

**Old Name:**
**Siddharth Raghunath Kedia**
**New Name:**
**Siddharth Kedia**

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
प्रकरण फौती नामांतरण
रा.प्र.क्र./1787/अ-6/2024-25
**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज बाशानी आत्मज स्व. सच्चानंद बाशानी 2278 शांति निकितन नेपियर टाउन ने नजूल ब्लाक नं. 01 प्लाट नं.4/6 निर्मित रकबा 5501.628 व.फु./अवि. हिस्सा 5501.628 व. फु./है. वारसान हक/ दिनांक-.... मृत्यु दिनांक-21.02.02, 28.11.2014 को हो जाने के कारण वारसान हक उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, वर्ष 2024-25 खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा पटवारी/डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लॉक नं.01 प्लॉट नं.4/6 निर्मित रकवा 5501.628 व. फु./अवि. हेस्सा...रकवा 5501.628 व.फु./हे धनराज मल आत्मज गुलाब राय, सच्चानंद, चंद्रलाल आत्मज धनराजमल के नाम दर्ज है। अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 28/02/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियम दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 11/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 11/02/2025
पेशी दिनांक 28/02/2025
**तहसीलदार रांझी, जबलपुर**

## भारत में इंफ्रास्ट्रक्चर और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नया मानक

# एशिया का पहला वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज, जब निकलेंगे जहाज तब 72 फीट ऊपर उठ जाएगा, अगले महीने होगा उद्घाटन

**5 मिनट में पुल का 72 मीटर हिस्सा ऊपर उठकर अपनी जगह आ जाएगा**

*अगले महीने ही तमिलनाडु के मंडपम में नए पंबन ब्रिज का उद्घाटन होने वाला है, जो कि भारत में मंडपम से जाने वाले रेल नेटवर्क को पंबन द्वीप पर मौजूद रामेश्वरम से जोड़ेगा। इसी के साथ मौजूदा समय में मंडपम और रामेश्वरम के बीच बने 1914 में बने पुराने पंबन ब्रिज को हटाने की प्रक्रिया को शुरू किया जा सकता है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में इंफ्रास्ट्रक्चर और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में जल्द ही एक नया मानक स्थापित होने वाला है। अगले महीने ही तमिलनाडु के मंडपम में नए पंबन ब्रिज का उद्घाटन होने वाला है, जो कि भारत में मंडपम से जाने वाले रेल नेटवर्क को पंबन द्वीप पर मौजूद रामेश्वरम से जोड़ेगा। इसी के साथ मौजूदा समय में मंडपम और रामेश्वरम के बीच बने 1914 में बने पुराने पंबन ब्रिज को हटाने की प्रक्रिया को शुरू किया जा सकता है। पुराना पंबन ब्रिज सिर्फ रेलवे सेवा के जरिए ही मंडपम और रामेश्वरम को जोड़ता था। तब इन दोनों शहरों में जाने के लिए कोई सड़क मार्ग तक नहीं था।



**पुल के दो हिस्सों को उठाने की जरूरत नहीं**

नए पंबन ब्रिज में आधुनिक वर्टिकल लिफ्ट तकनीक होने की वजह से पुल के दो अलग-अलग हिस्सों को उठाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, बल्कि ऑटोमैटिक इलेक्ट्रो-मैकेनिकल सिस्टम के जरिए पुल का लिफ्ट हो सकने वाला 1470 मीट्रिक टन भारी हिस्सा एक बार में 12.5 मीटर की ऊंचाई से 22 मीटर की ऊंचाई तक पहुंच जाएगा। इस काम को सिर्फ एक व्यक्ति बटन दबाकर 5 मिनट के अंदर पूरा कर लेगा। जहाजों के गुजरने के बाद पुल के 73 मीटर के हिस्से को वापस अपनी जगह पर स्थापित कर दिया जाएगा, जिसमें पांच मिनट ही लगने के आसार हैं।

### नए पंबन ब्रिज की खासियत

- वर्टिकल लिफ्ट सी ब्रिज तकनीक से बनाया
- फरवरी 2020 में निर्माण कार्य शुरू
- 535 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं
- पुल को 100 खंभों पर खड़ा किया
- ट्रेनों का ट्रायल अक्टूबर 2024 में
- 5800 मीट्रिक टन स्टील का इस्तेमाल किया
- 3 लाख 40 हजार सीमेंट की बोरियां लगी हैं

**बैसक्यूल डिजाइन में बनाया गया नया ब्रिज**

नए पंबन ब्रिज का निर्माण कार्य 2020 में शुरू कर दिया गया था। इसे पुराने पंबन ब्रिज के समानांतर ही खड़ा किया गया है। सरकार ने इसके लिए तब 500 करोड़ रुपए का बजट तय किया था। अब तक इसके निर्माण में 535 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। इसके निर्माण की जिम्मेदार रेल विकास निगम लिमिटेड को सौंपी गई। पुराने पुल की तरह नए पुल को भी 2.07 किमी लंबा ही बनाया जा रहा है। इस पुल को वर्टिकल लिफ्ट सी ब्रिज तकनीक के जरिए बनाया गया है।

### 75 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गुजरेगी ट्रेन

पुल से ट्रेनें 75 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हाई-स्पीड में ट्रेन निकल सकती हैं। आधुनिक तरह से डबल ट्रैक बिछाए गए हैं और इन लाइनों का विद्युतिकरण भी किया जा चुका है। रेलवे सेफ्टी कमिश्नर की तरफ से जांच के बाद पुल पर इस रफ्तार का मानक तय किया गया है। हालांकि, पुल के जिस हिस्से को जहाजों को निकालने के लिए उठाया जाएगा, वहां ट्रेनों की रफ्तार 50 किमी प्रतिघंटे तक रखने का मानक तय किया गया है। नए पुल में ट्रेनें 80 किमी प्रतिघंटे तक की रफ्तार पकड़ सकती हैं। लेकिन, एक घुमाव के चलते इस पर स्पीड लिमिट 75 किमी प्रतिघंटा निर्धारित की गई है। आरवीएनएल के डिप्टी जनरल मैनेजर एन. श्रीनिवासन के मुताबिक सीआरएस की तरफ से इसके लिए जरूरी प्रमाणपत्र भी हासिल किए जा चुके हैं। नए पंबन पुल में एक टावर भी बनाया गया है, जो कि पुल से 34 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है।

---

## खबर संक्षेप

### मार्च में वापस आएंगे सुनीता और विल्मोर



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर जल्द ही स्पेस स्टेशन ने वापस लौटेंगे। नासा ने मंगलवार को बताया कि मार्च के बीच में उन्हें वापस लाया जाएगा। दोनों अंतरिक्ष यात्री बीते 8 महीने से स्पेस स्टेशन में फंसे हुए हैं। उन्हें स्पेसएक्स के कैप्सूल से वापस लाया जाएगा। सुनीता विलियम्स पिछले साल 5 जून को बुच विल्मोर के साथ आईएसएस पर पहुंची थीं।

### भारतीयों को ग्रीन कार्ड के लिए करना होगा इंतजार



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के विदेश विभाग ने मार्च 2025 के लिए वीजा बुलेटिन जारी कर दिया है। इसमें रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड की कुछ कैटेगरी में 'फाइनल एक्शन डेट' आगे बढ़ी है। भारतीयों के लिए ईबी-2 और ईबी-3 कैटेगरी के लिए 'फाइनल एक्शन डेट' छह हफ्ते आगे बढ़ गया है। वहीं ईबी-1 और ईबी-5 कैटेगरी में किसी तरह का कोई बदलाव देखने को नहीं मिला है।

## ट्रंप के दबाव में झुके जेलेंस्की

# रूस के साथ जमीन की अदला-बदली को तैयार



फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ कीव

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने मंगलवार को कहा कि यूक्रेन जंग रोकने के लिए रूस के साथ जमीन की अदला-बदली को तैयार है। उन्होंने कहा कि यदि ट्रंप, रूस और यूक्रेन को एक मंच पर लाने में सफल होते हैं तो यह मुमकिन है।

- कहा- ट्रंप अगर यूक्रेन-रूस को एक टेबल पर ला पाएं तो ऐसा मुमकिन

जेलेंस्की ने यह स्वीकार किया कि बिना अमेरिकी मदद के वे जंग नहीं लड़ सकते। उन्होंने कहा कि कुछ लोग हैं जो यह कहते हैं कि यूरोप, अमेरिका के बिना भी यूक्रेन की हिफाजत कर सकता है। लेकिन यह सच नहीं है। अमेरिका के बिना यूक्रेन की सुरक्षा संभव नहीं है।

### सुरक्षा की गारंटी चाहते हैं जेलेंस्की

अमेरिका में ट्रंप के शपथ लेने के बाद रूस-यूक्रेन जंग के समाप्त होने को लेकर चर्चा बढ़ गई है। चुनाव के दौड़ान ट्रंप ने यह दावा किया था कि वे शपथ लेने के 24 घंटे के भीतर जंग रोक देंगे। पिछले महीने यूक्रेन में ट्रंप के विशेष शांति दूत कीथ केलॉग ने कहा था कि उनका मकसद ट्रंप प्रशासन के 100 दिन के भीतर जंग रोकना है। उन्हें जंग रोकने के लिए प्रस्ताव तैयार करने का काम सौंपा गया है। जेलेंस्की ने कहा कि वे 14 फरवरी को म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से मुलाकात करेंगे। जेडी वेंस लंबे समय से यूक्रेन को जंग लड़ने के लिए मिल रहे अमेरिकी मदद की आलोचना करते रहे हैं। सत्ता में आने के बाद वे यूक्रेन पर जंग को रोकने का दबाव बना रहे हैं।

### ट्रंप ने यूक्रेन से फिर मांगा रेयर मटेरियल

इससे पहले सोमवार को ट्रंप ने फिर से यूक्रेन के खनिज को हासिल करने की इच्छा जताई थी। उन्होंने कहा था कि यदि यूक्रेन को अमेरिकी मदद चाहिए तो उसे 500 बिलियन डॉलर के रेयर अर्थ मटेरिलय (दुर्लभ खनिज) अमेरिका को देने होंगे। उन्होंने यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की को धमकी दी कि यदि उन्होंने ट्रंप की बात नहीं मानी तो अमेरिका यूक्रेन को और मदद देना बंद कर देगा। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी मदद के बिना यूक्रेन कमजोर पड़ जाएगा। इसके बाद रूस किसी भी दिन उसे अपने में मिला सकता है। ट्रंप इससे पहले भी कह चुके हैं कि अमेरिका 3 साल से यूक्रेन की आर्थिक मदद कर रहा है।

## पीएम मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों के बीच उड़ते विमान में हुई बातचीत

# दोनों देश रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष और आतंकवाद के क्षेत्रों में साझेदारी व सहयोग मजबूत करेंगे



*पीएम मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने द्विपक्षीय संबंधों और प्रमुख वैश्विक, क्षेत्रीय मुद्दों के पूर्ण स्पेक्ट्रम पर चर्चा की। इसके बाद मार्सिले पहुंचने के बाद प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। नेताओं ने भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के लिए अपनी मजबूत प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जो लगातार एक बहुआयामी संबंध में विकसित हुई है।*

**फ्रांस ने यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता के लिए समर्थन दोहराया**

**भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष का लोगो लॉन्च के साथ शुरुआत की घोषणा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फ्रांस की तीन दिनों की यात्रा के अंतिम दिन पीएम नरेंद्र मोदी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने उड़ते विमान में भी बातचीत की है। भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा है कि भारत-फ्रांस संबंधों ने पूरी तरह से नई ऊंचाइयों को छू लिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति विमान में पेरिस से मार्से के लिए एक साथ उड़ान भरी।

उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों और प्रमुख वैश्विक, क्षेत्रीय मुद्दों के पूर्ण स्पेक्ट्रम पर चर्चा की। इसके बाद मार्सिले पहुंचने के बाद प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। नेताओं ने भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के लिए अपनी मजबूत प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जो पिछले 25 वर्षों में लगातार एक बहुआयामी संबंध में विकसित हुई है।

### एआई पर भारत-फ्रांस का रोडमैप लॉन्च

पीएम मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) पर भारत-फ्रांस का रोडमैप लॉन्च किया। यह सुरक्षित, संरक्षित और भरोसेमंद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विकास पर ध्यान केंद्रित करने पर आधारित है। फ्रेंच स्टार्टअप इनक्यूबेटर स्टेशन एफ में भारतीय स्टार्टअप को शामिल करने का स्वागत किया। उन्होंने फ्रांस में भारत की यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का उपयोग करने की विस्तारित संभावनाओं का भी स्वागत किया।

### यूएन सुरक्षा परिषद में सुधार पर जोर

दोनों नेताओं ने एक न्यायसंगत और शांतिपूर्ण अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को बनाए रखने, वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने और तकनीकी, आर्थिक क्षेत्रों सहित उभरते विकास के लिए दुनिया को तैयार करने के लिए प्रभावी बहुपक्षवाद के आह्वान को दोहराया। दोनों नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया।

### मार्सेले में सावरकर को याद किया

मोदी ने मार्सेले में स्वंतत्रता सेनानी वीर सावरकर को याद किया। सावरकर को 1910 में नासिक षड्यंत्र मामले के तहत लंदन में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें जहाज से भारत लाया जा रहा था। जब उनका जहाज मार्सेले के पास पहुंचा तो उन्होंने समंदर में छलांग लगा दी।

### भारतीय सैनिकों को दी श्रद्धांजलि



बुधवार को पीएम मोदी ने राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ मारसेई शहर के ऐतिहासिक माजारग्वेज युद्ध कब्रिस्तान का दौरा किया और प्रथम विश्व युद्ध में बलिदान देने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। दोनों नेताओं ने स्मारक पट्टिकाओं पर गुलाब के फूल चढ़ाए। पीएम नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रो ने कैडारैचे में अंतरराष्ट्रीय थर्मोन्यूक्लियर प्रायोगिक रिएक्टर (आईटीईआर) का दौरा किया। नेताओं का स्वागत आईटीईआर के महानिदेशक ने किया। यह किसी भी राष्ट्राध्यक्ष या सरकार के प्रमुख का आईटीईआर का पहला दौरा था।

## एलएंडटी चेयरमैन फिर चर्चा में अब बोले

# लोग दफ्तर नहीं जाना चाहते श्रमिकों की काम में रुचि नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के चेयरमैन एसएन सुब्रह्मण्यम का फिर एक बयान चर्चा में है। मंगलवार को सी आ ई आ ई साउथ ग्लोबल लिंकेज शिखर सम्मेलन में बोलते हुए, उन्होंने कहा कि भारतीय श्रमिक, जिनमें तकनीकी विशेषज्ञ भी शामिल हैं, नौकरी के लिए आगे बढ़ने से हिचकिचाते हैं। इससे उद्योग के लिए चुनौतियां पैदा होती हैं।

### श्रमिकों को काम पर रखने के तरीके बदले

सुब्रह्मण्यम ने कहा कि जहां कई देश प्रवास की समस्याओं से जूझ रहे हैं, वहीं भारत में लोगों के काम के लिए आगे बढ़ने से अनिच्छुक होने की एक अनूठी समस्या है। जन धन बैंक खातों, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, गरीब कल्याण योजना और मनरेगा योजना जैसी योजनाएं श्रमिकों को वित्तीय स्थिरता प्रदान करते हैं। इसके कारण श्रमिकों में नौकरी करने इच्छा खत्म हो रही है। उन्होंने कहा कि मजदूरों को काम पर रखने के पारंपरिक तरीके बदल गए हैं, जिसमें डिजिटल संचार अब महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## पीएम नेतन्याहू के विश्वस्त आमिर ओहाना बोले

# भारत, इजराइल सिर्फ रणनीतिक साझेदार नहीं बल्कि भावनात्मक तौर से भी एक हैं

एजेंसी ▶▶ लोद



इजराइल के संसद 'नेसेट' के स्पीकर आमिर ओहाना ने कहा है कि भारत और इजराइल न केवल कई क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदार हैं, बल्कि दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों में मधुरता और ईमानदारी है। इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के करीबी विश्वासपात्र माने जाने वाले ओहाना ने भारत को 'बड़ा एवं शक्तिशाली' देश और इजराइल को 'छोटा एवं रचनात्मक' देश माना। उन्होंने भारत और इजराइल के बीच संबंधों को मजबूत एवं गहरा करने में दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों की 'कड़ी मेहनत' को श्रेय दिया। मार्च 2023 में अपनी भारत यात्रा को याद करते हुए 'नेसेट' के स्पीकर ने कहा कि मैंने 'नेसेट स्पीकर' के रूप में कार्यभार संभालने के बाद अपनी विदेश यात्रा के लिए भारत को प्रथम गंतव्य के रूप में चुना। यह पहली यात्रा हमारे संबंधों में भारत के महत्व को भी दर्शाती है।

### दोनों देशों के बीच संबंध मधुर और ईमानदार

उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान और उसके बाद भी भारत के प्रति भावनाएं और अधिक गहरी हुई हैं। भारत न केवल कई क्षेत्रों में इजराइल का रणनीतिक साझेदार है, बल्कि यह एक ऐसा देश है जिसके साथ हमारे देश के लोगों के बीच संबंध मधुर और ईमानदार हैं। वे यहां महाराष्ट्र क्षेत्र से आए बेने इजराइल समुदाय के उन भारतीय यहूदियों को संबोधित कर रहे थे, जो मंगलवार शाम को 'मालिडा' की सदियों पुरानी भारतीय परंपरा का जश्न मनाने के लिए आए थे।

## कंधे पर बैठे बेटे ने मस्क के पकड़े कान



**वॉशिंगटन।** एलन मस्क अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने कुछ अलग अंदाज में नजर आए। ट्रंप के सामने खड़े एलन मस्क के कंधे पर उनका बेटा बैठा हुआ दिखाई दे रहा था। इसे देख ट्रंप भी हैरान रह गए। ये पल बेहद खूबसूरत दिखा। कंधे पर बैठा उनका बेटा जम्हाई लेते नजर आ रहा है। इस दौरान उसने अपने पिता का कान भी पकड़ा। ये पहला मौका था जब एलन मस्क व्हाइट पहुंचे थे। बता दें, टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ इस समय अमेरिका की ट्रंप सरकार में सरकारी दक्षता विभाग के प्रमुख की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इसका एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## भारत की ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल का जादू तमाम देशों के सिर चढ़ा

# फिलीपींस करार कर चुका, यूएई, मिस्र और कई देशों ने दिखाई रुचि

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली





**भारत और रूस ने बनाई ब्रह्मोस, ध्वनि से तीन गुना तेज रफ्तार**

भारत की ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल का जादू तमाम देशों के सिर चढ़कर बोल रहा है। यूएई, सऊदी अरब, वियतनाम, मिस्र और इंडोनेशिया जैसे देश इसे खरीदने में रुचि दिखा रहे हैं। फिलीपींस तो पहले ही ब्रह्मोस खरीद का करार कर चुका है और पिछले साल ही उसे इन मिसाइलों की डिलिवरी भी शुरू हो चुकी है।

ध्वनि से 3 गुना तेज रफ्तार वाली दुनिया की इकलौती सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस को खरीदने के लिए इंडोनेशिया की बातचीत तो अभी शुरुआती दौर में है लेकिन एक अन्य देश के साथ बातचीत अंतिम दौर में है। यूएई, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, मिस्र और वियतनाम भी ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने के लिए बातचीत कर रहे हैं। मिडल ईस्ट के देश मिसाइल के लैंड वर्जन में काफी दिलचस्पी ले रहे हैं। इंडोनेशिया के साथ एकदम शुरुआती चरण में है।

**भारत के पास ब्रह्मोस मिसाइल की सतह, समुद्र और हवा वाले तीनों वर्जन**

### यह मिसाइल रडारों को चकमा देने में सक्षम

ब्रह्मोस मिसाइल को भारत ने रूस के साथ मिलकर बनाया है। ये ध्वनि की गति से तीन गुना तेज रफ्तार से दुश्मन के ठिकानों पर हमला करने में सक्षम है। ये मिसाइल नेवी, आर्मी और एयर फोर्स तीनों के लिए काफी कारगर है। भारत के पास ब्रह्मोस मिसाइल की सतह, समुद्र और हवा वाले तीनों ही वर्जन हैं। यह जहाजों पर भी हमला कर सकती है। इसका निर्माण भारत के डीआरडीओ और रूस के एपीओ मिशीनोस्ट्रोयेनिया के जॉइंट वेंचर के तहत होता है।

### 500 किलोमीटर तक की मारक क्षमता

ब्रह्मोस मिसाइल की रेंज की बात करें तो इसका एयर वर्जन 400 से 500 किलोमीटर तक मार करने में सक्षम है। लैंड और सी वर्जन की मिसाइलों की रेंज 800 से 900 किलोमीटर है। भारत अब इसकी रेंज बढ़ाकर 1500 किलोमीटर करने की दिशा में काम कर रहा है। ब्रह्मोस मिसाइल सतह से न्यूनतम 10 मीटर और अधिकतम 15 किलोमीटर की ऊंचाई तक उड़ान भरते हुए हमले कर सकती है।

**डील को लेकर इंडोनेशिया से बातचीत जारी**

*गणतंत्र दिवस पर जब इंडोनेशियाई राष्ट्रपति मुख्य अतिथि के तौर पर आए थे तब ब्रह्मोस मिसाइल डील को लेकर दोनों देशों के बीच पहले से हुई बातचीत ने गति पकड़ी है। भारत ने पिछले साल फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइलों की डिलीवरी शुरू की थी। फिलीपींस इस मिसाइल का पहला अंतरराष्ट्रीय ग्राहक है।*

## बांग्लादेश हिंसा पर यूएन मानवाधिकार की नई रिपोर्ट में खुलासा

# पूर्व पीएम शेख हसीना को ठहराया जिम्मेदार कार्रवाई में 1400 लोगों के मौत की आशंका

एजेंसी ▶▶ जिनेवा



संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने बुधवार को कहा कि बांग्लादेश में पिछले साल गर्मियों में छह सप्ताह के दौरान पूर्व पीएम शेख हसीना के खिलाफ छात्रों के नेतृत्व में हुए प्रदर्शनों पर की गई कार्रवाई में 1,400 से अधिक लोगों की मौत होने की आशंका है। जिनेवा स्थित कार्यालय ने एक नई रिपोर्ट में कहा है कि सुरक्षा और खुफिया सेवाएं 'व्यवस्थित रूप से' अधिकारों के उल्लंघन में संलिप्त हैं, जो मानवता के खिलाफ अपराध हो सकते हैं और इनकी जांच की आवश्यकता है। संस्था प्रमुख वोल्कर तुर्क ने संकेत दिया कि विरोध- प्रदर्शनों को दबाने के लिए राजनीतिक नेतृत्व और शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों की जानकारी और समन्वय से मनमाने ढंग से गिरफ्तारियां की गईं।

### सुनियोजित थे हमले

*रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले साल जून के महीने में नौकरी में आरक्षण का विरोध जताने के लिए जो छात्र आंदोलन शुरू हुआ था। उसमें प्रदर्शनकारियों पर जो हमले किए गए थे वो पहले से ही सुनियोजित थे। मानवाधिकार कार्यालय ने विभिन्न विश्वसनीय स्रोतों का हवाला देते हुए कहा कि एक जुलाई से 15 अगस्त के बीच हुए प्रदर्शनों में 1,400 से अधिक लोगों के मारे जाने और हजारों लोगों के घायल होने की आशंका है।*






डॉक्टर सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# छोटी-छोटी बातों पर जब महसूस हो तनाव



**मेरी उम्र 69 वर्ष है। मैं अकसर छोटी-छोटी बातों को लेकर तनावग्रस्त हो जाता हूं। इस वजह से मुझे ठीक से नींद नहीं आती और कभी-कभी ब्लड-प्रेशर भी बढ़ जाता है। कृपया बताएं कि मैं अपनी इस समस्या से कैसे निजात पाऊं?**

**-सर्वेश्वर, रायपुर**

आप जो छोटी-छोटी बातों को लेकर तनावग्रस्त होते हैं, तनाव लेने के बजाय आपको उनका समाधान ढूंढना चाहिए। तनाव लेने से कुछ नहीं होगा, लेकिन समाधान से ही सब होना है। इसके साथ ही आप कोशिश करें कि कुछ क्रिएटिव काम करते रहें, क्योंकि अगर आप खाली रहेंगे तो आपका मन इधर-उधर डाइवर्ट होगा और परेशानी बढ़ सकती है। इससे भी आराम नहीं हो रहा है तो जरूर आपको एक बार मनोरोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। मैं जब भी शेव करता हूं, मेरे चेहरे पर रैशेज हो जाते हैं। कई बार तो बड़े-बड़े लाल दाने भी निकल आते हैं। प्लीज इसका सॉल्यूशन बताएं।**

**-मुदित, रोहतक**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि चेहरे में हल्के दाने होंगे, जिसकी वजह से शेव करने से रैसेज पड़ जाते हैं। पहले आप किसी त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर इसकी जांच कराएं, जिससे कारण पता चलेगा, क्योंकि अगर दाने होंगे और आप शेविंग करेंगे तो यह समस्या बनी रहेगी। हालांकि कई बार शेविंग क्रीम से इंफेक्शन की भी संभावना होती है। यह डॉक्टर जांच करने के बाद बता पाएंगे।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरे पेट में दर्द रहता है। भूख नहीं लगती है और कभी-कभी बुखार भी आता है। कृपया बताएं कि ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-कुणाल, दुर्ग**

आपको बगैर देर किए जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लेना चाहिए, क्योंकि आपके लक्षण देखकर ऐसा लग रहा है कि आपको टाइफाइड हो सकता है, जिसमें बुखार भी रहता है। लेकिन बगैर जांच किए कुछ भी कहना मुश्किल है। इसलिए तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें और जांच के बाद ट्रीटमेंट कराएं।

**मेरी उम्र 61 वर्ष है। करीब एक साल से मुझे बैक-पेन की प्रॉब्लम है। लेटे रहने पर तो ठीक रहता है, लेकिन बैठने या खड़े होने पर दर्द बढ़ जाता है। कृपया इस समस्या का कोई समाधान बताएं।**

**-शंभुनाथ, महासमुंद**

उम्र बढ़ाने के साथ कई तरह की समस्याएं हो जाती हैं। लेकिन आप बता रहे हैं कि लेटने से आराम मिलता है, यानी मूवमेंट करने में दिक्कत आ रही है। हालांकि कई बार कैल्शियम और विटामिन डी की कमी भी बैक पेन का कारण बनता है। एक बार आप हड्डी रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर एक्स-रे करा लें, जिससे पता चल जाएगा कि हड्डियों में तो कोई दिक्कत नहीं हो रही है। साथ ही आप नियमित रूप से बैक की एक्सरसाइज करें, इसी से स्थाई रूप में राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 46 वर्ष है। पिछले कुछ हफ्तों से मुझे लगातार खांसी आ रही है। घर से बाहर यह प्रॉब्लम और भी बढ़ जाती है। प्लीज बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-रक्षित, बिलासपुर**

अगर आपको लंबे समय से खांसी आ रही है तो जरूर एक बार जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लेना चाहिए। लेकिन जैसा आप बता रहे हैं कि घर के बाहर समस्या और बढ़ जाती है, इससे ऐसा लग रहा है कि आपको पॉल्यूशन की वजह से ऐसी प्रॉब्लम आ रही है। इसलिए आप कोशिश करें कि घर से बाहर निकलें तो मास्क पहनकर निकलें। साथ ही एक बार डॉक्टर से संपर्क कर जांच करा लें, जिससे किसी तरह की शंका न रहे।

**मेरी उम्र 53 वर्ष है। मुझे बीते 3 सालों से पाइल्स की समस्या है। कृपया इसका उचित उपचार बताएं।**

**-एक पाठक, ईमेल से**

पाइल्स की समस्या का सीधा संबंध कब्ज से होता है। अगर आपको कब्ज रहती है तो यह बीमारी होने की संभावना पूरी रहती है। इससे बचाव के लिए आप नियमित रूप में पपीता खाएं। अदरक और मिर्च वाले खाने से परहेज करें। साथ ही ऑयली खाना कम से कम खाएं। रात में हल्का खाना खाएं और सोने से पहले गुनगुना दूध लें। इन प्रयासों से आपको आराम मिलेगा। *

प्रस्तुति : रिचा पांडे

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

---

हेल्थ-फिटनेस

विवेक कुमार

आज के दौर में हम में से अधिकांश लोगों की लाइफस्टाइल में स्टेबिलिटी बढ़ रही है, फिजिकल एक्टिविटी कम होती जा रही है। जॉब की वजह से भी बहुत लोग लॉन्ग सिटिंग करते हैं। इस वजह से कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स का रिस्क बढ़ता जा रहा है। कई स्टडीज में इसके नुकसान और इससे बचाव के तरीके बताए गए हैं। आपको इनके बारे में जरूर मालूम होना चाहिए।

# कई बीमारियों का रिस्क बढ़ाती है लॉन्ग सिटिंग







हाल ही में ब्रिटेन की ग्लासगो कैलेडोनियन यूनिवर्सिटी में एक अध्ययन किया गया, जिसमें पाया गया कि एक जगह पर ज्यादा देर तक बैठने वाले लोगों में डायबिटीज, मोटापा और कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इनसे बचने के लिए प्रतिदिन एक्सरसाइज करने की जरूरत होती है। एक्सरसाइज से न केवल गंभीर बीमारियों से बच सकते हैं बल्कि लगातार बैठने के कारण अचानक होने वाली मौतों का खतरा भी 30 फीसदी तक घट सकता है। अध्ययनकर्ताओं के अनुसार 4 से 6 घंटे बैठने वालों को 12 से 18 मिनट, 6 से 8 घंटे तक बैठने वालों को 18 से 24 मिनट और 8 से 10 घंटे तक बैठने वालों को एक्सरसाइज के लिए कम से कम रोजाना 24 से 30 मिनट देने चाहिए।

## जीवनशैली है जिम्मेदार

लॉन्ग सिटिंग की वजह यह है कि पहले लोगों की जीवनशैली में गतिशीलता अधिक थी। किसी भी काम को करने के लिए उन्हें कहीं न कहीं जाना पड़ता था। आज काम करने के लिए डेस्क है। खाना खाने के दौरान टीवी सेट सामने है। मूवमेंट बहुत कम होती है। पूरा दिन लोग सिर्फ ऑनलाइन रहते हैं। खाना भी हम अपने मोबाइल फोन, टीवी या लैपटॉप के सामने बैठकर ही खाते हैं, जिससे लगातार हम बैठे ही रहते हैं और हमारा वजन बढ़ता है। केवल प्रतिदिन 15 या 20 मिनट की आरामदायक सैर से हम इससे होने वाले तमाम खतरों को कम कर सकते हैं।

## लॉन्ग सिटिंग की वजहें

कई लोगों के लिए ऑफिस वर्क का मतलब ही होता है, कई घंटों तक लगातार एक ही जगह पर बैठे रहना। वे पूरे दिन में बहुत की कम टहलने के लिए निकलते हैं बल्कि कहा जाए तो लगातार घंटों सिर्फ काम ही करते हैं। वे बैठकर लगातार काम करते हैं, बीच में खड़े भी नहीं होते। इस तरह की कार्यशैली को हम अपने काम का एक नियमित हिस्सा मान लेते हैं और इसे आसानी से नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन विभिन्न देशों में शोधकर्ताओं के बीच यह लगातार एक चिंता का विषय बन रहा है। येल मेडिसिन फिजियाट्रिस्ट एरिक के. होल्डर के अनुसार, 'मेरे मस्कुलोस्केलेटल क्लीनिक में लंबे समय तक बैठे रहना और उससे होने वाली कई परेशानियों के कई मरीज आते हैं। इस एक वजह के कारण उन्हें कई अन्य और प्रकार के डॉक्टरों के पास जाना पड़ता है।' वह आगे कहते हैं, 'लोग डेस्क पर बैठे रहते हैं, लंबे समय तक कंप्यूटर या टीवी के सामने बैठे रहते हैं, लगातार कार, ट्रेनों और विमानों में यात्रा करते रहते हैं। यह एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या है, जो कई पुरानी बीमारियों को जन्म दे सकती है।'



## हो सकती हैं कई समस्याएं

येल मेडिसिन विशेषज्ञों के अनुसार, लगातार बैठने से हमारे पैरों के निचले हिस्से और पंजे थक जाते हैं, उनमें सूजन और दर्द रहने लगती है। वहां रक्त और तरल पदार्थ जमा होने का हमें खुद एहसास होने लगता है। पैर की गहरी नसों में खून का थक्का जम जाता है और खून फेफड़ों तक न जा पाने के कारण हमारे बीमार होने की आशंका बढ़ती है। लगातार स्थिर रहने से इस तरह की समस्या भी उत्पन्न होती है। इसके लिए अपने जोखिम को कम करने हेतु हर 30 मिनट या 1 घंटे के बाद खड़े होकर टहलें। कुछ न कुछ फिजिकल एक्टिविटी करें।

## स्पाइनल कॉर्ड पर पड़ता है दुष्प्रभाव

डॉक्टर होल्डर के अनुसार लंबे समय तक बैठे रहने से रीढ़ की हड्डी के साथ-साथ कंधों और कूल्हों पर भी अतिरिक्त दबाव पड़ता है। कंप्यूटर पर बैठने के दौरान आगे की ओर झुक कर हम अपनी कमर को सीधा नहीं रखते, जिससे मांसपेशियों में थकान होती है। पीठ के निचले हिस्से पर दबाव बढ़ने से रीढ़ की हड्डी का लचीलापन कम हो जाता है। उनके अनुसार 18 से 64 वर्ष की आयु के लोगों को कम से कम 150 मिनट एरोबिक एक्सरसाइज करनी चाहिए। बैठने के बुरे प्रभावों से बचने के लिए पूरे दिन में बार-बार हिलना-डुलना चाहिए।



## सिटिंग के दौरान लेते रहें ब्रेक

डॉ. होल्डर का कहना है कि अपना वर्कस्टेशन ऐसा बनाएं, जिसमें स्टैंडिंग डेस्क हो। अगर ऐसा नहीं है तो अपने लैपटॉप या डेस्क टॉप को ऊंचे काउंटर पर रखें या हर आधे घंटे के बाद थोड़ा उठें और चलें-फिरें। ज्यादा कुछ न कर सकें तो अपनी पानी की बोतल छोटी रखें, ताकि दिन में कई बार पानी भरने के लिए आपको वॉटर कूलर तक जाना पड़े। घर पर भी लगातार टीवी देखने के दौरान विज्ञापनों के दौरान खड़े होने और चलने और स्ट्रेचिंग के लिए ब्रेक लेना चाहिए।

## हार्ट डिजीज का बढ़ता है रिस्क

लगातार बैठना, शारीरिक गतिविधि की कमी से हृदय रोग की आशंकाओं को बढ़ाता है। डॉ. लैंपर्ड का कहना है कि इसके लिए हर घंटे थोड़ी देर टहलना ही एकमात्र समाधान है। लगातार बैठने से वजन बढ़ना, मोटापा, मधुमेह की आशंकाएं भी बढ़ती हैं। इसके अलावा काम पर लगातार बैठे रहना और गतिहीन जीवनशैली, कैंसर का भी कारण बनती है। इसलिए जितना संभव हो सके अपना काम खड़े होकर करें। बीच-बीच में चलते रहें। खड़े रहने से बैठने की तुलना में दोगुनी कैलोरी बर्न होती है।

कहने का कुल सार यही है कि किसी भी वजह से लगातर बैठे रहना हमारे हेल्थ और फिटनेस के लिए बहुत हार्मफुल है। इससे बचाव के लिए हमे यहां बताई गई बातों को अमल में लाना जरूरी है। *

### इनका भी रखें ध्यान

**हम सभी** के पास करने के लिए काम है और कई लोगों के पास इतना समय नहीं है कि वर्कआउट कर सकें। इसलिए जितना संभव हो उतना ही काम करें, स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं, नियमित व्यायाम करें, धूम्रपान से बचें। शराब और मांस का सेवन कम करें और पर्याप्त मात्रा में फल और सब्जियां खाकर एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर हम कई रोगों से बच सकते हैं।



---

घरेलू औषधि / वीना गौतम

# स्वाद बढ़ाए रोगों से बचाए तेजपत्ता



उत्तर हो या दक्षिण, पूरब हो या पश्चिम, शहर हो या गांव, घर हो या होटल, हर रसोई में मौजूद होता है तेजपत्ता। भारत में तेजपत्ते का इस्तेमाल स्वाद बढ़ाने वाले मसाले के रूप में ही नहीं बल्कि घरेलू औषधि और आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी के रूप में भी सदियों से होता रहा है। यही वजह है कि इसकी देश में बहुत ज्यादा डिमांड है और देश में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में मसाले के रूप में जो तेजपत्ता इस्तेमाल किया जाता है, उसमें करीब 70 फीसदी तेजपत्ता भारत से ही जाता है।

तेजपत्ता लॉरेसी परिवार का पेड़ है। अपने देश में इसके कई नाम प्रचलित हैं मसलन-सिन्नामोमम तमाला, मालाबार पत्ता, भारतीय छाल, भारतीय कैसिया या मालाबाथ्रम के नाम से इसे भी जानते हैं। तेजपत्ता का पेड़ भारत के अलावा बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, चीन, फ्रांस और इटली के साथ-साथ रूस, मध्य अमेरिका, उत्तरी अमेरिका औश्र बेल्जियम में भी पाया जाता है। तेजपत्ता के पेड़ की खेती भारत के कई राज्यों में की जाती है, जैसे- उत्तर प्रदेश, बिहार, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र और पूर्वोत्तर के राज्यों में भी।

**कई रोगों में कारगर:** तेजपत्ता के पेड़ के पत्तों में, लौंग जैसी सुगंध होती है, इसलिए इसका इस्तेमाल जहां मसालों के तौर पर खाना पकाने में किया जाता है, वहीं इसके तेल का इस्तेमाल सिरदर्द, जोड़ों के दर्द, अर्थराइटिस, सूजन आदि में रामबाण सरीखी राहत पाने के लिए किया जाता है। साथ ही तेजपत्ता के पेड़ के पत्तियों का इस्तेमाल हर्बल चाय बनाने में भी किया जाता है।

इसमें एंटीइंफ्लेमेट्री गुण होते हैं। इसलिए इसके सेवन से शारीरिक सूजन में आराम मिलता है। यह पाचक एंजाइम्स को स्टिमुलेट करता है। इस तरह पाचन में सहायक होता है और अपच, गैस जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है। इसमें प्रचुर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं इसलिए इसका सेवन हमें कैंसर और हार्ट डिजीज के रिस्क से बचाने में भी सहायक होता है। तेजपत्ते में कुछ ऐसे एसेंशियल ऑयल्स पाए जाते हैं, जो सांस संबंधी समस्याओं में राहत देते हैं, सीने की जकड़न को कम करते हैं। *

---

डाइट सजेशन

शिखर चंद जैन

अच्छे स्वास्थ्य के लिए सिर्फ भरपेट खाना या तरह-तरह के व्यंजन खाना ही पर्याप्त नहीं होता है। इसके लिए आपको भोजन संबंधी कुछ बातों का ध्यान रखना भी जरूरी है। क्या हैं वो भोजन संबंधी कायदे, आपको जरूर जानने चाहिए।

# क्या आप जानते हैं भोजन करने के ये नियम



हम जो भोजन करते हैं, वो हमारे स्वास्थ्य, मन और स्वभाव को भी प्रभावित करता है। जो मन में आया, जब मन में आया खा लिया यह आदत स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकती है। इसलिए जरूरी है, भोजन से संबंधित कुछ नियम-कायदों का पालन करें।

**खाना कब खाएं:** सुबह 10 से 11 बजे के बीच भोजन कर लेना चाहिए ताकि दिनभर कार्य करने के लिए ऊर्जा मिल सके। दिन का भोजन शारीरिक मेहनत के अनुसार अच्छी मात्रा में लेकिन रात्रि-भोजन हल्का और सुपाच्य होना चाहिए। रात्रि भोजन, सोने से दो या तीन घंटे पहले करना चाहिए। अच्छी तरह भूख लगने पर ही भोजन करना चाहिए। नाश्ता हो या लंच या डिनर, नियत समय पर करने से ही पाचन अच्छा होता है।

**खाना कैसे खाएं:** हाथ-पैर, मुंह धोकर व्यवस्थित रूप से बैठकर भोजन करें। खड़े-खड़े, जूते पहन कर, भोजन नहीं करना चाहिए। भोजन अच्छी तरह चबा-चबा कर करना चाहिए वरना दांतों का काम (पीसने का) आंतों को करना पड़ेगा, जिससे भोजन का पाचन सही नहीं हो पाएगा। भोजन करते समय शांत रहना चाहिए। इससे भोजन में लार मिलने से भोजन का पाचन अच्छा होता है। टीवी देखते या अखबार पढ़ते हुए खाना नहीं खाना चाहिए। भोजन हमेशा शांत-प्रसन्नचित्त होकर करना चाहिए।

**क्या-कब और कैसे खाएं:** अगर हम अपने शरीर को स्वस्थ रखना चाहते हैं तो भोजन से संबंधित इन महत्वपूर्ण बातों को ध्यान में रखें।

- भोजन को कभी भी भूख से अधिक नहीं खाना चाहिए। इसलिए धीरे-धीरे चबाकर खाना चाहिए और तीन-चौथाई पेट ही भोजन करना चाहिए।
- भूख लगने पर पानी और प्यास लगने पर भोजन नहीं करना चाहिए, अन्यथा स्वास्थ्य को हानि पहुंचती है।
- भोजन के बीच में प्यास लगने पर थोड़ा-थोड़ा करके पानी पीना चाहिए। भोजन के तुरंत पहले या अंत में तुरंत पानी नहीं पीना चाहिए।
- बासी, ठंडा, कच्चा या जला हुआ और दोबारा गर्म किया हुआ भोजन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी नहीं होता है। इसलिए इनसे बचना चाहिए।
- भोजन पच जाने पर ही दूसरी बार भोजन करना चाहिए। प्रातः भोजन के बाद शाम को अगर अजीर्ण मालूम हो तो कुछ नर्म भोजन लिया जा सकता है। लेकिन रात्रि को भोजन के बाद प्रातः अजीर्ण हो तो बिल्कुल भोजन नहीं करना चाहिए।
- भोजन के तुरंत बाद सोना नहीं चाहिए।
- खाद्य सामग्री में कड़े पदार्थ पहले, नरम पदार्थ बीच में और पतले पदार्थ भोजन करने के अंत में खाना चाहिए।
- भोजन करते समय प्रारंभ में मीठे, बीच में नमकीन और अंत में कसैले पदार्थों को खाना चाहिए।
- भोजन करने से पहले केला और ककड़ी नहीं खाना चाहिए।
- भोजन में दूध, दही, छाछ का प्रयोग दीर्घजीवी बनाता है।
- भोजन करने के बाद न क्रोध करें, न तुरंत व्यायाम करें। इससे स्वास्थ्य को हानि पहुंचती है।
- डिनर के बाद दूध पीना हितकर है।

**भोजन के बाद क्या करें:** लंच के बाद टहलना और डिनर के बाद में सौ कदम टहलकर बाईं करवट लेटने या वज्रासन में बैठने से भोजन का पाचन अच्छा होता है। भोजन के एक घंटे पश्चात मीठा दूध और फ्रूट लेने से भोजन का पाचन अच्छा होता है।

**भोजन के बाद क्या न करें:** भोजन के तुरंत बाद पानी या चाय नहीं पीना चाहिए। भोजन के पश्चात घुड़सवारी, दौड़ना, बैठना, लेटना, सोना नहीं चाहिए।

**क्या-क्या न खाएं:** रात्रि को दही, सत्तू, तिल और गरिष्ठ भोजन नहीं लेना चाहिए। दूध के साथ नमक, दही, खट्टे पदार्थ, मछली, कटहल का सेवन नहीं करना चाहिए। शहद और घी का समान मात्रा में सेवन नहीं करना चाहिए। दूध-खीर के साथ खिचड़ी नहीं खाना चाहिए। *

**(डाइटिशियन पिंकी गोयल से बातचीत पर आधारित)**


---

योगोपचार

दिव्यज्योति 'नंदन'

शारीरिक और मानसिक संतुलन बनाने में अर्धचंद्रासन बहुत कारगर है। इससे कई तरह की शारीरिक समस्याओं से मुक्ति मिलती है। लेकिन इसे करते समय बहुत सावधानी रखनी चाहिए। इस आसन को करने की विधि, इससे होने वाले लाभ और सावधानियों के बारे में जानिए।

# शारीरिक-मानसिक संतुलन बनाने में सहायक अर्धचंद्रासन



अर्धचंद्रासन या 'हाफ मून पोज' हठ योग का बहुत ही महत्वपूर्ण आसन है। इस योगासन में शरीर अर्धचंद्र के आकार में आ जाता है। यह वह अवस्था है, जो सप्तमी या अष्टमी के चांद की होती है। इस आसन को करने के दौरान पूरे शरीर को सिर्फ पैर और हाथों के बीच में बैलेंस किया जाता है। यह आसन शरीर को गजब की संतुलन शक्ति देता है। अर्धचंद्रासन को कई योग शैलियों में अलग-अलग ढंग से किया जाता है। लेकिन इसका सबसे मूल प्रकार हठ योग में ही दिखता है। यह शरीर में लचीलापन लाता है।

**अर्धचंद्रासन के फायदे:** यह शारीरिक और मानसिक संतुलन को सुधारता है, शरीर में लचीलापन बढ़ाता है। शरीर के मुख्य हिस्सों जैसे पीठ, पैर और कूल्हों को लचीला बनाने के साथ ही उन्हें मजबूत भी बनाता है। इसी तरह पैर, टखनों और कंधों को भी मजबूती देता है। इस आसन का प्रभाव पूरे शरीर पर पड़ता है और यह पूरे शरीर को एक साथ काम करने के लिए प्रेरित करता है। नियमित रूप से यह आसन करने से रीढ़ की हड्डी और पीठ दर्द से हमेशा के लिए छुटकारा मिल जाता है। यह पाचनतंत्र को सुधारता है, वजन घटाता है, सांस लेने की क्षमता को बेहतर बनाता है, टखनों, हैमस्ट्रिंग और पिंडलियों को ताकत देता है। हिप्स, चेस्ट और शोल्डर्स को खोलता है। छाती और शरीर को गठीला बनाता है। बॉडी को टोंड करता है। सिक्स पैक एब्स बनाने में मददगार है। पेल्विक मसल्स को मजबूत करता है, साथ ही यह पाचनग्रंथियों को भी स्टिमुलेट करता है।

**करने की सही विधि:** पहले अपने योगा मैट पर त्रिकोणासन में खड़े हो जाएं। दायां पैर आगे रखें। अब दाहिने घुटने को मोड़ें और अपने बाएं हाथ को कूल्हे पर लाएं। दाहिने हाथ को दाहिने पैर के सामने फर्श पर ले जाएं। इस दौरान हाथ आपके कंधे के नीचे होना चाहिए। यह प्रक्रिया करते हुए एक फुट सामने की ओर देखें। अब पांच या छह इंच अपने दाहिने पैर के दाईं ओर हों और हाथों को इतना झुकाएं कि बस अंगुलियां फर्श पर रहें और दाएं पैर को उठाते हुए दाहिने पैर को सीधा करना शुरु करें। जबकि बाएं पैर को जितना संभव हो सीधा रखें। कूल्हे को खोलें, दाएं कूल्हे के शीर्ष पर बाएं कूल्हे को लेकर आएं। पैर की अंगुलियों के साथ बाएं पैर को फ्लैक्स करें। जब दायां पैर संतुलित हो जाए तो बाएं पैर को ऊपर ले जाएं। दाएं और बाएं पैर को सीधा करते हुए फर्श पर सीधी रेखा बनाएं और कम से कम पांच सांसों तक खुद को संतुलित बनाए रखें, फिर सामान्य हो जाएं।

**इन बातों का रखें ध्यान:** अर्धचंद्रासन करते समय ध्यान रखें कि सही मुद्रा बनाए रखना जरूरी है। अगर गलत तरीके से इस आसन को करते हैं तो आसन भले हो जाए, संतुलन सधना नहीं शुरू होगा। इसे हमेशा खाली पेट करें या तब करें जब कम से कम चार-पांच घंटे पहले खाना खाया हो। शुरुआत में दीवार या किसी सहारे की सहायता से करें। लेकिन तब यह आसन कतई न करें, जब आपकी रीढ़ की हड्डी में दर्द हो, डायरिया या अस्थमा की समस्या हो। विशेषकर गर्दन में दर्द हो, कंधे में दर्द की समस्या होने पर हाथ ऊपर न उठाएं। घुटनों में दर्द या अर्थराइटिस होने पर दीवार के सहारे ही अभ्यास करें। दिल और हाई ब्लडप्रेशर के मरीज इसे न करें। *



# चैंपियंस ट्रॉफी: आस्ट्रेलिया को एक और झटका, स्टार्क भी बाहर, स्मिथ करेंगे कप्तानी


## कमिंस, हेजलवुड और मार्श पहले से बाहर, स्टोइनिस का संन्यास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

**सिडनी।** स्टीव स्मिथ की कप्तानी वाली आस्ट्रेलियाई टीम चैंपियंस ट्रॉफी में अपने प्रमुख तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के बिना उतरेगी जिन्होंने निजी कारणों से टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया है। वनडे विश्व कप विजेता आस्ट्रेलिया को 15 सदस्यीय टीम में कई बदलाव करने पड़े चूंकि कप्तान पैट कमिंस, तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और हरफनमौला मिचेल मार्श चोटिल हैं जबकि मार्कस स्टोइनिस ने अचानक संन्यास ले लिया। आस्ट्रेलियाई चयन समिति के प्रमुख जॉर्ज बेली ने कहा, 'हम मिच के फैसले का सम्मान करते हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को लेकर उसकी प्रतिबद्धता को लेकर उसका काफी सम्मान है।'

### स्टार्क के बाएं टखने में तकलीफ

गॉल में पिछले सप्ताह टेस्ट मैच के आखिरी चरण में स्टार्क के बाएं टखने में तकलीफ थी। वह श्रीलंका के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रही वनडे श्रृंखला भी नहीं खेल सकेंगे। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने कहा है कि स्टार्क ने निजता का सम्मान करने का अनुरोध किया है और वह इस फैसले पर बयान नहीं देंगे। यह घटना आस्ट्रेलिया के लिए करारे झटके की तरह है चूंकि विश्व कप 2023 में उसकी खिताबी जीत में कमिंस, हेजलवुड और स्टार्क की अहम भूमिका थी। कमिंस और मार्श की गैर मौजूदगी में स्मिथ टीम के कप्तान होंगे। तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन, नाथन एलिस , सीन एबोट और बेन ड्वारशुइस को टीम में शामिल किया गया है।



### कुहनेमन का होगा बायोमीट्रिक टेस्ट

**सिडनी।** श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान अंपायरों द्वारा गेंदबाजी एक्शन की शिकायत किए जाने के बाद आस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के स्पिनर मैट कुहनेमन की बायोमीट्रिक जांच होगी। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने कहा, 'श्रीलंका के खिलाफ गॉल में दूसरे टेस्ट के दौरान मैच अधिकारियों द्वारा की गई शिकायत की जानकारी आस्ट्रेलियाई टीम को दी गई है। हम पूरे मामले में मैट का सहयोग करेंगे।' क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने बताया कि कुहनेमन 2017 में पदार्पण के बाद से 124 पेशेवर मैच खेल चुके हैं लेकिन उनके गेंदबाजी एक्शन की कभी शिकायत नहीं हुई। श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों में उन्होंने 16 विकेट लिए। उनकी बायोमीट्रिक जांच ब्रिसबेन में होगी।



### अफगान स्पिनर गजांफर बाहर

काबुल। अफगानिस्तान के युवा आफ स्पिनर एएम गजांफर कमर के निचले हिस्से में फ्रेक्चर के कारण आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी और आईपीएल दोनों से बाहर हो गए हैं। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को यह घोषणा की। बाएं हाथ के स्पिनर नांगेयालिया खरोटे को 19 फरवरी से पाकिस्तान और यूएई में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में शामिल किया गया है। बीस वर्ष के खरोटे बाएं हाथ के स्पिनर हैं और पिछले साल पदार्पण के बाद से सात वनडे और छह टी20 मैच खेल चुके हैं। गजांफर को पिछले साल अफगानिस्तान के जिम्बाब्वे दौरे पर चोट लगी थी और वह कम से कम चार महीने बाहर रहेंगे।

### अफगानिस्तान टीम

हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), इब्राहिम जदरान, इकराम अलीखिल, रहमानुल्लाह गुरबाज, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, अजमतुल्लाह उमरजई, गुलबदिन नायब, मोहम्मद नबी, राशिद खान, फरीह अहमद, फजलहक फारूकी, नांगेयालिया खरोटे, नावीद जदरान, नूर अहमद।


**कार्यालय अधिष्ठाता शासकीय स्वशासी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस, चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर**

क्रमांक/स्था./राज/विज्ञप्त/25/1190 जबलपुर, दिनांक 07/02/2025

// सूचना //

म.प्र. शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल के एफ 2-2017/1/55 दिनांक 12/01/2018 द्वारा जारी म.प्र. स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय शैक्षणिक आदर्श सेवा नियम 2018 के अंतर्गत स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर में, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के राजपत्र क्रमांक एफ-07-2019-25 आ. प्र. एक मध्यप्रदेश लोक सेवा अधिनियम 1994 (क्रमांक 21 सन 1994) की धारा 13 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार, एतद् द्वारा मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) नियम, 1998 में संशोधन दिनांक 19/08/2019 के अनुसार, नेताजी सुभाष चंद्र बोस चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालयों में सहायक प्राध्यापक के निम्नलिखित विषयों में रिक्त रहे पदों को शासन / एमसीआई (एन.एम.सी.) द्वारा निहित अर्हताएँ पूर्ण करते हों एवं माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय के अध्याधीन, राज्य स्तरीय रोस्टर का पालन करते हुए सीधी भर्ती द्वारा किया जाना है। रिक्त पदों हेतु पात्रता धारी योग्य उम्मीदवारों से आवेदन अधिष्ठाता कार्यालय चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर म.प्र. 482003 में आमंत्रित किये जाते हैं।
आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथी दिनांक 13/03/2025 सांय 05 :30 बजे तक।

ASSISTANT PROFESSOR

| S.No | Name of Subject | UR | EWS | OBC | ST | SC | REMARK |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Anaesthesiology | - | - | - | 1(B) | - | |
| 2. | Biochemistry | - | - | - | 1(B) | - | |
| 3. | Gen. Medicine | - | 1 | 1(B)+1 | 1 | 1 | |
| 4. | General Surgery | - | 1 | - | 1 | - | |
| 5. | Microbiology | - | - | - | 1 | - | |
| 6. | Pathology | - | - | 1 | - | - | |
| 7. | Pediatrics | 1 | - | - | 1 | - | |
| 8. | Radio diagnosis | 1 | - | 1 | 1(B)+1 | - | |
| 9 | Medical Oncology | 1 | - | 1 | - | - | |
| 10 | Surgical Oncology | - | - | 1 | - | - | |
| | Total | 03 | 02 | 06 | 08 | 01 | |

उपरोक्त चिन्हित पदों मे SC = अनसूचित जाति, ST = अनसूचित जनजाति, OBC = अन्य पिछड़ा वर्ग, EWS = आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, B= बैकलॉग उम्मीदवार हेतु आरक्षित है।
नोट:- 1. आवश्यकतानुसार पदों की संख्या घटायी / बढ़ायी जा सकती है। 2. विस्तृत जानकारी एवं आवेदन का प्रारूप चिकित्सा महाविद्यालय की वेबसाईट www.nscbmc.ac.in पर उपलब्ध है। 3. आवेदन पत्र डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से स्वशासी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर में जमा कराये जा सकते हैं। 4. शैक्षणिक संवर्ग हेतु आवेदन पर विभाग का नाम तथा आवेदित पद का नाम और आरक्षण रोस्टर अनुसार किस वर्ग का आवेदक है, और किस वर्ग के रिक्त पद पर आवेदन करता है, उल्लेख अनिवार्य रूप से करें। 5. विज्ञापित पदों के आरक्षण एवं नियुक्ति संबंधी समीचिन नियमों एवं भविष्य में नियुक्तियों के संबंध में अन्यथा लिये गए शासकीय निर्णय के अधीन नियुक्ति रहेंगी, एवं अभ्यर्थी नियुक्ति निरस्त होने की दशा में नियुक्ति के संबंध में अधिकार के रूप में मांग नहीं कर सकेगें।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
नेताजी सुभाष चंद्र बोस (स्वशासी समिति)
चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर

G22928/24


## अक्षर, राणा, अर्शदीप और पंड्या ने झटके दो-दो विकेट

# भारत ने 3-0 से किया क्लीन स्वीप, इंग्लैंड को 142 रन से रौंदा, गिल का 7वां शतक

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

भारत ने तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में बुधवार को यहां इंग्लैंड को 142 रन से रौंदकर 3-0 से सूपड़ा साफ किया। भारती टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले अपनी तैयारियों का पुख्ता नजारा पेश किया। सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने करियर का सातवां शतक जड़ा। भारत के 357 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 34.2 ओवर में 214 रन पर ढेर हो गई। अक्षर पटेल, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और हार्दिक पंड्या ने दो-दो विकेट लेकर धारदार गेंदबाजी की।

इंग्लैंड की ओर से आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे गस एटकिंसन और टॉम बैनटन दोनों ने 38-38 रन बनाए। इन दोनों के अलावा सलामी बल्लेबाज बेन डकेट (34) ही 30 रन के आंकड़े को पार कर पाए। भारत ने इससे पहले गिल की 104 गेंद में तीन छक्कों और 14 चौकों से 112 रन की पारी के अलावा विराट कोहली (52) के साथ दूसरे विकेट की उनकी 116 और श्रेयस अय्यर (78) के साथ तीसरे विकेट की 104 रन की साझेदारी से 50 ओवर में सभी विकेट खोकर 356 रन बनाए। इंग्लैंड की तरफ से लेग स्पिनर आदिल राशिद सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 64 रन देकर चार विकेट चटकाए जबकि तेज गेंदबाज मार्क वुड ने 45 रन देकर दो विकेट हासिल किए।



### शुभमन के सबसे तेज 2500 रन

भारत के स्टार ओपनर शुभमन गिल ने वनडे इंटरनेशनल में सबसे तेज 2500 रन बनाने की उपलब्धि हासिल कर ली। भारत के लिए अपना 50वां वनडे मैच (50वीं पारी) खेलते हुए शुभमन गिल ने इस जादुई आंकड़े को छुआ। गिल ने साउथ अफ्रीकी दिग्गज हाशिम अमला के रिकॉर्ड को तोड़ा, जिन्होंने अपनी 51वीं वनडे पारी में 2500 रनों का आंकड़ा पार किया था।

### गिल का 95 गेंदों में शतक

गिल ने 95 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया. इस दौरान गिल ने 2 छक्के और 14 चौके जमाए। गिल का वनडे इंटरनेशनल में यह अपना 7वां शतक है। इसके अलावा उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 5 शतक जमाए हैं। जबकि टी20 इंटरनेशनल में भी गिल ने एक शतक लगाया है। इस तरह यह स्टार ओपनर तीनों फॉर्मेट में शतक जमा चुका है। गिल इस तीसरे मैच में 102 गेंदों पर 112 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने अपनी इस पारी में कुल 3 छक्के और 14 चौके जमाए। उनका स्ट्राइक रेट भी 109.80 का रहा।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित का सॉल्ट बो वुड | 01 | 02 | 0 | 0 |
| शुभमन गिल बो राशिद | 112 | 102 | 14 | 3 |
| कोहली का सॉल्ट बो राशिद | 52 | 55 | 7 | 1 |
| अय्यर का सॉल्ट बो राशिद | 78 | 64 | 8 | 2 |
| राहुल पगबधा बो महमूद | 40 | 29 | 3 | 1 |
| हार्दिक पंड्या बो राशिद | 17 | 09 | 0 | 2 |
| अक्षर का बैनटन बो रूट | 13 | 12 | 2 | 0 |
| वाशिंगटन का ब्रूक बो वुड | 14 | 14 | 1 | 0 |
| राणा का बटलर बो एटकिंसन | 13 | 10 | 1 | 1 |
| अर्शदीप सिंह रन आउट | 02 | 02 | 0 | 0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 13, कुल : 50 ओवर में 356/10
गेंदबाजी : महमूद 10-0-68-1, वुड 9-1-45-2, एटकिंसन 8-0-74-1, रूट 5-0-47-1, राशिद 10-0-64-4, लिविंगस्टोन 8-0-57-0.

| इंग्लैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सॉल्ट का अक्षर बो अर्शदीप | 23 | 21 | 4 | 0 |
| डकेट का रोहित बो अर्शदीप | 34 | 22 | 8 | 0 |
| बैनटन का राहुल बो कुलदीप | 38 | 41 | 4 | 2 |
| जो रूट बो अक्षर | 24 | 29 | 2 | 0 |
| हैरी ब्रूक बो हर्षित | 19 | 26 | 1 | 1 |
| जोस बटलर बो हर्षित | 06 | 09 | 0 | 0 |
| लियाम स्टं राहुल बो वाशिंगटन | 09 | 23 | 1 | 0 |
| गस एटकिंसन बो अक्षर | 38 | 19 | 6 | 1 |
| आदिल राशिद बो पंड्या | 00 | 05 | 0 | 0 |
| वुड का अय्यर बो पंड्या | 09 | 07 | 2 | 0 |
| साकिब महमूद नाबाद | 02 | 04 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 12, कुल : 34.2 ओवर में 214/10
गेंदबाजी : अर्शदीप 5-0-33-2, राणा 5-1-31-2, वाशिंगटन 5-0-43-1, अक्षर 6.2-1-22-2, पंड्या 5-0-38-2, कुलदीप 8-0-38-1.

# भारत ने मकाऊ को 5-0 से हराया आज कोरिया से होगा मुकाबला

एजेंसी ▶▶| किंगदाओ

भारत ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में ग्रुप डी के शुरुआती मुकाबले में बुधवार को मकाऊ को 5-0 से हरा दिया। पिछले सत्र में दुबई में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम अब क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। दूसरे और आखिरी ग्रुप मैच में गुरुवार को उसका सामना कोरिया से होगा।



मिश्रित युगल टीम सतीश कुमार करुणाकरण और राष्ट्रीय खेल स्वर्ण पदक विजेता आद्या वरियाथ ने लोक चोंग लियोंग और वेंग चि एंग के खिलाफ पहला मैच 21-10, 21-9 से जीता। पुरुष एकल में 2021 विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन ने पांग फोंग पुइ को 21-16, 21-12 से हराया। मालविका बंसोड़ ने महिला एकल में हाओ वाइ वान के खिलाफ 21-15, 21-9 से जीत दर्ज की। चिराग शेट्टी और एम आर अर्जुन ने पुरुष युगल मुकाबले में चिन पोन पुइ और कोक वेन वोंग को 21-15, 21-19 से हराया। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने एंग वेंग चि और पुइ चि वा को 21-10, 21-5 से मात दी।

### 38वां राष्ट्रीय खेल

# भाला फेंक में सचिन और ऊंची कूद में पूजा ने बनाया रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| देहरादून

उत्तर प्रदेश के भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव, हरियाणा की 18 साल की ऊंची कूद खिलाड़ी पूजा सिंह और हिमाचल प्रदेश के लंबी दूरी के धावक सावन बेरवाल ने बुधवार को यहां एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंतिम दिन राष्ट्रीय खेलों के नए रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीते।

25 साल के यादव ने अपने पांचवें और अंतिम प्रयास में भाले को 84.39 मीटर की दूरी तक फेंककर स्वर्ण पदक जीता। यादव ने 2015 में बनाए राजिंदर सिंह के 82.23 मीटर के राष्ट्रीय खेलों के पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया। हरियाणा के फतेहाबाद जिले के एक राजमिस्त्री की बेटी पूजा ने 1.84 मीटर के प्रयास से 2023 सत्र में जीते महिलाओं की ऊंची कूद के स्वर्ण पदक को बरकरार रखा। उन्होंने 2022 में पश्चिम बंगाल की स्वप्ना बर्मन के 1.83 मीटर के राष्ट्रीय खेलों के पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया।


**पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर**
सामग्री प्रबंधन विभाग
( भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'-निविदा सूचना, संख्या ईपीएस/59/2025 )

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते है। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए website https://ireps.gov.in" पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

| S.No | Tender No. | Short Description | Tendered Qty. |
|---|---|---|---|
| 1. | 61241202 | ब्रश पेंट और वार्निश फ्लैट आकार 50 मिमी रबर सेट | 11217 संख्या |
| 2. | 8123WCR TP-65 | 12 टर्न-आउट स्लीपरों में से 1 के निर्माण और आपूर्ति के लिए दर अनुबंध | 663 सेट |
| 3. | 20255001 | 3-चरण कर्षण मोटर में उपयोग किए जाने वाले रोलर बीयरिंग का सेट | 100 सेट |
| 4. | 20251850 | इलेक्ट्रिक इंजनों के लिए उच्च पहुंच वाला पेंटोग्राफ | 13 संख्या |
| 5. | 38241756 | बॉक्सएनएचएल वैगन के लिए पालना/अंत कोण | 11311 संख्या |
| 6. | 30241454 | डेंसिफाइड थर्मल बॉन्डेड पॉलिएस्टर ब्लॉक का पूरा सेट। | 130 सेट |
| 7. | 34243073 | डेंसिफाइड थर्मल बॉन्डेड पॉलिएस्टर ब्लॉक का पूरा सेट। | 43741 लीटर |
| 8. | 40245037 | डिजाइन, विनिर्माण एवं आपूर्ति। | 24 संख्या |
| 9. | 38241503 | BOXNHL वैगन के लिए साइड मिडिल कोपिंग (द्वार)। | 8284 संख्या |
| 10. | 38242622 | योक पिन सपोर्ट प्लेट के लिए प्लेट लाइनर पहनें। | 19935 संख्या |

50 लाख रुपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए, इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है।
उपरोक्त निविदाओं की Due Date क्रम संख्या-1 की Due Date-03.03.2025, क्रम संख्या-2 की Due Date-04.03.2025, क्रम संख्या-3 की Due Date-05.03.2025, क्रम संख्या-4 और 5 की Due Date-06.03.2025, एवं क्रम संख्या-6 से 10 तक की Due Date-10.03.2025 है।
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे/जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

**पश्चिम मध्य रेल**
खुली निविदा-विद्युत शाखा

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी ठेकेदार से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई- टेंडर आमंत्रित किया जाता है। निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन प्रस्ताव ही स्वीकार किए जाएंगे। इस ठेका के विरूद्ध मैनुअल ऑफर की अनुमति नहीं है और ऐसा प्राप्त मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जाएगा। **निविदा सूचना क्रमांक**-जबल/ एल/ टी.न./ 57/ 2024, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**-अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत (MYR-3 और KMZ-6) पर 9 एस्केलेटर का प्रावधान, सिविल इंजीनियरिंग कार्य सहित। वारंटी अवधि के बाद 05 वर्ष की एएमसी सहित (इलेक्ट्रिकल एवं सिविल कार्य हेतु कम्पोजिट निविदा) **निविदा का अनुमानित मूल्य-रूपए** 11,21,48,504.11, **निविदा फार्म की कीमत रुपए**-Nil, **कार्यालय का पता**-वरि. मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य/ जबलपुर द्वितीय फ्लोर, डीआरएम बिल्डिंग जबलपुर 482001, **बयाना राशि रुपए**-7,10,800.00, **समापन अवधि**-01 वर्ष, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय ( 15.00 बजे तक )**-04/03/2025, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय ( 15.30 बजे तक )**-04/03/2025, निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे वेब साइट http://ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) कार्यालय जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।
मंडल रेल प्रबंधक ( विद्युत ) जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
विभिन्न अभियांत्रिकी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:
**1.निविदा क्र.:**एन-45-एनजीपी-2024-2025 **कार्य का नाम:** ADEN/CWA के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत (1) सुरंग TI BDKD-BMC एवं (2) सुरंग T2 BDKD-BMC दोंनो के अंदर रिसाव को नियंत्रित करना। **अनु. निविदा मूल्य:** ₹ 14,32,35,681/- **बिड सेक्युरिटी:** ₹ 8,66,200/-
**2.निविदा क्र.:**एन-46-एनजीपी-2024-2025 **कार्य का नाम:** (1) ADEN/NIR के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ORN-3 और उससे ऊपर के पुलों की उपसंरचना की प्रमुख मरम्मत और संरक्षण कार्य। (2) ADEN/NIR के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत G-BTC के बीच ब्रिज नंबर 4, 25, 29, 31, 32 व 36, NIR-JBP के बीच ब्रिज नंबर 341, 278, 279 एवं NIR-MFR और के बीच ब्रिज नंबर 7, 22, 29, 31, 32, 36 और ब्रिज नंबर 12 BTC-KGE की रिटेनिंग दीवार के विंग वॉल एबटमेंट और फर्श में दरारों की मरम्मत करके विभिन्न पुलों का सुधार। **अनु. निविदा मूल्य:** ₹ 5,08,96,011/- **बिड सेक्युरिटी:** ₹ 4,04,500/-
**3.निविदा क्र.:**एन-47-एनजीपी-2024-2025 **कार्य का नाम:** ADEN/CWA के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ORN 3 और 4 (ब्रिज नंबर 262, 264, 280 आदि) के पुलों के लिए बियरिंग गर्डरों की मरम्मत, जल निकासी प्रणाली में सुधार व अन्य क्षति सुधार का कार्य। **अनु. निविदा मूल्य:** ₹ 4,08,07,504/- **बिड सेक्युरिटी:** ₹ 3,54,000/-
**4 निविदा क्र.:**एन-48-एनजीपी-2024-2025 **कार्य का नाम:** (1) ADEN/CWA के अधीन आरपीएफ पोस्ट, सौसर का निर्माण। (2) ADEN/CWA के अधीन आरपीएफ पोस्ट, सावनेर का निर्माण। (3) ADEN/CWA के अधीन आरपीएफ पोस्ट, छिंदवाड़ा का निर्माण। (4) ADEN/CWA के अधीन आरपीएफ पोस्ट, सिवनी का निर्माण। (5) ADEN/CWA के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत अतिक्रमण को रोकने के लिए प्रमुख शहरों के मार्गों पर चारदीवारी का निर्माण। **अनु. निविदा मूल्य:** ₹ 4,46,85,913/- **बिड सेक्युरिटी:** ₹ 3,73,400/-
**5.निविदा क्र.:** सी-41-एनजीपी-2024-2025 **कार्य का नाम:** (1) एसएसई/वर्क्स/इतवारी के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत निकटवर्ती पिट लाइन ।TR स्टेशन के लिए ओपन लाइन पर दो कमरे तथा ।TR स्टेशन पर गैराज में आपदा प्रबंधन रोलिंग स्टॉक रखरखाव सुविधाओं का उन्नयन / सुधार। (2) DKU (डुमरी खुर्द) साइडिंग में C&W स्टाफ के लिए 02 कमरों का प्रावधान। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 50,32,286/- **बिड सेक्युरिटी:** ₹ 1,00,700/-
बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां दि. **04.03.2025** के **15:00** बजे तक जमा कर सकते है। मैन्युअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है व सभी मैन्युअल ऑफर्स को अस्वीकार कर दिया जाएगा। अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
मंडल अभियंता (उत्तर), द.पू.म. रेलवे, नागपुर
ML/32-214
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**खंड- क ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
मध्य प्रदेश शासन कार्यालय वनमण्डलाधिकारी दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल मध्यप्रदेश
ई - निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 463 / ई-टेंडरिंग / 2024-25 दिनांक 10 /02 /2025
वनमण्डलाधिकारी दक्षिण सिवनी (सा.) वनमंडल द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 ( यथा संशोधित 2022 ) के अन्तर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | सामग्री का विवरण | सत्याकार निधि | दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | Building Construction Material | | |
| 1.01 | वॉस वेसिन (प्रति नग ) छोटा 40x45 cm | | |
| 1.02 | वॉस वेसिन (प्रति नग ) बड़ा 60x45 cm | | |
| 1.03 | टायलेट शीट (सामान्य 20 इंच ) भारतीय शैली | | |
| 1.04 | टायलेट शीट ( between 28-30" deep, roughly 20" wide, between 27-32" high, and have a rough-in between 10–14") पाश्चात्य शैली | | |
| 1.05 | डिस्टेंपर व्हाईट | 50000/- | 2500/- |
| 1.06 | डिस्टेंपर लाईट ग्रीन | | |
| 1.07 | एक्सटिरियर पेंट अपैक्स (लाल / हरा) | | |
| 1.08 | आईल पेंट | | |
| 1.09 | बिरला व्हाईट पुट्टी 20 कि.ग्रा. बैग | | |
| 1.10 | व्हाईट सीमेंट बिरला 20 कि.ग्रा. बैग | | |
| 1.11 | इमलशन व्हाईट | | |
| 1.12 | तार 1mm (प्रति बंडल) | | |
| 1.13 | तार 1.5 mm (प्रति बंडल ) | | |
| 1.14 | तार 2.5 mm (प्रति बंडल) | | |
| 1.15 | फिटिंग पाईप आधा इंच 20 फीट (प्रति नग ) | | |
| 1.16 | बोर्ड 2 Modular | | |
| 1.17 | बोर्ड 3 Modular | | |
| 1.18 | बोर्ड 4 Modular | | |
| 1.19 | बोर्ड 6 Modular | | |
| 1.20 | बोर्ड 12 Modular | | |
| 1.21 | बोर्ड 14 Modular | | |
| 1.22 | बोर्ड 18 Modular | | |
| 1.23 | स्विच प्रति नग | | |
| 1.24 | 2 पिन साकिट | | |
| 1.25 | 3 पिन साकिट | | |
| 1.26 | पावर प्लग 3 पिन | | |
| 1.27 | पंखा 3 ब्लेड | | |
| 1.28 | सिंक (स्टील) छोटा 40x45 cm | | |
| 1.29 | सिंक (स्टील) बड़ा 60x45 cm | | |
| 1.30 | टाटा स्टील प्रोफाईल शीट 4x10 feet 25 गेज (0.5mm) | | |
| 1.31 | टाटा स्टील प्रोफाईल शीट 4x12 feet 25 गेज (0.5 mm) | | |
| 1.32 | टाटा स्टील प्रोफाईल षीट 4x12 feet 25 गेज (0.5mm) | | |
| 1.33 | टाटा स्टील प्रोफाईल षीट 4x14 feet 25 गेज (0.5mm) | | |
| 1.34 | कंडोल पाईप ( ट्रसेस) प्रति कि.ग्रा. | | |
| 1.35 | लोहे की ग्रिल प्रति कि.ग्रा. | | |
| 1.36 | लोहे का रोशन दान 0.60x0.45) मीटर (प्रति कि. ग्रा.) | | |
| 1.37 | एल्युमिनियम सेक्शन जाली सहित ( स्लाइडिंग बिंडो ) प्रति वर्ग फुट डबल लेयर | | |
| 1.38 | एल्युमिनियम सेक्शन जाली सहित ( स्लाइडिंग बिंडो) प्रति वर्ग फुट ट्रिपल लेयर | | |
| 1.39 | पाईप एक इंच सी. पी.व्ही.सी., G1 20 फीट (प्रति नग ) | | |
| 1.40 | पाईप दो इंच सी. पी.व्ही.सी. G1 20 फीट (प्रति नग ) | | |
| 1.41 | पाईप तीन इंच सी. पी.व्ही.सी. G1 20 फीट (प्रति नग ) | | |
| 1.42 | प्लास्टिक पानी टंकी फोर लेयर 2000 लीटर (प्रति नग ) ISI | | |
| 1.43 | प्लास्टिक पानी टंकी फोर लेयर 1000 लीटर (प्रति नग ) ISI | | |
| 1.44 | प्लास्टिक पानी टंकी फोर लेयर 500 लीटर (प्रति नग ) IS | | |
| 1.45 | पीवीसी एचडी पाईप 0.5 इंच ( ISI मार्क) | | |
| 1.46 | पीवीसी एचडी पाईप 1 इंच (ISI मार्क) | | |
| 1.47 | पीवीसी एचडी पाईप 1.5 इंच (ISI मार्क) | | |
| 1.48 | पीवीसी एचडी पाईप 4 इंच (ISI मार्क) | | |
| 1.49 | पीवीसी एचडी बाल्व 0.5 इंच ( ISI मार्क) | | |
| 1.50 | पीवीसी एचडी बाल्व 1 इंच ( ISI मार्क) | | |
| 1.51 | पीवीसी एचडी बाल्व 1.5 इंच (ISI मार्क) | | |
| 1.52 | पीवीसी सोकेट 4 इंच (ISI मार्क) | | |
| 1.53 | पीवीसी एचडी ऐल्वो 0.5 इंच (ISI मार्क) | | |
| 1.54 | पीवीसी एचडी ऐल्वो 1 इंच (ISI मार्क) | | |
| 1.55 | पीवीसी एचडी ऐल्वो 1.5 इंच (ISI मार्क) | | |
| 1.56 | पीवीसी एचडी ऐल्वो 4 इंच (ISI मार्क) | | |
| 1.57 | जी. आई पाईप 0.5 इंच (ISI मार्क) | | |
| 1.58 | जी. आई पाईप 1 इंच (ISI मार्क) | | |
| 1.59 | ब्रास बाल्व 0.5 इंच (ISI मार्क) | | |
| 1.60 | ब्रास बाल्व 1 इंच (ISI मार्क) | | |
| 1.61 | जी. आई. एल्वों 0.5 इंच (ISI मार्क) | | |
| 1.62 | जी. आई. एल्वों 1 इंच (ISI मार्क) | | |
| 1.63 | जीं. आइ. सोकेट 0.5 इंच ( ISI मार्क) | | |
| 1.64 | जीं. आइ. सोकेट 1 इंच ( ISI मार्क) | | |
| 1.65 | प्लास्टिक टोंटी 0.5 इंच (ISI मार्क) | | |
| 1.66 | स्टील टोंटी 0.5 इंच (ISI मार्क) | | |
| 1.67 | लॉग नोज टेप 0.5 इंच ( ISI मार्क) | | |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं । 2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट / कैश कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 11/02 /25 समय 10 :30 बजे से दिनांक 28/02/25 समय 06 :00 बजे तक तक केवल ऑनलाइन खरीद सकते हैं। 3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लिखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी। 4. निविदा पूर्व बैठक दिनांक 18/02/ 25 समय 01:00 बजे को दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल कार्यालय में आयोजित की जाएगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि स्वयं या वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग ले सकते हैं । निविदा पूर्व बैठक में केवल वे ही भाग लेने के हकदार होगें जिन्होंने ई-टेंडर फॉर्म खरीदे हैं । ई - निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं । 5. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल : https://www-mptenders-gov-in/
G-22942/24 वनमण्डलाधिकारी दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल) दक्षिण

## बिजली खरीदी व सप्लाय में दो प्रक्रियाओं से वसूली पर आपत्ति

# नियामक आयोग के नो कमेंट से मामला हाईकोर्ट पहुंचा

हरिभूमि जबलपुर।

बिजली खरीदी तथा सप्लाय के एक ही बिन्दु पर दो प्रक्रियाओं से दो बार उपभोक्ताओं से वसूली का मुद्दा नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ.पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने उनके द्वारा पूर्व में प्रस्तुत फ्यूल सरचार्ज के सिलसिले में दायर याचिका में संशोधन हेतु हाईकोर्ट में प्रस्तुत किया है।



याचिकाकर्ताओं ने बताया कि बिजली कंपनियों द्वारा बिजली रेट बढ़ाने हेतु प्रस्तुत याचिका में वार्षिक राजस्व आवश्यकता रिपोर्ट (एआरआर) में रेट निर्धारण हेतु बिजली खरीदी तथा बिजली सप्लाय की लागत बताई गई है। यही बिन्दु फ्यूल सरचार्ज के निर्धारण में भी शामिल किया गया है। अतः एक ही बिन्दु पर दो प्रक्रियाओं से दो बार वसूली करना कानूनी गलत हे। जब तक इस कानूनी मुद्दे का निराकरण नहीं किया जाता है, तब तक आयोग को वर्ष 2025-2026 बिजली दर निर्धारण पर रोक लगाना चाहिए। यह आपत्ति डॉ. पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने विद्युत नियामक आयोग को भेजी थी। लेकिन विद्युत नियामक आयोग ने इस आपत्ति पर केवल ''नो कमेंट'' कहा है, तथा बिजली दर निर्धारण प्रक्रिया जारी रखी है।

याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट में संशोधन आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि यदि आपत्ति पर अनावेदक ''नो कमेंट'' कहता है तो यह माना जाना चाहिए की याचिकाकर्ताओं की आपत्ति सही है। याचिकाकर्ताओं की आरे से एड. दिनेश उपाध्याय पैरवी कर रहे है।

## अतिथि विद्वानों को राहत, पीएससी अतिरिक्त शुल्क

# हाई कोर्ट ने मप्र लोकसेवा आयोग को दिए निर्देश

**जबलपुर।** मप्र हाई कोर्ट के जस्टिस द्वारिकाधीश बंसल की सिंगल बेंच ने मध्य प्रदेश लोकसेवा आयोग को निर्देश दिए हैं कि अतिथि विद्वानों को असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती-2022 के लिए आयोजित होने वाले साक्षात्कार में शामिल करें। कोर्ट ने साफ किया कि चूंकि दस्तावेज परीक्षण की अंतिम तिथि निकल चुकी है, इसलिए एमपी पीएससी याचिकाकर्ताओं से अतिरिक्त शुल्क वसूलने स्वतंत्र है। याचिकाकर्ता सतना निवासी डा. दीपा सिंह व रीवा निवासी डा. तरन्नुम खान की ओर से दलील दी गई कि याचिकाकर्ताओं ने असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर नियुक्ति के लिए 2022 में लिखित परीक्षा दी थी। उत्तीर्ण होने के बाद उनके नाम चयन सूची में भी आ गए थे। असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा का परिणाम आठ अक्टूबर, 2024 को आया। याचिकाकर्ता अतिथि विद्धान हैं और उन पर बहुत सारी जिम्मेदारियां हैं। इस वजह से उन्हें परिणाम की समय पर जानकारी नहीं मिली। लिहाजा, वे दस्तावेज परीक्षण के लिए निर्धारित तिथि पर उपस्थित नहीं हो सके। दूसरी ओर पीएससी की ओर से दलील दी गई कि दस्तावेज परीक्षण की अंतिम तिथि और विलंब शुल्क के साथ वाली तिथि भी निकल चुकी है, इसलिए अब अनुमति नहीं दी जा सकती। हाई कोर्ट ने कहा कि साक्षात्कार 27 फरवरी को होना है, इसलिए याचिकाकर्ताओं के दस्तावेज परीक्षण कराकर उन्हें शामिल किया जाए।

## कोयला अनलोडिंग करने का कीर्तिमान रचा

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड की श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया (खंडवा) में कोल रैक से कोयला अनलोडिंग करने का नया कीर्तिमान रचा गया। कोयले की सतत उपलब्धता के लिए समय से रैक खाली किए जाने का महत्वपूर्ण योगदान होता है। श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह में कोल हस्तांतरण विभाग (सीएचपी) 1 व 2 द्वारा 9 दिसंबर 2024 से 11 फरवरी 2025 की अवधि में कुल 531 कोल रैक को रेलवे की निर्धारित अवधि में अनलोड किया गया। यह तीन माह की अवधि में अभी तक का अधिकतम कोल रैक बिना डेमरेज चार्ज के खाली करने का रिकार्ड है। इससे पूर्व श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह में वर्ष 2023 में 22 जनवरी 2023 से 4 अप्रैल 2023 की अवधि में कुल 505 कोल उल्लेखनीय है कि रेलवे द्वारा श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना हेतु पांच घंटे प्रति रैक का समय निर्धारित है। निर्धारित समय से ज्यादा समय लगने पर रेलवे द्वारा 9 हजार रूपए प्रति घंटे के हिसाब से विलंब शुल्क (डेमरेज चार्ज) अधिरोपित किया जाता है।

▸ सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के आदेश पर लगाई मुहर

# पुलिस आरक्षक भर्ती के लिए रोजगार कार्यालय का जीवंत पंजीकरण आवश्यक नहीं

## राज्य शासन की विशेष अनुमति याचिका निरस्त कर दी

**जबलपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के उस आदेश को उचित निरूपित किया, जिसके जरिए व्यवस्था दी गई थी कि पुलिस आरक्षक भर्ती के लिए रोजगार कार्यालय का जीवंत पंजीकरण आवश्यक नहीं है। हाई कोर्ट के आदेश के विरुद्ध मप्र शासन ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य शासन की विशेष अनुमति याचिका निरस्त कर दी।

मामले की सुनवाई के दौरान आरक्षक पद पर चयनित उम्मीदवारों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नरिंदरपाल सिंह रूपराह ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ताओं का आवेदन के समय रोजगार कार्यालय का लाइव पंजीकरण कार्ड नहीं होने के कारण उनकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी गई थी। हाई कोर्ट ने उनके हक में आदेश पारित करते हुए कहा था कि पुलिस आरक्षक पद के लिए उम्मीदवार की पात्रता, योग्यता या फिटनेस तय करने में रोजगार कार्यालय का लाइव पंजीकरण कार्ड होना अनिवार्य शर्त नहीं है सार्वजनिक रोजगार के लिए विचार किया जाना संविधान के अनुच्छेद-16 के अंतर्गत मौलिक अधिकार है और इसे अनावश्यक शर्तें लगाकर सीमित नहीं किया जा सकता। लिहाजा, आवेदकों को नौकरी दी जाए। इस आदेश के विरुद्ध मप्र शासन ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर कर दी थी। लेकिन उसे निराशा हाथ लगी।



## दिन की ठंड पूरी तरह गायब

# धीरे-धीरे परवान चढ़ रहा तापमान



**जबलपुर।** पश्चिमी विक्षोभ के कारण आसमान पर बादलों की हल्की परत आ गई है जिससे मौसम को बढ़ने का मौका मिला रहा है। दिन में ठण्ड गायब हो गई है, शाम के बाद जरूर ठण्डक का मौसम बन जाता है। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिम विक्षोप प्रभावी हो जाने के कारण तापमान में उछाल आई है। दिन का तापमान औसत से ऊपर चला जाता है जिससे ठण्ड गायब हो गई है। बुधवार को दिन में गर्मी का वातावरण बना रहा।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक उत्तर भारत में बर्फबारी के बाद पश्चिमी विक्षोप एक बार सक्रिय हो गया है। जिससे आसमान में हल्के बादल छा रहे हैं बादलों की बसाहट से मौसम में तबदीली आई है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकत्तम तापमान 30.8 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 4 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 12.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातः काल 67 प्रतिशत और सायं काल 35 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 6.43 मिनिट पर और सूर्यास्त शाम 6.05 मिनिट पर हुआ। उत्तरी पूर्वी हवायें 5 से 6 किलोमीटर की रफ्तार से चली। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 28.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 15.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहेगा।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240